राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 63
लखनऊ, शनिवार 19 अक्टूबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





यूपी : साढ़े सात साल में 80 हजार से ज्यादा अपराधियों को मिली सजा 03

उत्तराखंड में जल्द लागू होगा यूसीसी : पुष्कर सिंह धामी 12


## संक्षिप्त समाचार

### अवैध खनन में सीबीआई ने चार जिलों में की छापेमारी

**नई दिल्ली।** अवैध खनन मामले में चल रही एक जांच के क्रम में केंद्रीय जांच ब्यूरो ( सीबीआई ) ने राजस्थान के चार जिलों में छापेमारी की है। यह छापेमारी जयपुर, टोंक, अजमेर और भीलवाड़ा में संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान के लिए 10 स्थानों पर की गई। सीबीआई ने संदिग्ध व्यक्तियों के आवासीय और आधिकारिक परिसरों में तलाशी ली, जिससे आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए। सीबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सीबीआई की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि राजस्थान उच्च न्यायालय (जयपुर पीठ) के 16 अप्रैल 24 के आदेश के अनुसरण में यह कार्रवाई की गई है। राजस्थान में रेत के अवैध खनन के आरोपों पर 26 अप्रैल 2024 को एक मामला फिर से दर्ज किया था। इसके साथ ही सीबीआई ने थाना सदर, जिला बूंदी (राजस्थान) में पहले से दर्ज मामले की जांच अपने हाथ में ले ली थी।

### प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ चुनाव याचिका खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी लोकसभा चुनाव के खिलाफ विजय नंदन की तरफ से दाखिल चुनाव याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने चुनाव याचिका 45 दिन की मियाद सीमा की समाप्ति के बाद दाखिल करने के कारण काल बाधित करार देते हुए सुनवाई करने से इंकार कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह ने दिया है। चुनाव याचिका तीन सितम्बर को पेश की गई थी। निर्धारित अवधि से 19 दिन देरी से दाखिल की गई। जनप्रतिनिधित्व कानून में याचिका दाखिल करने में हुई देरी की माफी की कोई व्यवस्था नहीं है। चुनाव याचिका समय सीमा 45 दिन के भीतर दाखिल करने पर ही सुने जाने की व्यवस्था है।

### पुंछ के सुरनकोट इलाके में चार ग्रेनेड के साथ एक गिरफ्तार

**श्रीनगर।** पुलिस ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सुरनकोट के दुंदक इलाके में ग्रेनेड के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और सेना की संयुक्त टीम ने एक व्यक्ति को संदिग्ध रूप से घूमते हुए देखा जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान गिरफ्तार व्यक्ति के पास से चार ग्रेनेड बरामद किए गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

### बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में पांच और आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को रायगढ़ जिले से 5 और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में कुल 9 आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। इस मामले में तीन वांछित आरोपितों के खिलाफ पुलिस ने लुकआउट सर्कुलर जारी किया है। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर मुंबई पुलिस टीम ने पड़ोसी रायगढ़ जिले के पनवेल और कर्जत में अलग-अलग जगहों पर आज सुबह छापे मारे गए। इसके बाद इन 5 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोग लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के भी संपर्क में थे। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में नितिन सप्रे, रामफुल चंद कनौजिया, संभाजी किशोर पारधी, प्रदीप दत्तू थोम्ब्रे और चेतन पारधी हैं।

### मुख्यमंत्री योगी ने महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश को एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने पर की चर्चा, कहा

# यूपी की अर्थव्यवस्था सर्वश्रेष्ठ स्थिति में

**हर विभाग को कैपेसिटी बिल्डिंग की जरूरत, बड़े सुधारों के लिए रहें तैयार : मुख्यमंत्री**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश को एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के संकल्प की पूर्ति की दिशा में जारी प्रयासों, अब तक के परिणामों और भावी नीति पर विमर्श किया। बैठक में विभिन्न मंत्रियों, शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों, सलाहकारों, विशेषज्ञों की उपस्थिति रही।

बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी 10 सेक्टरों में जारी कार्यों की समीक्षा की। कंसल्टिंग एजेंसी डेलॉयट इंडिया ने विस्तार से प्रदेश के आर्थिक परिवेश की वर्तमान स्थिति और संभावित भावी परिणाम, उद्योग जगत की अपेक्षाओं आदि के संबंध में सेक्टरवार विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विगत 07 वर्षों के नियोजित प्रयासों से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था आज सार्वकालिक सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है। 2021-22 में प्रदेश की कुल जीडीपी 16.45 लाख करोड़ थी जो आज 2023-24 में 25.48 लाख करोड़ से अधिक हो गई है। इस वर्ष हमारा जीएसडीपी लक्ष्य 32 लाख करोड़ का है। सभी के सहयोग से यह लक्ष्य भी पूरा होगा। इन 07 वर्षों में जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक हुई है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आंकड़ों का संग्रहण शुद्धता के साथ होना आवश्यक है। इसके लिए सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय से संवाद-समन्वय बनाएं। उनके अनुभवों का लाभ लें। सही आकलन के लिए विभागवार सांख्यकीय अधिकारियों के लिए कार्यशाला/प्रशिक्षण का आयोजन करें।



### यूपी में 2250 घरेलू बायो गैस संयंत्रों की स्थापना को मिली मंजूरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ अरुण कुमार सक्सेना की उपस्थिति में शुक्रवार को पर्यावरण निदेशालय में 2250 घरेलू बायो गैस संयंत्रों की स्थापना हेतु सिस्टेमा बायो संस्था को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। संयंत्रों के इस्तेमाल से खाना पकाने के लिए बायो गैस के साथ साथ कृषि के लिए उपयोगी जैविक खाद भी मिल सकेगी। वन मंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत प्रत्येक बायो गैस संयंत्र की कुल लागत रू0 39300 है, जिसमें से लाभार्थी किसान को केवल रू0 3990 का मामूली अंशदान करना होगा। बाकी लागत का प्रबंध केंद्र सरकार की केंद्रीय वित्तीय सहायता और कार्बन क्रेडिट से किया जाएगा। इस योजना का एक अनूठा पहलू यह है किसिस्टेमा बायो संस्था द्वारा संयंत्र से उत्पन्न कार्बन क्रेडिट का विक्रय कर रू0 20960 की धनराशि की व्यवस्था की जाएगी, जिससे किसान पर आर्थिक भार कम रहेगा। यह कार्बन फाइनेंसिंग मॉडल इस परियोजना को न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी बनाता है, बल्कि किसानों के लिए सस्ती और टिकाऊ भी। डा0 सक्सेना ने कहा कि इसके अलावा, सिस्टेमा बायोसंस्था संयंत्र की स्थापना के साथ अगले 10 वर्षों तक किसानों को सेवा सहायता प्रदान करेगी, ताकि संयंत्रों का सुचारू संचालन और रखरखाव सुनिश्चित किया जा सके।

### विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा उत्तर प्रदेश : योगी

उत्तर प्रदेश आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है। उन्होंने कहा कि सेक्टरवार विकास के हमारे प्रयासों के आशातीत परिणाम मिल रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अलग-अलग सेक्टरों के लिए सकल मूल्य वर्धन का जो लक्ष्य रखा गया, उसके सापेक्ष अधिक वृद्धि देखी गई है। कृषि और सहायक सेक्टर के लिए अनुमानित जीवीए 5.85 लाख करोड़ के सापेक्ष 5.98 लाख करोड़, विनिर्माण के 2.48 लाख करोड़ के सापेक्ष 2.79 लाख करोड़, ट्रांसपोर्ट, स्टोरेज और कम्युनिकेशन के अनुमानित जीवीए के सापेक्ष 129 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। स्पष्ट है व्यापार, होटल, परिवहन और प्रसारण से संबंधित संचार सेवाओं की वृद्धि दर में तेजी आई है। ऐसे ही हाल अन्य सेक्टरों में भी है। ओवरऑल 2023-24 में राज्य के लिए अनुमानित जीएसवीए 23 लाख करोड़ के सापेक्ष सकल मूल्य वर्धन 23.24 लाख करोड़ रहा है।

## बहराइच हिंसा के पांचों आरोपी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

**हत्यारोपी की बेटी ने पीएम-सीएम से लगाई मदद की गुहार**

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** बहराइच की महसी तहसील की महाराजगंज हिंसा के मुख्य आरोपियों को नानपारा के हांडा बसेहरी नहर के पास पुलिस मुठभेड़ में मोहम्मद तालीम उर्फ शब्बू और सरफ़राज उर्फ रिंकू के पुलिस मुठभेड़ में घायल होने के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। तीन अन्य आरोपियों अब्दुल हमीद, फहीम और मोहम्मद अफजल को भी गिरफ्तार कर लिया गया था।

शुक्रवार को सीजेएम आवास पर आरोपियों की पेशी होने के बाद पांचों आरोपियों को आरआरएफपीएसी और पुलिस की कड़ी सुरक्षा मे 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इसके पहले हत्यारोपी मोहम्मद सरफराज और मोहम्मद तालिब को पुलिस ने एनकाउंटर के बाद बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि हत्यारोपियों के मंसूबे खतरनाक थे। तभी तो उन्होंने हत्या में प्रयुक्त बंदूक को लोड कर छिपाया था। उसके साथ एक अन्य अवैध असलहा भी रखा था ताकि जरूरत पड़ने पर वह फ़िर से दहशत फैला सकें। पुलिस के अनुसार महराजगंज में रविवार को जो हुआ वह सुनियोजित था। मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद की छत पर पत्थर व ईंटें रखी थीं। कांच की बोतल भी मिली थीं। हत्या में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी के दौरान मुठभेड़ के बाद हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में चौकसी बढ़ा दी गई। डीएम मोनिका रानी व एसपी वृंदा शुक्ला ने शहर में गश्त किया।

नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई। हत्यारोपी अब्दुल हमीद की बेटी रुखसार उर्फ सालिया का प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री से सुरक्षा की अपील करने हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें उसने आरोप लगाया कि बीते मंगलवार को एसटीएफ व पुलिस उसके घर केवानागंज पहुंची थी।

उसके पति ओसामा व देवर शाहिद को साथ ले गई तबसे दोनों को पता नहीं चल रहा है। बुधवार को गांव से खबर मिली कि धर्मकांटे के पास से पिता अब्दुल हमीद, मेरे दो भाई सरफराज, फहीन व एक अन्य को गिरफ्तार किया गया है। उनका भी कुछ पता नहीं चल रहा है। डर है कि उनका एनकाउंटर न कर दिया जाए। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री से सुरक्षा की अपील करती हूं।



### हिंसा के आरोपियों के घरों पर चलेगा बुलडोजर

**बहराइच।** महराजगंज में रविवार को हुए सांप्रदायिक हिंसा के आरोपियों के मकान पर बुलडोजर की कार्रवाई हो सकती है। इसके लिए शुक्रवार को पीडब्लूडी की ओर से 23 मकानों पर नोटिस चस्पा कर दिया गया है। नोटिस का जवाब न मिलने पर बुलडोजर की कार्रवाई हो सकती है। जिले के हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज में रविवार को हुए दंगा हो गया था। जिसमें रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दंगा के बाद अब बुलडोजर की कार्रवाई की जा सकती है। इसके लिए शुक्रवार को पीडब्लूडी विभाग की ओर से 23 मकानों पर नोटिस चस्पा कर दिया गया है। इनमें अब्दुल हमीद समेत अन्य शामिल हैं। नोटिस जारी कर सभी से पूर्व में डीएम के आदेश की कॉपी मांगी गई है। जिसमें अनुमति पत्र न मिलने पर सभी के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। एसडीएम महसी अखिलेश सिंह ने बताया कि सभी को भेजे गए नोटिस का जवाब न मिलने पर बुलडोजर की कार्रवाई की सकती है।

## यूपी उप चुनाव के लिए अधिसूचना जारी, नामांकन की अंतिम तिथि 25

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा उपचुनावों के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी। आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। आयोग ने राज्य में रिक्त 10 विधानसभा सीटों में नौ पर उपचुनाव के लिए मंगलवार को तारीख की घोषणा की थी।

मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव की घोषणा नहीं की गई क्योंकि पहले सीट जीतने वाले उम्मीदवार के खिलाफउच्च न्यायालय में एक याचिका लंबित है। जिन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उनमें कटेहरी, करहल, मीरापुर, कुंदरकी, फूलपुर, सीसामऊ, गाजियाबाद, मझवां और खैर शामिल हैं। आयोग के अनुसार नामांकन दाखिल करने की शुरुआत 18 अक्टूबर से हो गयी और अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है। नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। मतदान 13 नवंबर को होगा और मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

## गठबंधन के सहयोगी दल मिलकर भाजपा को हराएंगे

**सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का नासिक एयरपोर्ट पर स्वागत**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/नासिक।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव दो दिवसीय दौरे पर महाराष्ट्र के नासिक एयरपोर्ट पहुंचे। यहां पार्टी नेता अबू आजमी ने उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। वहीं भारी संख्या में उपस्थित सपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भी सपा अध्यक्ष का स्वागत किया।



अखिलेश यादव ने यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए एक जवाब में कहा कि हरियाणा के चुनाव के बाद महाराष्ट्र, झारखंड का चुनाव होने जा रहा है। यह देश की राजनीति के लिए महत्वपूर्ण चुनाव होने जा रहे हैं। आईएनडीआईए (इंडिया) गठबंधन के जितने सहयोगी दल हैं, हम सब मिलकर भारतीय जनता पार्टी को हराएंगे। अखिलेश ने कहा कि महाराष्ट्र में हमें महासावधान रहना पड़ेगा। क्योंकि हरियाणा में जिस तरह से सियासी माहौल बना हुआ था उससे साफ था कि भाजपा की सरकार नहीं बनने वाली है। लेकिन यह सरकार आपने देखा मत पत्र से नहीं बनी, कैसे बनी किसी को नहीं पता। उन्होंने कहा कि उप्र में यह एनकाउंटर नहीं हो रहा है, यह हत्या हो रही है और यह पूरी जनता देख रही है। लगातार हो रहे एकाउंटर को लेकर एक पूर्व डीजीपी ने भी कहा कि जब इनकी जांच होगी तब एनकाउंटर करने वाले पुलिस कर्मियों के साथ कोई खड़ा नहीं होगा।

### मनी लांड्रिंग मामले में पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को नियमित जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज विशाल गोगने ने शुक्रवार को मनी लांड्रिंग मामले में दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को नियमित जमानत दे दी है। कोर्ट ने 5 अक्टूबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने कहा कि सत्येंद्र जैन लंबे समय से जेल में हैं और इस मामले में जल्द ट्रायल शुरू होने की संभावना नहीं है, ऐसे में वो जमानत के हकदार है। कोर्ट ने जैन को मामले में गवाहों से संपर्क करने, मुकदमे को प्रभावित करने और बिना कोर्ट की अनुमति के देश के बाहर जाने पर रोक लगा दी है। मनी लांड्रिंग मामले में उनकी जमानत की मांग की। यह दूसरी याचिका थी, जिस पर सत्येंद्र जैन को जमानत मिली। पहली जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। सत्येंद्र जैन को जमानत मिलने का आदेश सुनने के बाद कोर्ट में मौजूद उनकी पत्नी पूनम जैन रो पड़ीं।

## यूजीसी नेट-जेआरएफ का रिजल्ट जारी गोरखपुर विवि के सौ छात्र चयनित

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने जून-2024 की यूजीसी नेट, जेआरएफ़ एवं पीएचडी पात्रता परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। यूजीसी नेट-जेआरएफ़ पात्रता परीक्षा में विभिन्न विभागों के सौ से अधिक छात्र चयनित हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि पहली बार यूजीसी नेट पात्रता परीक्षा में जेआरएफ़, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर के लिए नेट एवं पीएचडी के लिए पात्रता तय करते हुए तीन केटेगरी में परिणाम घोषित किया गया है। गुरुवार देर शाम घोषित हुए यूजीसी नेट परीक्षा परिणाम में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, रक्षा अध्ययन,




समाजशास्त्र, अंग्रेज़ी, हिन्दी, राजनीतिशास्त्र, उर्दू, विधि विभाग, भूगोल, संस्कृत, गणित, बायोटेक्नोलॉजी, होम साइंस, प्राचीन इतिहास, संगीत एवं ललितकला, प्राणिशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, प्रौढ़ शिक्षा एवं वाणिज्य विषय के लगभग सौ छात्र-छात्राएँ नेट-जेआरएफ़ के लिए चयनित हुए हैं। इसमें दो दर्जन से अधिक विद्यार्थियों ने जूनियर रिसर्च फेलोशिप के लिए सफलता प्राप्त की है। अतिरिक्त बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने पीएचडी पात्रता के लिए भी परीक्षा उत्तीर्ण किया है।

### कुंभ : संगम नोज पर रिवर चैनलाइजेशन व ड्रेजिंग पर 20 करोड़ रुपए होंगे खर्च

**प्रयागराज।** संगमनगरी में महाकुम्भ के दौरान आस्था की डुबकी लगाने आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए योगी सरकार संगम तट पर सर्कुलेशन क्षेत्र की वृद्धि में जुट गई है। इसके लिए संगम नोज पर रिवर चैनलाइजेशन एवं ड्रेजिंग पर वित्तीय वर्ष 2024-25 में करीब 20 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके लिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ने कमर कस ली है। शासन से इसकी सैद्धांतिक सहमति भी ले ली गई है। मालूम हो कि निरंतर हो रहे कटाव के कारण संगम तट पर उपलब्ध भूमि 2019 की तुलना में 60 प्रतिशत तक कम हो गई है। इसके चलते आईआईटी गुवाहाटी के विशेषज्ञों द्वारा परामर्श के आधार पर मेला प्रशासन और सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग आवश्यक कार्यवाही को अंजाम दे रहा है।

## बेनामी लेनदेन कानून पर सुप्रीम कोर्ट ने 2022 का अपना ही फैसला लिया वापस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को वर्ष 2022 के अपने उस फैसले को वापस ले लिया, जिसमें बेनामी लेनदेन निषेध अधिनियम 1988 की धारा 3(2) को असंवैधानिक घोषित किया गया था। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पार्दीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि असंशोधित बेनामी लेनदेन अधिनियम के प्रावधानों की संवैधानिकता को मूल कार्यवाही में कभी नहीं उठाया गया या इस पर बहस नहीं की गई। शीर्ष अदालत ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनने के बाद केंद्र सरकार की समीक्षा याचिका स्वीकार कर ली।



### नियमित अदालती कार्यवाही का प्रसारण शुरू करने की तैयारी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट अब नियमित अदालती कार्यवाही का सीधा प्रसारण शुरू करने की योजना पर काम कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट की सभी बेंचों की कार्यवाही का सीधा प्रसारण करने की सुविधा के लिए एक ऐप के जरिए परीक्षण किया जा रहा है। फिलहाल, सुप्रीम कोर्ट में संवैधानिक पीठ में होने वाली सुनवाई का ही सीधा प्रसारण किया जाता है। आज परीक्षण के तौर पर सभी बेंचों की सुनवाई का प्रसारण का परीक्षण किया गया। इससे पहले 27 सितंबर, 2022 को सुप्रीम कोर्ट के संविधान बेंच की सुनवाई का पहली बार सीधा प्रसारण किया गया था।

### हरियाणा : एससी-एसटी वर्ग के अति पिछड़ों को भी मिलेगा आरक्षण

**चंडीगढ़।** हरियाणा में अब अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) के आरक्षण की मौजूदा व्यवस्था बदलेगी। एससी-एसटी वर्ग के ज्यादा जरूरतमंदों को आरक्षण का लाभ देने के लिए प्रदेश सरकार एससी-एसटी वर्ग में उपवर्गीकरण करेगी। यानी आरक्षण के भीतर भी कोटा लागू किया जाएगा, ताकि आरक्षण का लाभ उसी वर्ग के ज्यादा जरूरतमंद लोगों को मिल सके।

## रक्षा के क्षेत्र में 'भागीदारी' करके नेतृत्व की ओर बढ़े निजी क्षेत्र : राजनाथ सिंह

समृद्धि न्यूज

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने निजी क्षेत्र से रक्षा क्षेत्र में 'भागीदारी' से 'नेतृत्व' की ओर आगे बढ़ने का आह्वान किया है और भारत को नवाचार और प्रौद्योगिकी केंद्र तथा दुनिया के सबसे मजबूत देशों में से एक बनाने के लिए सरकार के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया है।

श्री सिंह शुक्रवार को यहां डीआरडीओ भवन में रक्षा प्रौद्योगिकी को बढावा देने पर आयोजित डीआरडीओ-उद्योग कार्यशाला के दौरान वैज्ञानिकों, उद्योगपतियों , शिक्षाविदों, स्टार्ट-अप, एमएसएमई



और युवा उद्यमियों को संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने हाल के दिनों में रक्षा क्षेत्र में बदलाव पर विचार साझा करते हुए कहा कि, आज, प्रौद्योगिकी ने पारंपरिक युद्ध को अपरंपरागत युद्ध में बदल दिया है।उन्होंने कहा, आधुनिक युद्ध में ड्रोन, साइबर युद्ध, जैव-हथियार और अंतरिक्ष रक्षा जैसे नए आयाम जोड़े गए हैं। इस परिवर्तनकारी चरण में, रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास निश्चित रूप से रक्षा क्षेत्र को मजबूत बनाएगा। हमारे वैज्ञानिकों, उद्योगपतियों, शिक्षाविदों, स्टार्ट-अप, एमएसएमई और युवा उद्यमियों को इस प्रयास में एक साथ काम करते हुए देखना खुशी की बात है। यह निजी क्षेत्र के लिए नेतृत्व करने का समय है क्योंकि इसमें तेजी से बदलावों को अपनाने और नए नवाचार की क्षमता है। श्री सिंह ने गैर परंपरागत युद्ध में बढ़त हासिल करने के लिए लीक से हटकर विचारों को अपनाने का एकमात्र तरीका बताया। इसे एक कठिन कार्य बताते हुए उन्होंने कहा कि सरकार इस प्रयास में युवाओं, वैज्ञानिकों, उद्योगपतियों और एमएसएमई को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करना जारी रखेगी।

उपलब्धि

### योगी सरकार में पूरी हो रही हर जरूरतमंद के आवास की आस

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में गोरखपुर बना टॉप परफॉर्मर

**स्वीकृत आवासों के सापेक्ष 99.56 प्रतिशत आवास किए गए पूर्ण**

विकास तिवारी

**गोरखपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में गोरखपुर पूरे प्रदेश में टॉप परफॉर्मर बन गया है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग में गोरखपुर सितंबर में सभी जिलों में अव्वल आया है। अगस्त में गोरखपुर की रैंकिंग 12वीं थी और स्वीकृत आवासों के सापेक्ष 99.56 प्रतिशत आवास पूर्ण कर, प्रगति प्रदर्शन में जबरदस्त कामयाबी हासिल करते हुए इसने खुद को यूपी टॉपर बना लिया है।



जिले के अधिकारी इस उपलब्धि का श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन को देते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए अपने आवास (पक्के मकान) का सपना साकार करने में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण ब? काम की साबित हुई है। योगी सरकार की पहल पर इस योजना के तहत अकेले गोरखपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 61 हजार से अधिक आवास बन चुके हैं। सीएम योगी की मंशा हर एक जरूरतमंद को पक्का मकान उपलब्ध कराने की है। इसके लिए शासन की तरफ से संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण पर उनका खास ध्यान रहता है।

सीएम योगी की मंशा के अनुरूप प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में प्रदेश के सभी जिलों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा जारी रहती है। योजना के तहत आवास पूर्ण कर उपलब्धि हासिल करने के लिए हर जिला अपने स्तर पर पूरा प्रयास करता है। इस परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर सितंबर माह के जो आंकड़े जारी हुए हैं, उसमें प्रधानमंत्री आवास योजना में गोरखपुर की रैंकिंग पहले स्थान पर है।

जबकि अगस्त माह में इसकी रैंकिंग 12वें नम्बर पर थी। पीएम आवास योजना ग्रामीण में गोरखपुर की रैंकिंग नम्बर वन होने पर खुशी जताते हुए मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीना का कहना है कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी पात्र व्यक्तियों के पक्के मकान तेजी से बने हैं। गिनती के कुछ आवास जो अपूर्ण हैं, उन्हें भी जल्द पूर्ण करा लिया जाएगा।

### अब तक कुल 61605 लाभार्थी पंजीकृत

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत गोरखपुर में सितंबर माह के जो आकंड़े पाए हैं, उन पर गौर करें तो अब तक कुल 61605 लाभार्थी पंजीकृत हैं। इन सभी के जिओ टैगिंग के बाद आवास स्वीकृत थे और 739 करो? 38 लाख रुपये खर्च कर इनमें से 61335 आवास पूर्ण कर लिए गए हैं। स्वीकृत के सापेक्ष पीएम आवासों की पूर्णता 99.56 प्रतिशत और जिले की रैंकिंग पहली है। अगस्त माह में यह रैंकिंग 12वें स्थान पर थी। उल्लेखनीय है कि प्रगति की निगरानी मुख्यमंत्री कमांड सेंटर से की जाती है।

# साप्ताहिक परेड का एसपी ने किया निरीक्षण

**पुलिस लाइन्स खीरी में बलवा ड्रिल का आयोजन**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा द्वारा रिज़र्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाईन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। निरीक्षण के पश्चात महोदय द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात क्वार्टर गार्द, एमटी शाखा, यूपी 112 पीआरवी, मेस, बैरक आदि का निरीक्षण किया गया। यूपी 112 पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन हेतु निर्देश दिए गए। गार्द कमांडरों व विभिन्न शाखाओं के रजिस्टरों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। समस्त रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस लाईन्स खीरी मे परेड के पश्चात शान्ति-व्यवस्था के मद्देनजर आयोजित मॉक बलवा ड्रिल का भी आयोजन किया गया। जिसमें एंटी राइट गन, अश्रु गैस गन आदि दंगा नियंत्रण उपकरणों का प्रयोग कर पुलिस बल द्वारा अभ्यास किया गया। साथ ही प्रतिसार निरीक्षक एवं उनकी टीम द्वारा बलवाईयों एवं दंगाइयों पर नियंत्रण हेतु मॉक ड्रिल का प्रदर्शन किया गया।



# अजबापुर मिल में हुई इंडेन्ट पूजा, 25 को चलेगी मिल



**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

डीसीएम श्रीराम समूह की अग्रणी चीनी मिल अजबापुर में शुक्रवार को प्रथम इंडेन्ट की पूजा चीनी मिल के लक्ष्मी नारायण मंदिर में गन्ना विभागाध्यक्ष डॉ एच के त्रिपाठी, आई टी हेड आलोक माथुर, इलेक्ट्रिक विभाग हेड संतोष गंगवार, वाणिज्य विभाग हेड सुधीर अग्रवाल, लेब हेड प्रदीप कुमार सिंह, इंजीनियरिंग हेड एच एन मिश्रा, प्रोसेस हेड ओ एस मिश्र तथा गेट इंचार्ज सूर्य प्रकाश मिश्र द्वारा विधि विधान से की गयी। इसके साथ ही मिल गेट पर 25 अक्टूबर दिन शुक्रवार के लिये डिजिटल परचियां प्रेषित कर दी गयीं है। गन्ना विभाग के प्रमुख डॉ एच के त्रिपाठी ने बताया की गन्ना आपूर्ति हेतु 25 अक्टूबर के लिए इंडेन्ट समितियों को प्रेषित कर दिया गया है। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी परचियां एसएमएस के द्वारा पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजी जायेंगी। सभी किसान भाई अपने पंजीकृत मोबाइल का इनबॉक्स परचियों के लिये हमेशा खाली रखें। इस मौक़े पर रीजनल हेड रमेश चौधरी, संजीव श्रीवास्तव, संतोष शुक्ला, अलोक दीक्षित, छत्रपाल सिंह, राकेश सक्सेना सहित तमाम लोग उपस्थिति रहे।

# ‘उपज बढ़ाओ इनाम पाओ’ योजना के तहत गन्ने की लंबाई का हुआ प्रदर्शन

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

किसानों की सुख समृद्धि का संकल्प अधिक उपज का एक विकल्प को साकार करने के उद्देश्य को लेकर अजवापुर शुगर मिल के अधिकारियों द्वारा गन्ने की अधिक उपज बढ़ाओ इनाम पाओ योजना के तहत गत दिवस आलपुर ,रेवाना ,भीखनापुर में अजवापुर चीनी मिल के महाप्रबंधक डॉ एच के त्रिपाठी एवं रीजनल हेड रमेश चंद्र चौधरी जोनल हेड योगेश पांडे एवं गन्ना पर्यवेक्षक रूद्र पटेल द्वारा रेवाना निवासी किसान शोबरनलाल एवं अरुण कुमार के 0238 गन्ने की लंबाई का प्लांट पर प्रदर्शन देखा गया। इस अवसर पर काफी किसान उपस्थित रहे। उपस्थित किसानों से महाप्रबंधक एच के त्रिपाठी ने किसानों से 0 118 तथा 14201 गन्ने की बुवाई किए जाने की सलाह दी गई। साथ ही गन्ने के बीज को उपचारित करने की भी सलाह दी गई। गन्ने की पैदावार बढ़ाई जाने के उद्देश्य को लेकर विभिन्न प्रकार की खादो एवं कीटनाशक का उपयोग करने की सलाह दी गई । जोनल हेड योगेश पांडे द्वारा किसानों को 4 फीट की दूरी पर गन्ना बुवाई करने एवं सह फसली लेने की सलाह दी गई।इस अवसर पर गन्ना विभाग के कर्मचारी सहित काफी क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।



# ...जब किसान के साथ खेत में सीडीओ ने धान की फसल काटना शुरू की

**दरांती लेकर काटने लगे धान की फसल, किसानों से पराली न जलाने की अपील**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में सीडीओ अभिषेक कुमार का शुक्रवार को अलग अंदाज देखने को मिला। उन्होंने किसान के साथ खेत में धान की फसल काटी। सीडीओ ने किसानों से पराली न जलाने की अपील की है।

खीरी जिले में धान की उत्पादकता जांचने के लिए टीम के साथ खेतों में पहुंचे सीडीओ अभिषेक कुमार ने शुक्रवार को किसान के साथ फसल काटी। सीडीओ का यह अंदाज देखकर लोग हैरान रह गए। इस दौरान सीडीओ ने किसान से बातचीत कर खेतीबाड़ी में आने वालीं समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली।



सीडीओ अभिषेक कुमार की देखरेख में फसलों की औसत उपज और उत्पादन के आंकड़ों को जुटाने के लिए तहसील सदर की ग्राम पंचायत अगरा में धान की फसल कटाई की स्थिति का जायजा लिया गया। सीडीओ ने किसान राजेंद्र कुमार के धान के खेत में 43.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के 10-10-10 मीटर का समबाहु त्रिभुज का प्लॉट बनवाकर सीसीई एग्री एप के माध्यम से क्रॉप कटिंग कराई। फसल काटकर धान की तौल कराई। इस दौरान सीडीओ ने किसान के साथ मिलकर खुद भी दरांती से फसल की कटाई की। बाद में धान की तौल कराई गई। इसमें 21.44 किलोग्राम फसल प्राप्त हुई। सीडीओ ने निरीक्षण के दौरान अपर सांख्यिकीय अधिकारी हर्षित मिश्र से फसल नपाई, कटाई, जी.सी.ई.एस. एप्प पर ऑनलाइन फीडिंग आदि बिंदुओं की जानकारी ली। सीडीओ ने किसानों से फसलों का बीमा कराने और पराली न जलाने की भी अपील की है। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार सुनील कुमार, राजस्व निरीक्षक नेकी राम राना, लेखपाल कृष्ण कुमार सिंह समेत राजस्व टीम व ग्रामीण मौजूद रहे।

## पांच दिवसीय एकीकृत शिक्षण कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन

**लखीमपुर खीरी।** युवराज दत्त महाविद्यालय लखीमपुर खीरी के बी.एड. विभाग में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विशाल द्विवेदी की अध्यक्षता में पांच दिवसीय एकीकृत शिक्षण कार्यशाला (14–18 अक्टूबर, 2024) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षक प्रशिक्षुओं ने बी.एड. विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विशाल द्विवेदी से इतिहास, अर्थशास्त्र, भूगोल, नागरिक शास्त्र, प्रोफेसर मनोज मिश्रा से हिंदी, गणित विज्ञान तथा प्रोफेसर सत्यनाम के द्वारा अंग्रेजी के विभिन्न शिक्षण कौशल सीखे। कार्यशाला का समापन कार्यक्रम दिनांक 18/10/2024 शुक्रवार को आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर हेमंत पाल व विशेष आमंत्रित अतिथि दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर सुभाष चंद्र जी उपस्थित हुए। शिक्षक प्रशिक्षुओं में से राघवेंद्र कुमार, सौम्या वर्मा, जयशील मिश्रा, साक्षी अवस्थी ने अपने आचार्यों के द्वारा सिखाए गए शिक्षण कौशल का बेहतर ढंग से प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्राचार्य महोदय ने अपने वक्तव्य में प्रशिक्षुओं को शिक्षक के कर्तव्य व उत्तरदायित्वों से अवगत कराया। प्रोफेसर सुभाष चंद्रा ने प्रशिक्षुओं को अध्यापक के व्यवहार व चरित्र की शिक्षण व्यवसाय में महत्ता से, प्रोफेसर सत्यनाम जी ने विभिन्न शिक्षण संबंधी व्यावहारिक कौशल व प्रोफेसर मनोज मिश्रा जी ने विभिन्न विषयों से संबंधित शिक्षण विधियों व इनका शिक्षण कौशल में महत्व से अवगत कराया। विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर विशाल द्विवेदी जी ने अपने वक्तव्य में शिक्षण व्यवसाय में शिक्षण कौशल की भूमिका को स्पष्ट किया और ज्ञान को कौशल में कैसे परिवर्तित किया जाए, इसके कई तरीके समझाए। अन्त में विभागाध्यक्ष द्वारा प्राचार्य व अतिथियों को कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा साक्षी अवस्थी ने किया। कार्यक्रम में सभी छात्रों ने उत्साह के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

**सरजू सहकारी चीनी, बेलरायां**

# गन्ना समिति के उपाध्यक्ष पद का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

**तिकुनिया खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

सरजू सहकारी चीनी बेलरायां की गन्ना समिति के उपाध्यक्ष पद का चुनाव शुक्रवार को शान्ति पूर्ण सम्पन्न हो गया इस दौरान सुरक्षा के लिए भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

चीनी मिल की गन्ना समिति के उपाध्यक्ष पद पर शुक्रवार को सुबह 11बजे से 12बजे तक मिल के गन्ना विभाग के कार्यालय में नामांकन पत्र जमा हुए इस दौरान 12बजे तक दूसरा कोई भी नामांकन पत्र नही आने की वजह से सुच्चा सिंह को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया इस दौरान आरओ भारत प्रसाद ने निर्विरोध निर्वाचित सुच्चा सिंह को प्रमाण पत्र दिया मौके पर प्रत्याशी के समर्थक काफी संख्या में मौजूद रहे सुरक्षा के लिए निघासन बेलरायां रोड पर गन्ना कार्यालय से 100मीटर पहले ही बंद कर दिया था मतदान के लिए केवल प्रत्याशी, संचालक व उनके एजेंटो को ही अंदर जाने दिया गया मौके पर एसडीएम राजीव निगम, इंस्पेक्टर तिकुनिया अमित सिंह भदौरिया, सिंगाही एसओ अजीत कुमार,निघासन एसओ महेश चन्द्र, ईसानगर एसओ देवेंद्र कुमार, पढ़ुवा एसओ नीराला तिवारी,चौकी इंचार्ज अभिषेक कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रहा पुलिस ने निघासन बेलरायां रोड को बंद कर समर्थको को कार्यालय से सौ मीटर दूर ही रोक दिया।



# मैडोलेक्स अस्पताल पर मरीज ने लगाए गंभीर आरोप, पीड़ित पक्ष ने सीएमओ से की शिकायत

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर खीरी की तहसील मितौली के कचियानी पुरवा स्थित मैडोलेक्स हॉस्पिटल में भर्ती रहे मरीज ने गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित ने अस्पताल प्रबंधन पर धोखाधड़ी व ठगी को लेकर सीएमओ खीरी को प्रार्थना पत्र दिया है।

थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव टिकौला निवासी विमल कुमार ने सीएमओ खीरी को प्रार्थना पत्र देकर मितौली के कचियानी पूरवा स्थित मैडोलेक्स हॉस्पिटल पर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है,कि 11 अक्टूबर को देर पेट में तेज दर्द होने पर गांव के ही झोलाछाप रंजीत को बुलाया था।

> मितौली सीएससी अधीक्षक देवेंद्र सिंह ने बताया कि अस्पताल प्रबंधक अनिल राज एक आयुष्मान मित्र है। अपनी ऊंची पंहुच से अस्पताल संचालन कर रहा है।

रंजीत हमें रात को ही मैडोलेक्स हॉस्पिटल लेकर आया था। अस्पताल में कंपाउंडर व प्रबंधक अनिल राज के अलावा कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। अनिल राज ने पीड़ित का अल्ट्रासाउंड व जांचे कराकर दवा शुरू की। लाभ न मिलने पर विमल ने अनिल राज से कहा कि जो पैसा बना हो अपना ले लीजिए हम दूसरे अस्पताल में दिखाएंगे। विमल से कहा गया कि तुम्हारा लीवर भी काम नहीं कर रहा है,गुर्दे में पथरी के साथ गुर्दों की हालत ठीक नहीं है,और तुम्हें डेंगू भी है। दिन भर भर्ती रहने के बाद दूसरी रात भी हालत सही नहीं हुई तो विमल ने कहा कि अब दूसरी जगह दवा कराएंगे। दूसरे दिन सुबह ?15000 का बिल मरीज को थमा दिया गया। विमल के पास पूरे पैसे ना होने पर कहा गया मोटरसाइकिल खड़ी कर दो पैसे देकर ले जाना। विमल जैसे तैसे पैसे का इंतजाम कर लखीमपुर डॉक्टर अरविंद मिश्रा के पास पहुंचा। अरविंद मिश्रा ने संजय पैथोलॉजी से जांच कर कर बताया कि तुम्हारे दोनों गुर्दों में पथरी है अन्य कोई समस्या नहीं है। विमल ने मैडोलेक्स हॉस्पिटल पर ठगी करने की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की है।

## कर्ज से परेशान किसान ने फांसी लगाकर जीवन लीला की समाप्त

**पनवाड़ी (महोबा)।** कस्बा पनवाड़ी में कर्ज से परेशान किसान ने फांसी के फंदे पर झूल कर जीवन लीला समाप्त कर ली है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है तो वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सतीश कुमार पाठक पुत्र स्वर्गीय स्वामी प्रसाद पाठक निवासी अग्निहोत्रीपुरा पनवाड़ी ने अपने खेत पर जाकर नीम के पेड़ में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इनके दो पुत्र हैं जिनके बड़े पुत्र का नाम प्रवीण कुमार पाठक उम्र 27 वर्ष, छोटे लड़के का नाम सुमित पाठक उम्र 21 वर्ष है द्य मृतक के बड़े भाई सुरेश पाठक ने बताया कि 6 महीने पहले बड़े लड़के की शादी की थी उसका कुछ कर्ज बचा हुआ था। केसीसी का कर्ज पौने दो लाख के लगभग था और फसल भी खराब हो गई थी जिससे मृतक परेशान रहता था। शुक्रवार सुबह 10 बजे से घर से गायब थे। उन्होंने सभी जगह खोजबीन की नेहरू इंटर कॉलेज के पीछे खेत है। वहां जाकर देखा तो नीम के पेड़ से रस्सी के फंदे में लटका हुआ देखा। इसकी तुरंत सूचना थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार पांडे को दी। उन्होंने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल कर पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी। एसआई रमेश यादव के द्वारा पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

# कर्मचारियों की अनदेखी से नहीं खुलता डाकघर

**तैनात कर्मचारी घर बैठे उठा रहे वेतन, भटक रहे ग्राहक**

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

एक ओर जहां डाक विभाग लोगों को तरह-तरह की सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है वहीं दूसरी ओर मूड़ा सवारान स्थित डाकघर काफी समय से बंद है। यहां तैनात डाक कर्मचारी व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर नहीं है जिनकी लापरवाही का खामियाजा डाक विभाग से जुड़े ग्राहकों को भुगतना पड़ रहा है। आसपास के दर्जनों गांवों के लोग इसी डाकघर पर निर्भर हैं लेकिन डाकघर बंद रहने के कारण उन्हें 20 किलोमीटर गोला डाकघर की मजबूरन दौड़ लगानी पड़ रही है। वहीं मूड़ा सवारान स्थित बंद डाकघर में तैनात कर्मचारी घर बैठे डाकघर संचालित कर अपनी जेबें भर रहे हैं। सरकार द्वारा भले ही पारदर्शी एवं जवाबदेही प्रशासन की बात की जाती हो लेकिन सरकारी विभागों में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों की कार्यशैली और लापरवाही प्रवृत्ति के कारण सरकारी दफ्तरों की दशा खराब है। सरकार द्वारा भले ही डाकघर में सुबह 9:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक का कार्यालय समय निर्धारित किया है। लेकिन मूड़ा सवारान स्थित डाकघर में कोई भी कर्मचारी नहीं मिलता। यहां डाकघर में सदैव ही ताला पड़ा रहता है।जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां तैनात कर्मचारी सदैव ही नदारद रहते हैं। पिछले 150 से अधिक वर्षो से डाक विभाग देश की संचार व्यवस्था की रीढ रहा है। डाक विभाग ने देश के सामाजिक आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है डाक विभाग ने अनेक प्रकार से भारतीय नागरिकों के जीवन को छुआ है लेकिन यदि अगर ऐसा ही रहा तो आने वाले समय में डाक सेवा से लोगों का विश्वास उठ जाएगा।




# अजय गुप्ता अध्यक्ष और उपमंत्री अमन सत्यार्थी चुने गए

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

तहसील सभागार में चुनाव अधिकारी व सहायक चुनाव अधिकारी की निगरानी में लेखपाल संघ के चुनाव का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद से लेकर लेखा परीक्षक तक सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। शुक्रवार को आयोजित चुनाव में जिला कार्यकारिणी के रामसूरत जी इस चुनाव के सहायक चुनाव अधिकारी बनाये गए थे व मोहम्मदी तहसील अध्यक्ष व इस चुनाव के चुनाव अधिकारी रणधीर सिंह की निगरानी में हुआ। जहा गोला तहसील के 69 लेखपालों ने सर्वसम्मत से अध्यक्ष अजय गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिव्यांश श्रीवास्तव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष मोहित कुमार मौर्य, मंत्री जय प्रकाश वर्मा, उप मंत्री अमन कुमार सत्यार्थी, कोषाध्यक्ष सपना त्रिपाठी और लेखा परीक्षक पूनम यादव को निर्विरोध घोषित किया गया है।इन सभी प्रत्याशियों के समक्ष किसी अन्य प्रत्याशी के पर्चा ना दाखिल करने के बाद सभी प्रत्याशी निर्विरोध विजई हुए । जिसके बाद चुनाव अधिकारी रणधीर सिंह तथा सहायक चुनाव अधिकारी रामसूरत ने बताया कि प्रत्याशियों के समक्ष किसी दूसरे व्यक्ति के द्वारा पर्चा ना दाखिल करने के कारण अध्यक्ष से लेकर लेखा परीक्षक तक पदों के लिए उम्मीदवारों को निर्विरोध विजई घोषित किया गया है। नवगठित कार्यकारिणी को जिले से आए चुनाव अधिकारियों ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई है।




# हाईमास्ट स्ट्रीट लाइट से जगमग होगा शिवशंकर चौराहा, साधु नगर

**सादुल्लानगर(बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

सिद्धेश्वरनाथ मंदिर चौराहे को दिवाली से पहले जगमग कर दिया अन्य लाइटों से हटकर इसकी यह विशेषता होगी। कि यह शाम होते ही स्वत जल उठेगी और भोर होते ही बंद हो जाएगी ग्राम प्रधान रमेश गुप्ता ने बताया कि करीब दो माह पूर्व नगर के प्रमुख चौराहे को दूधिया रोशनी से जगमग करने की कार्य योजना बनाई थी। इसको अमली जामा पहनाने के लिए दिवाली से पूर्व का लक्ष्य रखा था। ऊंचाई पर लगी हाई मास्ट लाइट जलने से चौराहा समेत आसपास का इलाका भी दूरियां रोशनी से नहा जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर के अन्य क्षेत्रों में वह मोहल्लों की गलियों में एलईडी लाइटों को लगाने की भी कार्य योजना प्रस्तावित है दिसंबर माह तक सभी चौराहों पर हाई मास्ट लाइट लगाई जाएगी। रंग बिरंगी लाइटों से सजाने का विचार बहुत आकर्षक लगता है। ऐसी लाइटिंग से चौराहे की खूबसूरती में निखार आ गया।और यह स्थान लोगों के लिए एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र बन गया। रात के समय ये लाइटें पूरे इलाके को रोशन करने लगी। और एक अनूठा दृश्य प्रस्तुत हो रहा है। साथ ही, यह धार्मिक और सांस्कृतिक महत्त्व को भी दर्शा रहा है।, जो इस चौराहे से जुड़ा है। उन्होंने बताया कि यह हाई मास्ट लाईट क्षेत्र पंचायत प्रमुख पंकज सिंह चौहान के द्वारा हो रहा है। जिसका हम सभी बाजारवासी इसका धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। इस अवसर पर पंकज गुप्ता, सूजल गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, कन्हैया गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।



# गन्ने के खेत में मिले आंगनबाड़ी में वितरित किए जाने वाले सोयाबीन तेल के खाली पैकेट

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दौलतापुर में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बच्चों में वितरित किए जाने वाले पुष्टाहार के दर्जनों पैकेट गन्ने के खेत में मिलने से विभाग में हड़कंप मच गया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। ये पैकेट कहां से आए और किस आंगनबाड़ी ने ऐसा किया है जिसकी जांच की जा रही है।

गुरुवार को दौलतापुर ग्राम प्रधान दीपक जायसवाल के गन्ने के खेत में आंगनबाड़ी में वितरित किए जाने वाले सोयाबीन तेल की दर्जनों झिल्ली मिलने से हड़कंप मच गया। प्रधान के भाई चीपू जायसवाल ने घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। उधर ग्रामीणों का आरोप है कि दौलतापुर पंचायत में तैनात आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुमन तिवारी, विद्यावती व जानकी देवी बच्चों में वितरित किए जाने वाले पुष्टाहार को वितरित न करके उसे बेच देती है। जिसकी शिकायत भी कई बार संबंधित अधिकारियों से की गई मगर उन पर कोई भी कार्यवाही न होने के चलते हौसले बुलंद है।



इस मामले में सीडीपीओ पूजा त्रिपाठी ने बताया है कि हम मौके पर गए थे सोयाबीन तेल के खाली पैकेट गन्ने के खेत में मिले है। सारे पैकेटों को सील कर डीपीओ ऑफिस भेज दिया गया है। पैकेट पर छपे बारकोड और बैच से यह जानकारी प्राप्त हो जाएगी कि ये पैकेट कहां के और किस ब्लॉक के है। जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी जो भी दोषी निकला उस पर सख्त कार्यवही की जायेगी।

# कर्मचारियों की समस्याएं गंभीरता के साथ शीघ्र की जाएंगी दूर : राज्यकर कमिश्नर

▸ वाणिज्यकर कमिश्नर कार्यालय में द्विवार्षिक अधिवेशन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** यूपी राज्यकर आयुक्त नितिन बंसल ने कहा कि वाणिज्यकर कर्मचारियों की समस्याओं को शीघ्र दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मांग पत्र के रूप में जो समस्याएं सामने आई हैं उन पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

वे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ के द्विवार्षिक अधिवेशन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ वाणिज्यकर विभाग का द्विवार्षिक अधिवेशन कमिश्नर वाणिज्य कर मुख्यालय, विभूतिखण्ड में आयोजित किया गया था। इस दौरान अपर आयुक्त प्रशासन सुनील कुमार वर्मा, धनंजय कुमार शुक्ला, अपर आयुक्त समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि नितिन बंसल ने दीप जलाकर किया। इस अवसर पर संघ के प्रान्तीय महामंत्री सुरेश सिंह यादव ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। अधिवेशन के दौरान संघ के महामंत्री सुरेश सिंह यादव ने चौदह सूत्रीय मांग पत्र आयुक्त राज्यकर मुख्यालय को सौंपा। मांग पत्र में प्रमुख बिंदुओं में विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की कमी, रिक्त पदों की स्वीकृति और कर्मचारियों की सुरक्षा संबंधित समस्याएं शामिल थीं। प्रदेश महामंत्री सुरेश सिंह यादव ने बताया कि विभाग में कर्मचारियों की कमी के कारण एक कर्मचारी को कई अधिकारियों के साथ काम करना पड़ रहा है। इससे शासकीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने शासन से रिक्त स्वीकृत पदों को भरने की मांग की। साथ ही चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी वाहन चालकों के लिए बीस प्रतिशत कोटा बहाल करने की मांग दोहराई।

# अयोध्या में दीपोत्सव की जोरदार तैयारी, जलेंगे 25 लाख दीपक

▸ ऑनलाइन भी कर सकेंगे दीपदान और घर आएगा प्रसाद

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** अयोध्या में राम जन्मभूमि पर बने मंदिर के लोकार्पण के बाद होने वाले पहले दीपोत्सव पर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है।अयोध्या से दूर बैठे रामलला के भक्तों को भी इस दीपोत्सव में शामिल होने का मौका मिलेगा।

अयोध्या विकास प्राधिकरण ने श्एक दीया प्रभु श्रीराम के नामश् योजना तैयार की है, जिसके जरिए घर बैठे श्रद्धालु भी दीपोत्सव में दीया जला सकेंगे।लोग दीये की बुकिंग करने के लिए ऑनलाइन दान कर सकेंगे, उसके बाद प्रसाद उनके घर भेजा जाएगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद 30 अक्टूबर को होने वाले आठवें दीपोत्सव को भव्य बनाने में यूपी सरकार कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहती। जोरों से तैयारियां चल रही हैं। यूपी सरकार ने दूर बैठे रामलला के भक्तों को इस आयोजन से जोड़ने की योजना बनायी है। अयोध्या विकास प्राधिकरण एक दीया प्रभु श्रीराम के नाम की योजना शुरू कर रहा है। इसमें लोग अयोध्या से बाहर रहकर ऑनलाइन दीया जला सकते हैं। एक लिंक भी शेयर किया गया है। लिंक से दीपोत्सव के लिए दीये की बुकिंग की जा सकती है। लिंक पर अपने नाम दीये की बुकिंग करने के बाद घर तक प्रसाद भेजा जाएगा।ऑनलाइन दीपदान की ये योजना पिछले साल शुरू की गयी थी लेकिन अनुमान है कि इस बार बहुत बड़ी तादाद में लोग इसके जरिए अयोध्या दीपोत्सव से जुड़ेंगे। इस प्रसाद को तैयार करने की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को दी गयी है। आजीविका मिशन से जुड़े लोगों को रोजगार मिलेगा, जिसमें बड़ी संख्या महिलाओं की है। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार पांडेय के मुताबिक देश-विदेश में बैठे श्रद्धालु ऑनलाइन अपनी स्वेच्छानुसार राशि दान स्वरुप दे सकेंगे।अयोध्या में होने वाले आठवें दीपोत्सव को अब तक का सबसे भव्य दीपोत्सव बनाने के लिए तैयारी तेज हो गयी है। सरयू के घाट पर मार्किंग का कम शुरू हो गया है। 25 लाख दीये जलाकर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है।

### घाट पर 28 लाख दिये बिछेंगे

दीपोत्सव के संचालन के लिए 22 समितियों का गठन किया गया है। समन्वय समिति का गठन किया गया है, जिसमें अवध विश्वविद्यालय की कुलपति के अलावा अन्य सदस्य शामिल हैं। कार्यक्रम को संभालने के लिए अनुशासन समिति, सुरक्षा समिति, सामग्री वितरण समिति, दीप गणना समिति, भोजन समिति, यातायात समिति, स्वच्छता समिति, फोटोग्राफी व मीडिया समिति, त्वरित कार्यवाही बल समिति, प्राथमिक चिकित्सा समिति, साजसज्जा रंगोली समिति, पर्यवेक्षक समिति, अग्निशमन समिति, समग्र नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण समिति, कार्यालय समिति, निविदा एवं क्रय समिति, वालंटियर एवं आईकार्ड समिति, इंस्टीटयूशनल कोआर्डिनेशन समिति, प्रशिक्षण समिति, सामग्री प्राप्ति स्टोरेज अवशेष समिति एवं घाट चिन्हांकन समिति बनाई गई है।

## खबरें एक नजर में

### चोरी की प्लानिंग करते तीन पकड़े, रेकी के लिए उड़ा रहे थे ड्रोन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज क्षेत्र में गुरुवार रात पुलिस ने चोरी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल करने वाले चोर गिरोह के तीन सदस्यों को पकड़ा। आरोपी ड्रोन का इस्तेमाल चोरी से पहले रेकी के लिए करते थे। पिछले कुछ समय से रात में ड्रोन उड़ने की खबरें लगातार सुर्खियों में थीं, जिससे स्थानीय लोग परेशान थे। पुलिस ने भी कई बार इस मामले की जांच की थी। बताया गया कि मोहनलालगंज के गोसाईगंज कस्बे के शुभा गांव में कल रात एक घटना घटी। गांव में चोरों का एक गिरोह ड्रोन की मदद से रेकी कर रहा था। यह ड्रोन गांव के ऊपर रात के अंधेरे में उड़ाया जा रहा था। लोगों ने ड्रोन को देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया। वहीं चोरों की तलाश शुरू की। गांव के पास एक झाड़ी में कुछ संदिग्ध गतिविधियां दिखीं, जिसके बाद ग्रामीणों ने वहां जाकर चोरों को पकड़ लिया। इस बीच पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों ने चोरों की जमकर धुनाई की और पुलिस का सौंप दिया। आरोपियों ने पूछताछ में अपना नाम महेश कुर्मा और उमेश बताया। पुलिस ने एक अन्य संदिग्ध युवक को पकड़ा।

### एम्बुलेंस ड्राइवरों ने कंपनी ऑफिस घेरा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में डॉयल 108 और 102 एम्बुलेंस ड्राइवर और टेक्नीशियन का प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने शुक्रवार को आशियाना स्थित कंपनी कार्यालय का घेराव कर नौकरी बहाली की मांग की। इस दौरान कंपनी ने करीब 200 बाउंसर बुला लिए, जिन्होंने नारेबाजी कर रहे ड्राइवरों और टेक्नीशियन को वहां से हटाने का प्रयास किया। एंबुलेंस ड्राइवरों ने बताया कि 15 अक्टूबर से वह लोग अनिश्चित कालीन धरने पर हैं। जब अचानक कम्पनी ने 9000 कर्मचारियों को बाहर कर दिया तो हमने कंपनी के अधिकारियों से वार्ता करने का प्रयास किया। मगर कोई चर्चा करने को तैयार नहीं है। मजबूर होकर हम लोगों ने भूख हड़ताल और प्रदर्शन का रास्ता अपनाया है। आज कंपनी के कार्यालय का घेराव कर के प्रदर्शन कर रहे हैं। जब तक हमारी वार्ता अधिकारियों से नहीं हो जाएगी यह जारी रहेगा। प्रदर्शन में शामिल सलिल अवस्थी ने कहा 3 साल से हम लोग नौकरी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हमारी मांग है कि कंपनी द्वारा निकाले गए सभी 9000 कर्मचारियों वेतन समेत बहाल किया जाए। हम लोग सरकार के मंत्री, विधायक और श्रम विभाग के अधिकारियों के यहां गुहार लगाकर थक चुके हैं। एक दर्जन बार हमने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से मुलाकात की। मगर कोई लाभ नहीं मिला।

### अनाथालय से भागीं नौ लड़कियां, दो को पुलिस ने किया बरामद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के अलीगंज स्थित श्रीराम औद्योगिक अनाथालय से शुक्रवार सुबह 9 किशोरियां बाथरूम की खिड़की काटकर भाग निकलीं। सूचना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से दो किशोरियों को बरामद किया जबकि सात का पता नहीं चल सका है। पुलिस की टीमें उनकी तलाश में लगी हैं। इस संबंध में अलीगंज थाने में केस भी दर्ज किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए एसीपी अलीगंज व्रज नारायण सिंह ने बताया कि अलीगंज के सेक्टर आई गोयल चौकी के पास श्रीराम औद्योगिक अनाथालय है। शुक्रवार सुबह अनाथालय में रहने वाली 9 लड़कियां बाथरूम में लगी खिड़की काटकर भाग निकलीं। जिसकी सूचना अनाथालय प्रशासन की तरफसे पुलिस को दी गई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे चेक किया और फुटेज की मदद से दो किशोरियों को पुरनिया पुल के पास से सकुशल बरामद किया। वहीं, सात किशोरियों का पता नहीं चल सका है जिनकी तलाश चल रही है। वहीं लड़कियों के भागने के संबंध में अनाथालय प्रशासन की तरफसे अलीगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इंस्पेक्टर अलीगंज ने बताया कि भागी हुई सभी लड़कियां अलग-अलग मुकदमों में आरोपित हैं।

### सपा कार्यालय के बाहर महिला ने की जान देने की कोशिश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गौतम पल्ली थाना क्षेत्र के अंतर्गत कानपुर से आई महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को गाड़ी में बैठाकर उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। यह महिला कानपुर की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार कानपुर के कल्याणपुर थाने में महिला ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। कार्रवाई न होने के कारण लखनऊ शिकायत करने मुख्यमंत्री आवास जा रही। जहां गौतमपल्ली थाना क्षेत्र के विक्रमादित्य मार्ग पर जहरीला पदार्थ खा लिया। महिला को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां हालत स्थिर बताई जा रही है। कानपुर के कल्याणपुर थाने में 26 वर्षीय महिला ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। विवेचना के क्रम में अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में वह जमानत पर है। इस मामले की चार्जशीट एक वर्ष पूर्व कल्याणपुर, कानपुर नगर से दाखिल की गई थी और मामला माननीय न्यायालय में विचाराधीन है। कानपुर नगर पुलिस को इस घटना की सूचना दी जा चुकी है और अग्रिम कार्रवाई जारी है।

### स्कार्पियो में फंसकर बाइक टैक्सी ड्राइवर की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ऐशबाग करहेटा निवासी रूदल यादव के बेटे रंजीत यादव (26) की शुक्रवार एक्सीडेंट में मौत हो गई। रुदल यादव ने बताया कि रंजीत चारबाग रेलवे स्टेशन स्थित कैंटीन पर काम करने के साथ पार्ट टाइम में बाइक टैक्सी चलाता था। शुक्रवार सुबह सुबह करीब 4.30 बजे रंजीत कैंटीन से निकलने के बाद कमता चौराहे के पास फैजाबाद की तरफ से आई तेज रफ्तार स्कार्पियो ने टक्कर मार दी। उसके बाद चालक ने भागने के चक्कर में सड़क पर गिरे बेटे के ऊपर से स्कार्पियो भगाने की कोशिश की। जिससे बाइक समेत वह उसमें फस गया। जिससे सड़क पर दस मीटर तक दोनों घिसटते चले गए। घिसटने से बेटे के चेहरा तक खराब हो गया। वहीं एक हाथ कट गया। चालक स्कार्पियो बंद होने और बाइक फंसी होने के चलते मौके पर ही छोड़कर भाग निकला। पुलिस रंजीत को लोहिया अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर चिनहट अश्वनी चतुर्वेदी के मुताबिक स्कार्पियो कब्जे में लेकर नंबर के आधार पर ड्राइवर की तलाश की जा रही है। घटना स्थल पर सीसीटीवी नहीं होने से लगा हादसे का कारण पता नहीं चल सका है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सिक्योरिटी गार्ड की संदिग्ध हालात में मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के इंदिरानगर इलाके में ऑफिस में नाइट ड्यूटी के दौरान एक सिक्योरिटी गार्ड की तबियत बिगड़ गई। साथी पास के अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घटना की जानकारी पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों को सूचना दी। बाराबंकी देवा निवासी मुन्ना लाल यादव (38) तकरोहि चौकी के निकट एक ऑफिस में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर तैनात थे। वह लखनऊ में चिनहट जैनाबाद में किराए के कमरे में रह रहे थे। भाई रामसजीवन यादव ने बताया कि मुन्ना लाल यादव के अचानक शुक्रवार तड़के सीने में दर्द हुआ। उसके बाद अस्पताल जाते-जाते मौत हो गई। सुबह सात बजे भाभी मीरा देवी और भतीजी अंशिका और भतीजे शिवांश के साथ मौके पर पहुंचे।

### मेयर ने फायर कर्मचारियों को किया सम्मानित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मेयर सुषमा खर्कवाल ने नगर निगम कार्यालय में इस दौरान उन कर्मचारियों और अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ट्रांसपोर्ट नगर में 7 सितंबर को तीन मंजिला वेयर हाउस गिर गया था। इसमें करीब 30 लोगों घायल हुए थे जबकि 8 लोगों की मौत हो गई थी। करीब 12 घंटे से ज्यादा समय तक बचाव कार्य चला था। उसके मलबे में फंसे 50 से 60 लोगों को इन अधिकारियों और कर्मचारियों ने बचाया था। रेस्क्यू के दौरान भवन के मलबे के अंदर पूरी तरह फंसे 29 लोगों को अपनी जान की परवाह किए बगैर बचाया था। सम्मानित होने वालों में मंगेश कुमार मुख्य अग्निशमन अधिकारी लखनऊ, पुष्पेंद्र कुमार, प्रभारी अग्निशमन अधिकारी चौक, सुमित प्रताप सिंह, अग्निशमन अधिकारी सरोजनी नगर, धर्मपाल सिंह, प्रभारी अग्निशमन अधिकारी आलमबाग और संजय कुमार फायरमैन हजरतगंज शामिल हैं।

# यूपी : साढ़े सात साल में 80 हजार से ज्यादा अपराधियों को मिली सजा

▸ महिलाओं के खिलाफ अपराध में 16,565 को दिलायी गई सजा



**टॉप 10 कैटेगरी के 496 अपराधियों को दिलाई गई सजा, पॉक्सो के तहत 12,135 को मिली सजा**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** योगी सरकार प्रदेश में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराध और अपराधियों की कमर तोड़ रही है। यूपी पुलिस जहां एक तरफ सीधा मुकाबला करते हुए अब तक 210 बदमाशों को ढेर कर चुकी है। वहीं एक बहुत बड़ी संख्या ऐसे अपराधियों की भी है, जिन्हें न्यायालय में पुलिस की प्रभावी पैरवी से बेदम कर दिया गया है। यूपी पुलिस का अभियोजन निदेशालय इसमें अहम रोल अदा कर रहा है। प्रदेश के विभिन्न न्यायालयों में अभियोजन निदेशालय की प्रभावी पैरवी से पिछले साढ़े सात वर्षों में 80 हजार से अधिक अपराधियों को उनके गुनाहों की सजा मिल चुकी है।

**81,196 से अधिक अपराधियों को दिलायी गयी सजा**

अभियोजन निदेशालय के एडीजी दीपेश जुनेजा ने शुक्रवार को बताया कि पिछले साढ़े सात साल में 81,196 से अधिक अपराधियों को कोर्ट में प्रभावी पैरवी के जरिये सजा दिलायी गयी है। इनमें 29,196 अपराधियों में से 54 को मृत्युदंड, 3125 अपराधियों को आजीवन कारावास, 9,076 अपराधियों को 10 वर्ष से अधिक के कारावास और 16,941 अपराधियों को 10 वर्ष से कम के कारावास की सजा दिलायी गयी है।

इसके अलावा पिछले 16 माह में ऑपरेशन कन्वेशन के तहत पुलिस और अभियोजन विभाग की ओर से अब तक 52,000 से अधिक अपराधियों को सजा दिलायी जा चुकी है। महिला संबंधी अपराधों में क्रमशः महिलाओं के खिलाफ लैंगिक, बलात्कार, गंभीर अपराध, पॉक्सो एक्ट समेत अन्य अपराध के मामलों में अगस्त-24 तक 28,700 अपराधियों को सजा दिलायी जा चुकी है। इनमें केवल महिलाओं के खिलाफ लैंगिक, बलात्कार, गंभीर अपराध समेत अन्य अपराध में 16,565 अपराधियों को सजा दिलायी गयी है। इन मामलों में 9 अपराधियों को मृत्युदंड, 1,720 को आजीवन कारावास, 4,443 को 10 वर्ष से अधिक के कारावास और 10,393 को 10 वर्ष से कम के कारावास की सजा दिलायी गयी है।

एडीजी दीपेश जुनेजा ने बताया कि पॉक्सो एक्ट के तहत अगस्त-24 तक 12,135 अपराधियों को गुनाहों की सजा दिलायी गयी है। इनमें 44 अपराधियों को मृत्युदंड, 1,354 अपराधियों को आजीवन कारावास, 4,599 अपराधियों को 10 वर्ष से अधिक के कारावास और 6,138 अपराधियों को 10 वर्ष से कम के कारावास की सजा दिलायी गयी है।

इसी तरह अगस्त-24 तक प्रदेश के दुर्दांत और टॉप 10 कैटेगरी के 496 अपराधियों को सजा दिलायी गयी है। इनमें एक अपराधी को मृत्युदंड, 51 अपराधियों को आजीवन कारावास, 34 अपराधियों को 10 वर्ष से अधिक के कारावास और 410 अपराधियों को 10 वर्ष से कम के कारावास की सजा दिलायी गयी है। वहीं प्रदेश के 69 चिह्नित माफिया अपराधियों एवं उनके गिरोह के खिलाफ 25 मार्च 2022 से 31 अगस्त-24 तक कुल 42 मामलों में 29 अपराधियों को सजा दिलायी गयी है। इनमें एक मामले में मृत्युदंड, 5 मामलों में आजीवन कारावास, 7 मामलों में 10 वर्ष से अधिक के कारावास और 29 मामलों में 10 वर्ष से कम के कारावास की सजा दिलायी है।

# पीएमश्री स्कूल के बच्चों के माता-पिता को जागरूक कर रही सरकार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने पीएमश्री योजना के तहत शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत प्रदेश के चिन्हित सभी 724 पीएमश्री विद्यालयों में अध्ययनरत दो लाख 70 हजार से अधिक बच्चों के हित से जुड़े एसएमसी (स्कूल प्रबंध समिति) के सदस्यों, ग्राम प्रधानों, शिक्षकों और स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना और उनके बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराना है।

इन बैठकों का आयोजन शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों द्वारा किया जा रहा है, जहाँ अभिभावकों को विशेष रूप से उनके बच्चों की पढ़ाई में आने वाली समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की जा रही है। योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में से 724 विद्यालयों को पीएमश्री विद्यालयों के रूप में चयनित किया है, जिनमें दो लाख 70 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षक इस कार्य में बेहद संवेदनशीलता के साथ जुटे हुए हैं।

वे बैठकों से पहले संभावित ड्रॉपआउट बच्चों, प्रायः अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों और शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों की सूचियाँ तैयार कर रहे हैं। इसके अलावा, डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के तहत यूनिफॉर्म और अन्य लाभ प्राप्त कर चुके बच्चों की सूची भी बनाई जा रही है, ताकि विद्यार्थियों की शैक्षिक स्थिति का बेहतर तरीके से आकलन किया जा सके।

### अभिभावकों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क में हैं शिक्षक : संदीप

इस संबंध में बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि इन बैठकों में एसएमसी के सदस्यों, ग्राम प्रधानों और स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य और शिक्षक व्यक्तिगत रूप से अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें इन बैठकों में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

## कैंप में आए 97 मामले, 475 रुपए का बिल बढ़ाकर कर दिया था 3240



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** जीआईएस सर्वे में गड़बड़ हुए हाउस टैक्स को सही करने के लिए 97 लोग शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय पहुंचे। इस दौरान 7 गुना तक लोगों का बिल कम हुआ। मौके पर अलग-अलग जोन को मिलाकर 95 मामलों का निस्तारण हुआ। इस दौरान सबसे ज्यादा 22 मामले जोन एक से आए। जबकि सबसे कम 5 मामले जोन 8 आए। इस दौरान जोन एक में आई शबाना का बिल 475 रुपए से बढ़ाकर 3240 कर दिया गया था।

उन्होंने बताया कि 200 स्कवायर फीट का मकान है। उसका बिल 2000 स्कवायर फीट के मकान के बराबर कर दिया गया था। हालांकि टैक्स इंस्पेक्टर राजा ने उनका बिल कम कर दिया और वह बिल दोबारा 475 रुपए हो गया। शबाना ने बताया कि उनके घर की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है। इसके अलावा जोन एक के मुरली नगर से आए अजय अग्रवाल ने बताया कि उनका बिल 3000 से बढ़ाकर 4000 कर दिया गया है। उन्होंने इसकी शिकायत दर्ज कराई । इसके बाद फिर से बिल उनका पहले वाला ही हो गया। इस दौरान मेयर सुषमा खर्कवाल और मुख्य कर अधिकारी अशोक ने लोगों की समस्याएं सुनीं। मेयर ने कहा कि कैंप में समस्या का समाधान होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सभी वार्ड के टैक्स इंस्पेक्टर कैंप में आए यह सुनिश्चित किया जाए। हालांकि एक समय के बाद वह दूसरे बैठक में चली गई। उसके बाद अशोक सिंह ने कैंप में आए लोगों की समस्याएं सुनीं।मौके पर आए 97 में 95 समस्याओं का समाधान किया गया।

### दलितों को बांटने का हो रहा है षड्यंत्र : मायावती

**लखनऊ ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शुक्रवार को कहा कि अनुसूचित जाति के आरक्षण में वर्गीकरण लागू करने का हरियाणा सरकार का फैसला दलितों को फिर से बांटने और आपस में ही लड़ाते रहने का षड्यंत्र है। उन्होंने 'एक्स पर लिखा कि हरियाणा की नई भाजपा सरकार द्वारा एससी समाज के आरक्षण में वर्गीकरण को लागू करने मतलब आरक्षण कोटे के अंदर कोटे की नई व्यवस्था लागू करने का फैसला दलितों को फिर से बांटने व उन्हें आपस में ही लड़ाते रहने का षड्यंत्र है। उन्होंने का कि यह दलित विरोधी ही नहीं बल्कि घोर आरक्षण विरोधी निर्णय है। मायावती ने कहा कि हरियाणा सरकार को ऐसा करने से रोकने के लिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के आगे नहीं आने से भी यह साबित होता है कि कांग्रेस की तरह भाजपा भी आरक्षण को पहले निष्क्रिय व निष्प्रभावी बनाने और अंततः इसे समाप्त करने के षड्यंत्र में लगी है, जो घोर अनुचित है। बसपा प्रमुख ने कहा, वास्तव में जातिवादी पार्टियों द्वारा एससी-एसटी व ओबीसी समाज में फूट डालो-राज करो व इनके आरक्षण विरोधी षड़यंत्र आदि के विरुद्ध संघर्ष का ही नाम बसपा है।

### मनरेगा कार्यों की ड्रोन तकनीक से हो रही निगरानी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मनरेगा योजनांतर्गत किये गये कार्यों की ड्रोन तकनीक से निरंतर निगरानी और निरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग लगातार तकनीक पर जोर दे रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा तकनीकी का इस्तेमाल हो व आम नागरिक जागरूक हों, इसको लेकर लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग की ग्रामोन्मुखी योजनाओं का क्रियान्वयन जहां बेहतर तरीके से किया जा रहा है, वहीं योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में कहीं घालमेल न होने पाये, इसके लिए सतत् रूप से निगरानी किये जाने की व्यवस्था की गयी है। मनरेगा योजनांतर्गत कार्यों की गुणवत्ता पर प्रभावी व पैनी नजर रखने के भी सख्त निर्देश दिए गए हैं। मनरेगा कार्यों की ड्रोन तकनीक से वीडियोग्राफी/फोटोग्राफी कर निगरानी का कार्य निरंतर जारी है।

# हार के डर की वजह से भाजपा नहीं कराना चाहती मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव : अवधेश प्रसाद

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/अयोध्या ।** अयोध्या से समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने शुक्रवार को बात की। मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव, बहराइच मामले के मुख्य आरोपी के एनकाउंटर सहित अन्य मुद्दों पर उन्होंने विचार व्यक्त किया।

मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर सपा सांसद ने कहा, हम तो इस सीट से विधायक नहीं हैं। 12 जून को मैंने इस्तीफा दे दिया था। 13 जून को इस्तीफा स्वीकार कर विधानसभा अध्यक्ष ने इस सीट को खाली घोषित कर दिया था। उन्होंने कहा, उपचुनाव को लेकर भाजपा डरी हुई है, इसलिए वह इस सीट पर चुनाव को टाल रही है। यह लोग अयोध्या की हार को बर्दाश्त नहीं कर पाए हैं।

लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने पूरी ताकत लगाई। लेकिन, जनता ने इंडिया गठबंधन पर विश्वास जताया और हम सांसद बने।

उन्होंने कहा, मिल्कीपुर सीट को लेकर भाजपा ने बैठक की है और उसे पता है कि इस सीट पर उसकी हार तय है। कांग्रेस के साथ गठबंधन पर सपा सांसद ने कहा, जब तक भाजपा को इस देश से बाहर नहीं कर देते, इंडिया गठबंधन बना रहेगा। भाजपा की सरकार में देश में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। कानून व्यवस्था पूर्ण रूप से ठप हो चुकी है। बहराइच में हुए एनकाउंटर पर उन्होंने कहा, कानून के तहत आरोपियों को सजा देनी चाहिए।

### गवर्नमेंट पालीटेक्निक में खाली पदों को भरने की मांग को लेकर सीएम को पत्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** युवा मंच की मीटिंग में राजकीय पालीटेक्निक कालेजों में रिक्त पदों को भरने व नये पदों के सृजन का मुद्दा उठा। विभागाध्यक्षों के लिए पीएचडी व एमटेक आर्हता रखने वाले व्याख्याताओं को ही प्रोन्नत किया जाए। युवा मंच ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक्स पर पोस्ट कर राजकीय पालीटेक्निक कालेजों में रिक्त पदों को तत्काल भरने, तय मानक के अनुरूप नये पदों का सृजन और विभागाध्यक्षों के लिए पीएचडी व एमटेक आर्हता रखने वाले व्याख्याताओं को प्रोन्नत करने का मुद्दा उठाया है। युवा मंच संयोजक राजेश सचान की ओर से प्रेषित पत्र में कहा गया है कि प्राविधिक शिक्षा परिषद व राजकीय पालीटेक्निक कालेजों में स्वीकृत 8973 शैक्षणिक व अशैक्षणिक पदों में से 3875 पद रिक्त हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए निर्धारित छात्र शिक्षक अनुपात के मद्देनजर नये पदों के सृजन की आवश्यकता है। पत्र के माध्यम से सीएम के संज्ञान में यह भी लाया गया कि भ्रष्टाचार व वित्तीय अनियमितता का ज्वलंत उदाहरण इन शैक्षणिक संस्थानों में नियमविरुद्ध विभागाध्यक्षों के लिए प्रोन्नति की प्रक्रिया है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा छात्र कल्याण संघ के पत्र को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने संज्ञान में लिया है। जिसकी ओर से अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद को 7 अक्टूबर के प्रेषित पत्र में नियमविरुद्ध अयोग्य शिक्षकों की प्रोन्नति, छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित करने और घोर वित्तीय अनियमितता के संबंध में कार्रवाई करने के लिए कहा है।

**फटकार** | मेयर सुषमा खर्कवाल ने शुक्रवार को अचानक महिला और पुरुष कार्यालय में मारा छापा

# महिला पार्षद कार्यालय पर बाहरी लोगों का कब्जा, भड़कीं मेयर

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** मेयर सुषमा खर्कवाल ने शुक्रवार को अचानक महिला और पुरुष कार्यालय में छापा मारा। इस दौरान दोनों ही कार्यालय में बाहरी लोग बैठे मिले। पुरुष कार्यालय में जहां कुछ ठेकेदार उनके सहयोगी बैठे थे तो वहीं महिला कार्यालय में भी बाहरी लोगों का कब्जा था। यह देख मेयर का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। लोगों को फटकार लगाते हुए कहा कि आप यहां क्या कर रहे हैं।

चपरासी को बुलाकर कहा- यहां कार्यालय का ताला बिना महिला पार्षद के कैसे खुल जाता है। आगे से अगर ऐसा होता है तो तुमको सस्पेंड करा दूंगी। मेयर नगर निगम कार्यालय में जीआईएस कैंप से निकल रही थीं। उसी दौरान उनकी नजर दोनों ही कार्यालय में पड़ी। पहले तो उन्होंने लोगों को मना किया। लेकिन जैसे ही सीढ़ियों तक पहुंची बाहर निकले लोग दोबारा अंदर आ गए।

उसके बाद मेयर वापस लौट कर आईं और पूछने लगीं कि आप यहां कैसे बैठे हैं। उन्होंने कहा कि अगर आप जनता हैं तो यह आपके बैठने के लिए नहीं है।

आपके बैठने के लिए हॉल है। यह महिला पार्षदों के लिए है। यह हमने बनवाया है। मेरे मना करने के बाद भी यहां आप लोग बैठ गए। उन्होंने कहा कि अगर कोई पार्षद यहां बैठा होता तो भी समझ में आता है। मेयर सुषमा खर्कवाल अपने गुस्से के लिए जानी जाती हैं।

इससे पहले जोन तीन में गंदगी मिलने पर वह कर्मचारियों और अधिकारियों को डांट चुकी हैं। उस दौरान उन्होंने कहा कि था कि गंदे पानी में डूबा कर मार डालूंगी।

### अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम टीम का हुआ विरोध, दो ट्रक माल जब्त किया गया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम की टीम लोगों ने विरोध कर दिया। इस नगर निगम जोन छह के जोनल अधिकारी मनोज यादव के नेतृत्व में टीम अभियान चलाने पहुंची थी। इस दौरान फूल मण्डी से चरक चौराहा, चरक चौराहे से चौक व चौक चौराहे से कोनेश्वर चौराहे तक दोनों तरफ अभियान चला।

नगर निगम टीम का कहना था कि दोनों तरफअवैध तरीके से अस्थायी निर्माण कराया गया था। उसको लेकर कई बार चेतावनी जारी की गई लेकिन वहां से अतिक्रमण नहीं हटा। ऐसे में नगर निगम और स्थानीय थाने की पुलिस से संयुक्त अभियान चलाया। करीब एक घंटे तक लोगों ने टीम का विरोध किया।

कुछ लोगों का कहना था कि अभियान पक्षपात के हिसाब से कराया जा रहा है। लोगों को शांत कराने के लिए पुलिस के साथ दृ साथ स्थानीय पार्षद अनुराग मिश्रा भी पहुंच गए। पार्षद ने लोगों को मौके पर समझाया। नाराज लोगों का कहना था कि नगर निगम उनके रोजी-रोटी पर हमला कर रहा है। इस तरह से जिंदा रहने का संकट पैदा हो जाएगा। इस दौरान करीब दो ट्रक माल जब्त किया गया। इसमें 15 ठेले, 3 ठेले, 2 घोड़े वाली बग्घी, 2 लोहे के स्टूल, 1 लोहे की बैंच,1 छाता, 1 इलेक्ट्रानिक व 1 लोहे का तराजू जब्त किया गया। अतिक्रमण कर्ताओं को सचेत भी किया गया। इस दौरान 2100 रुपए का जुर्माना भी वसूला गया।

# जनपद की रैंकिंग पिछड़ी तो होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम

- मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर चल रही योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा
- खराब रैंकिंग वाले विभागों को लगाई कड़ी फटकार



**इन योजनाओं की हुई समीक्षा**
जिलाधिकारी द्वारा बायोमेडिकल उपकरण का रखरखाव, विद्युत आपूर्ति, जल जीवन मिशन, ऑपरेशन कायाकल्प, पशु टीकाकरण, सैतुओं का निर्माण, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सहित कई अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई।

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़**

शुक्रवार को जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जिले में चल रही विकास योजनाओं की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा की। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से विभागवार योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने उद्यान विभाग, नेडा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, प्रोबेशन विभाग, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, खादी ग्रामोद्योग, उद्योग विभाग, लोक निर्माण विभाग, मत्स्य पालन, श्रम विभाग, पशुपालन विभाग, सेतु निगम, ग्राम्य विकास विभाग आदि की समीक्षा की। खराब रैंकिंग वाले विभागों के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए रैंकिंग में सुधार लाने की हिदायत दी।

उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा है कि निरंतर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, निर्धारित समय अवधि में निस्तारण करें। कहा कि संबंधित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गंभीरता से लें। मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को डाटा प्रस्तुत किया जाता है, डाटा फीड करते समय कोई भी फर्जीवाड़ा न किया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग छोटी से छोटी कमी पर ध्यान देते हुए अपनी रैंकिंग में सुधार लाएं यदि अगली बैठक में रैंकिंग में सुधार नहीं होता है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी जो विभाग लगातार खराब रैंकिंग ला रहे हैं वह क्षमता से अधिक कार्य कर करके रैंकिंग में सुधार लायें।

# प्रताड़ना से तंग आकर काजल ने की थी आत्महत्या, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के खैरा ग्राम में 21 वर्षिय काजल मिश्रा ने ब्लैकमेलिंग और प्रताड़ना से तंग आकर उस ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया था। उस ने आत्महत्या करने से पहले सुसाइट नोट भी लिखा था। सुसाइड नोट और पिता की तहरीर पर चार लोगों पर आत्महत्या के लिए प्रताड़ित करने का मुकदमा दर्ज कराया है। नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के खैरा पाठक पुरवा गांव के निवासी दीपक मिश्रा उर्फ टिल्लू पुत्र राम आधार मिश्रा ने नगर कोतवाली में तहरीर दिया कि बीते बुधवार की दोपहर करीब 2.30 बजे मेरी लड़की काजल मिश्रा जिस के साथ शुभम मिश्रा पुत्र विशम्भर मिश्रा निवासी ललक पुर थाना खरगु पुर मेरी लड़की को अक्सर फोन कर के परेशान करता था तथा मेरी लड़की को ब्लैक मेल भी करता था। जिस की शिकायत मेरी लड़की ने शुभम की बहन संगीता मिश्रा और उस के पति अनिल मिश्रा तथा सुभम के भाई सतीश मिश्रा से किया था। शिकायत करने पर इन लोगो ने मेरी लड़की के ऊपर दबाओ बनाया कि किसी से कुछ मत कहना। मेरी लड़की काजल शुभम की ब्लैकमेलिंग से तंग आकर साड़ी का फंदा से फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। नगर कोतवाली मनोज पाठक ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा चार लोगों के खिलाफ में दर्ज कर लिया गया है। विवेचना सेमरा चौकी प्रभारी उदित वर्मा को दी गई है।

# ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार तीन लोग घायल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जिले के मसकनवा बाजार के सब्जी मंडी के पास ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें छपिया सीएचसी पर ले जाया गया जहां से तीनों को रिफर कर दिया गया। मिली जानकारी के मुताबिक मसकनवा कस्बे में दुर्घटना उस वक्त हुई जब बाइक सवार पति पत्नी व पुत्र ट्रक की चपेट में आ गए और तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में श्रवन 42, शान्ति पत्नी श्रवण 36 तथा उनका बेटा अमन उम्र करीब 19 वर्ष का नाम शामिल है। जो तेंदुवा रानीपुर छपिया के रहने वाले बताए जा रहे हैं। तीनों घायलों की हालत नाजुक बताई जाती है।

# ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष के गोंडा प्रथम आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष बसंत लाल गौतम के गोंडा प्रथम आगमन पर प्रदेश उपाध्यक्ष जिला संप्रेक्षक अमीर अहमद के नेतृत्व में जनपद के पदाधिकारी ने चौधरी चरण सिंह सिंचाई डाक बंगला गोंडा माला पहनकर स्वागत किया उसके बाद जिला के पदाधिकारी के साथ बैठक करके आगामी 5 नवंबर को पुरानी पेंशन के बहाली के कार्यक्रम की समीक्षा की जनपद के सभी पदाधिकारी को निर्देशित किया कि भारी से भारी संख्या में आगामी 5 नवंबर को पुरानी पेंशन बहाली के कार्यक्रम को सफल बनाएं बैठक करने के बाद राघवेंद्र तिवारी जी की धर्मपत्नी की एक्सीडेंट की सूचना पाकर उनके पैतृक आवास बेलसर पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ बसंत लाल गौतम जी, उनके साथ में देवी पाटन मंडल अध्यक्ष आदरणीय नरसिंह नरायन पाण्डेय जी गोंडा मंडल वरिष्ठ उपाध्याय सचिंद्र मोहन श्रीवास्तव प्रदेश उपाध्यक्ष जिला संप्रेक्षक अमीर अहमद जी जिला महामंत्री शिवराम शुक्ला जिला संगठन मंत्री संतोष यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम रूप वर्मा पूर्व जिला महामंत्री जिला संयोजक मनोज मिश्रा जिला उपाध्यक्ष अरविंद मिश्रा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरिता कश्यप ब्लॉक अध्यक्ष बभनजोत धर्मेंद्र वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष छपिया प्रदीप वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष बेलसर रघुनाथ मौर्य सतीश दुबे दिलीप कुमार ब्लॉक अध्यक्ष वजीरगंज सनी राम ब्लॉक महामंत्री पंकज सिंह सुनील कुमार प्रदीप ब्लॉक अध्यक्ष नवाबगंज राम सजीवन तिवारी ब्लॉक महामंत्री संजय वरिष्ठ कर्मचारी नेता सतीश सिंह ब्लॉक कोषाध्यक्ष तरबगंज रामशरण यदुनाथ सिंह रामवतार रविंद्र कुमार राजेश कुमार विजय कुमार तहसील अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष करनैलगंज रवि गोस्वामी ब्लॉक अध्यक्ष परसपुर जितेंद्र तिवारी ब्लॉक कोषाध्यक्ष माता शर्मा प्रयाग दत्त ब्लॉक अध्यक्ष इटियाथोक लोकनाथ शुक्ला महेश चौरसिया पहुंच कर स्वास्थ्य का हाल-चाल लिया शीघ्र स्वस्थ होने की कामना किया।

# गरीब परिवारों के संग दीपोत्सव मनाएगा मारवाड़ी युवा मंच

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।**




एक छोटा सा प्रयास, बड़ी मुस्कान के लिए - आनन्द सबके लिए एक कार्यक्रम ,आओ मनाये दीपावली गरीब और असहाय परिवारों के संग मारवाड़ी युवा मंच गोण्डा शाखा अपने राष्ट्रीय कार्यक्रम आनन्द सबके लिए गोण्डा जनपद की तरबगंज तहसील के वनटांगिया गांव महेशपुर एवं रामगढ़ में आगामी 27 अक्टूबर 2024 को जिला प्रशासन के साथ संयुक्त रूप से आयोजित करेगा। जिसमें मारवाड़ी युवा मंच द्वारा गांव के समस्त परिजनों को नये कपड़े, चटाई, कम्बल, बाल्टी, बैग, खाद्यान्न, आतिशबाजी, दीया तेल, मिठाई, चप्पल, जूते, गुड़, आटा, रवा आदि सामग्री का वितरण लोगों के सहयोग से करेगा। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की 850 शाखाओं में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सम्पादित कराने में संस्था के अध्यक्ष गोपाल मित्तल महामंत्री पीयूष मित्तल, कार्यक्रम संयोजक विकास जैन, अनिल मित्तल,सह संयोजक विशाल सिंघल, मुकेश नहारिया, राजेश अग्रवाल, अमित गर्ग, विकास अग्रवाल एवं मंच के समस्त सदस्य एवं पदाधिकारी एवं देवीपाटन महिला मंडल मारवाड़ी युवा मंच की प्रांतीय उपाध्यक्ष नीलम जैन,शाखा अध्यक्ष नीतू गर्ग,भावना सोमानी, अनीता नहारिया अन्य सहित अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं।

# झांसा देकर महिला को लगाया एक लाख का चूना

- कराई जायेगी जांच, मामला सही पाये जाने पर संबंधित के खिलाफ होगी कार्रवाई : बीडीओ

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**




जिले के विकासखंड इटियाथोक अन्तर्गत ग्राम पंचायत लक्ष्मणपुर लाल नगर की रहने वाली कुसुमा देवी ने शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी को एक शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

कुसुमा का आरोप है कि विकासखंड इटियाथोक के एन.आर.एल.एम. कार्यालय में तैनात ब्लॉक मिशन मैनेजर ने उसके साथ फर्जीवाड़ा किया है। महिला ने शिकायती पत्र में बताया है कि गांव में संचालित दुर्गा स्वयं सहायता समूह की वह अध्यक्ष है। समूह के बचत खाता संख्या 50468945085 में सीआईएफ फंड के तहत एक लाख दस हजार रूपया आया हुआ था। एन.आर.एल.एम.कार्यालय में तैनात ब्लाक मिशन मैनेजर प्रवेश कुमार ने घर पर बैठक किया।

इस दौरान दोना पत्तल बनाने के लिए मशीन लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पशुपालन की कार्यवाही लिखकर बैंक से पैसा निकाल लो, यदि मशीन लेने की कार्यवाही लिखकर पैसा निकालोगी तो पैसा एजेंसी पर ट्रांसफर करना पड़ेगा। जिससे अनुदान का लाभ नहीं मिल पायेगा। यदि मेरे विभाग के द्वारा मशीन लोगी तो 50 प्रतिशत अनुदान दिला दूंगा। पीड़िता के मुताबिक वह झांसे में आ गई और दो साल पहले समूह के रजिस्टर में एक लाख रुपया पशुपालन की कार्यवाही में दर्शाने के बाद पूरी धनराशि निकाल कर प्रवेश कुमार को दे दिया।

इतना ही नहीं मशीन का भाड़ा कहकर दस हजार आनलाइन ले लिया गया। काफी समय बीतने के बाद भी मशीन नहीं मिली तो इटियाथोक एनआरएलएम कार्यालय जाकर प्रवेश कुमार से पूछा कि दो साल बीत गया पैसा दिए हुए अभी तक हम लोगों को मशीन नहीं मिली है। यदि मशीन ना दिला पाओ तो पैसा वापस कर दो। इस पर प्रवेश कुमार भड़क गए और समूह बंद करने की धमकी देकर कार्यालय से भगा दिया। मामले में प्रवेश कुमार का कहना है कि आरोप निराधार है।

वहीं खंड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि शिकायत मिली है,पूरे प्रकरण की जांच की जाएगी। मामला सही पाये जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

## खबरें एक नजर में

### दूसरा तेंदुआ पिंजड़े में कैद, कई दिनों से कर रहा था हमला



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के जंगल से सटे अयोध्यापुरवा गांव में लगे पिंजड़े में तेंदुआ रात एक बजे कैद हो गया। उसे रेंज कार्यालय स्वास्थ्य जांच के लिए लाया गया है।सुजौली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुजौली में कई दिनों से तेंदुआ हमला कर रहा था। जिस पर ग्राम पंचायत के मजरा अयोध्यापुरवा में 12 अक्टूबर को पिंजड़ा लगाया गया था। गुरुवार रात एक बजे वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजड़े में तेंदुआ कैद हो गया। जिस पर वन कर्मियों ने सूचना रेंज कार्यालय में दी। डीएफओ बी शिव शंकर ने बताया कि तेंदुए को रेंज कार्यालय लाया गया है। स्वास्थ्य जांच के बाद उसे जंगल में छोड़ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि तीन डॉक्टरों का पैनल स्वास्थ्य जांच करेगा। मालूम हो कि गांव में दो सप्ताह में दूसरा तेंदुआ पकड़ा गया है।

### दबंगों ने सफाईकर्मी को पीटा



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** वजीर गंज थाना क्षेत्र में एक दबंग ने 50 वर्षीय ग्रामीण सफाई कर्मचारी को दौड़ा दौड़ा कर मारा पीटा गया है।घटना की तहरीर थाने पर दी गई है। वजीर गंज थाना क्षेत्र के अनभुला गांव के निवासी गुर चरन साहू पुत्र बजरंगी साहू को गांव के ही एक दबंग व्यक्ति ने लाठी डंडा से पीटा गया है। जिस से उस के शरीर पर कई जगह लाठी से मारने का चोट का निशान बना हुआ है। गुर चरण साहू ने बताया कि उस के गांव के ही एक व्यक्ति उस के घर पर चीनी मांगने आया था। चीनी देने से मना कर दिया था। उस ने बताया कि वह पंचायत विभाग में ग्रामीण सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत है। डियूटी करने गया था। डियूटी कर के घर बाइक से आ रहा था। रास्ते मे उस को घेर कर लाठी डंडे से मारा पीटा गया। वजीर गंज थाने पर तहरीर दिया तो पुलिस ने मेडिकल कराया था। आरोपी के खिलाफ में अभी तक मुकदमा नही लिखा गया है। जब इस प्रकरण पर थाना अध्यक्ष वजीरगंज अभय सिंह से वार्ता की गई तो उन्होंने कहा प्रकरण संज्ञान में आया है जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### गन्ने के खेत में घास काटने गई किशोरी लापता, मुकदमा दर्ज

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीते मंगलवार को गन्ने के खेत मे घास काटने गई किशोरी लापता हो गई। परिवार के लोगो ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका पता ना लगने से पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर अपने लड़की को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा भगा ले जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली में दर्ज कराई गई प्रथम सूचना रिपोर्ट में कहा गया है कि दिनांक 15.10.2024 दिन मंगलवार को समय करीब सुबह 11 बजे उसकी सत्तरह वर्षीय लड़की गन्ने के खेत मे घास काटने गई थी। काफी समय बीत जाने के बाद लडकी जब घर नही आयी तो उसके पिता व परिवार के लोगो ने काफी खोजबीन की लेकिन लड़की का पता नही लगा। काफी खोज करने पर किसी अज्ञात व्यक्ति के भगा ले जाने की जानकारी हुई। पीड़ित पिता ने पुलिस को सूचना देकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करके उचित कार्रवाई करने की मांग की। कोतवाली पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# नगर में भ्रमणशील रहे एडीजी, डीएम, एसपी, शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस ने रखी नजर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



**आरोपियों की सीजेएम आवास पर हुई पेशी**
जनपद के महाराजगंज में रविवार को हुए दंगा के मामले में सभी आरोपियों की शुक्रवार सुबह सीजेएम के आवास पर पेशी हुई। इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।उनकी पेशी शुक्रवार को दीवानी न्यायालय में होनी थी इसके लिए न्यायालय में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई। लेकिन दीवानी न्यायालय में भीड़ और सुरक्षा कारणों को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस अधीक्षक ने सीजेएम से वार्ता कर आवास पर पेशी करवाई। शहर के पानी टंकी स्थित जज कॉलोनी में सभी की पेशी हुई। इस दौरान पुलिस का सख्त पहरा रहा।

जिले महराजगंज में हुए दंगे को लेकर शुक्रवार को पूरे जिले में सतर्कता बरती गई। शहर में एडीजी जोन, डीआईजी और डीएम शहर की सड़कों पर मार्च करते दिखे।

जिले में अमन शान्ति तथा आमजन में सुरक्षा का एहसास कराये जाने के उद्देश्य से एडीजी गोरखपुर ज़ोन डॉ. केएस प्रताप सिंह, डीआईजी अमरेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला ने प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों तथा सुरक्षा बलो के वाहनों के साथ लगातार नगर क्षेत्र में भ्रमणशील रहे। एडीजी, डीएम व एसपी ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ घण्टाघर से छावनी होते हुए दरगाह शरीफ, से रामलीला मैदान होते हुए बशीरगंज चौराहा, जामा मस्जिद, रोडवेज, पानीटंकी से अस्पताल चौराहा व छोटी बाजार होते हुए सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर कानून एवं शान्ति व्यवस्था का जायज़ा लेते रहे। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, एसपी नगर रामानंद कुशवाहा, सीओ सिटी रमेश कुमार पांडेय समेत अन्य मौजूद रहे।

**दंगे में शामिल 26 और अपराधी गिरफ्तार**
जिले के महराजगंज बाजार में रविवार को हुए दंगे में शामिल 26 लोगों को पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया। मेडिकल जांच के बाद सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज में रविवार को मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान समुदाय विशेष के लोगों ने पथराव के बाद फायरिंग कर दी थी। जिसमें रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा की मौत हो गई थी। इसके बाद जमकर बवाल हुआ था। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की धर पकड़ शुरू की। प्रभारी निरीक्षक कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि उप निरीक्षक विनोद सिंह, महेन्द्र सिंह, गोपाल कन्नौजिया, आस मोहम्मद समेत 18 पुलिस कर्मियों की टीम ने महराजगंज बाजार निवासी अलताफ पुत्र असलम, अनवर हुसैन पुत्र अंसार अहमद, तालिब पुत्र जहिद, नफीस पुत्र रमजान, नौसाद पुत्र आमीन, सलाम बाबू पुत्र मुनऊ, गुलाम यश पुत्र दानिश, अनवार अशरत पुत्र मो0 तुफैल, मो0 एहशान पुत्र मो0 अली, मो0 अली पुत्र मो0 शफी, दोस्त मोहम्मद पुत्र नजीर अहमद, मो0 जाहिद पुत्र अब्दुल शाहिद, शुद आलम पुत्र गुलाम सैय्यद, मो0 इमरान पुत्र मो0 नसीम, जिशान अदिल पुत्र मो0 नसीम, रिजवान पुत्र तलीफ, फुलकान पुत्र लतीफ, इमरान पुत्र लतीफ, समसुद्दीन पुत्र अयुब, इमरान पुत्र अनवर, मेराज पुत्र भग्गन, आमीर पुत्र पीर आमीर, शाहजादे पुत्र गुलाम, मो0 मौसीन पुत्र मो0 नसीम, शहजादे पुत्र मो0 शमीम और सलमान पुत्र मो0 शमीम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# प्रशासनिक अक्षमता और राजनीतिक साजिश दंगे का जिम्मेदार : जिलाध्यक्ष

- सपा जिलाध्यक्ष ने पीड़ितों को न्याय के लिए राज्यपाल को भेजा ज्ञापन
- पुलिस ने दिखावे में किया एनकाउंटर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़ ।**



महराजगंज में युवक की गोली मारकर की गई हत्या और जलाए गए मकानों के विरोध में शुक्रवार को सपा के प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रशासनिक अक्षमता और राजनीतिक साजिश के तहत दंगा करवाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस ने अपने बचाव में सिर्फ दिखावे का एनकाउंटर किया है।समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अधिवक्ता रामहर्ष यादव शुक्रवार को सपा के प्रतिनिधि मंडल के साथ डीएम मोनिका रानी को ज्ञापन देने पहुंचे। राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन में जिलाध्यक्ष ने पीड़ितों को न्याय दिलाने और दंगे के न्यायिक जांच की मांग की। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिनके मकान जले हैं, उन्हें सरकार की ओर से मुआवजा दिया जाए। इसके साथ ही जिलाध्यक्ष ने मृतक राम गोपाल मिश्रा के परिवार को 50 लाख रूपये की आर्थिक सहायता देने की मांग की। प्रेस वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि दंगा प्रशासनिक अक्षमता और राजनीतिक साजिश के तहत हुआ है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने जांच में फंसने और बचने के लिए दिखावे का एनकाउंटर किया है। यह एनकाउंटर पूरी तरह से फर्जी है।सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि महाराजगंज में पीएससी जवानों की मौजूदगी में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस निकाला जाता था। लेकिन होमगार्ड और कुछ सिपाहियों के जिम्मे होने से यह बवाल हुआ है। इस दौरान कैसरगंज विधायक अनिल कुमार यादव, पूर्व विधायक गोंडा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# आज से शुरू होगी रामलीला व श्री कृष्णलीला



**मिहीपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिले के तहसील मिहीपुरवा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा वैवाही के दूधाधारी में लगभग 120 वर्षों से लगातार प्रत्येक वर्ष श्रीराम लीला व श्री कृष्ण लीला का आयोजन आयोजकों द्वारा की जाती है। आज मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे व विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष भाजपा हरीश चन्द गुप्ता, अभिषेक चौबे, रामदल ट्रस्ट अयोध्या फीता काटकर श्री कृष्णा व श्री रामलीला का शुभारंभ करेंगे। दोनों लीलाएं सात दिनों तक दर्शकों को नाट्य मंचन के माध्यम से दिखाई जाएगी। रामलीला वस श्री कृष्ण लीला को देखने के लिए कई जनपदों से आते हैं बहराइच जनपद का सबसे प्रसिद्ध श्री कृष्ण और रामलीला यहां पर लोगों को नाट्य मंचन से दिखाई जाती है। श्री रामलीला समिति में के अध्यक्ष लल्लू सोनी ने बताया कि शनिवार से श्री कृष्ण व रामलीला का आयोजन हो रहा है। व्यवस्थाएं पूरी हो चुकी हैं। रामलीला के प्रथम दिन नारद मोह लीला का मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम में सुरक्षा को लेकर थाना खैरीघाट की पुलिस को कार्यक्रम की जानकारी दे दी गई है।

# वीर चंद्र वर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए सभापति



- 11 डायरेक्टर को भी निर्विरोध निर्वाचित किया घोषित
- श्रावस्ती सहकारी चीनी मिल नानपारा में भी भाजपा ने लहराया परचम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को श्रावस्ती सहकारी चीनी मिल नानपारा में गन्ना समिति के निर्वाचन में वीर चंद्र वर्मा भाजपा जिला मंत्री को सभापति निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। तथा 11 डायरेक्टर को भी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। तथा शासन द्वारा अखंड प्रताप सिंह को डायरेक्टर घोषित किया गया । इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे, जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, डॉ जितेंद्र त्रिपाठी, सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष घनश्याम सिंह, ब्लॉक प्रमुख फखरपुर रणवीर सिंह, मुन्ना, योगेश प्रताप सिंह, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता ओम प्रकाश गुप्ता, रुपईडीहा नगर पंचायत अध्यक्ष उमाशंकर वैश्य, नानपारा नगर मंडल अध्यक्ष आशीष पांडे, रजवापुर मंडल अध्यक्ष आशीष चौधरी, रामपुर धोबिया हार मंडल अध्यक्ष शालिक राम लोधी, शिवपुर मंडल अध्यक्ष राकेश पांडे ने विजयी प्रत्याशी व भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे को पुष्प माला को पहनाकर व मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सभी मंडल के भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मृतक राम गोपाल की पत्नी रोली बोली- पुलिस व प्रशासन से नहीं मिल रहा न्याय

- पुलिस ने घूस लेकर एनकाउंटर का मढ़ा आरोप, कहीं नहीं लगी गोली
- सिर्फ दिखावा कर रही पुलिस, न्याय की मांग को लेकर रोली ने डाला वीडियो





**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के रेहुआ मंसूर गांव निवासी मृतक राम गोपाल मिश्रा की पत्नी रोली ने पुलिस और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाया है। रोली ने कहा कि पुलिस ने घूस लेकर एनकाउंटर का झूठा बयान दिया है। कहीं गोली नहीं लगी है। पुलिस और प्रशासन की ओर से उसे न्याय नहीं मिल रहा है। पत्नी का यह वीडियो देश भर में सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। राम गांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा (22) की रविवार शाम को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान दंगाइयों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में मृतक के भाई हरि मिलन मिश्रा ने अब्दुल हमीद, बेटे सरफराज उर्फ रिंकू, फहीम समेत अन्य पर केस दर्ज कराया था। पुलिस ने हत्या में शामिल सभी मुख्य आरोपियों नाटकीय अंदाज में कोतवाली नानपारा क्षेत्र के हांडा बसेहरी गांव के निकट से एनकाउंटर में गिरफ्तार किया। इनमें सरफराज और तालिब को पुलिस द्वारा एनकाउंटर कर गिरफ्तार करने की बात कही है। इस पर मृतक रोली मिश्रा की पत्नी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि पुलिस और प्रशासन से उसे न्याय नहीं मिल रहा है। सिर्फ दिखावे के लिए एनकाउंटर बताया गया है। रोली का कहना है कि पुलिस ने घूस ले लिया है। ऐसे में उसे न्याय मिलने की उम्मीद नहीं दिख रही है। पत्नी रोली ने न्याय की गुहार लगाई है।

**शुरू से पुलिस पर लगे आरोप**
हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार निवासी अब्दुल हमीद और गोली मारने वाला सरफराज उर्फ रिंकू सराफा व्यवसाई हैं। उनके तार नेपाल से जुड़े हैं। मुख्य आरोपी की ससुराल नेपाल में है। ऐसे में शुरू से ही इन सभी पर पुलिस पर संरक्षण के आरोप लगे हैं। ऐसे में कई सवाल उठ रहे हैं।

**मृतक राम गोपाल के पिता ने वीडियो जारी कर कहा- पूरे परिवार के साथ कर लूंगा आत्मदाह, पुलिस नहीं कर रही न्याय**
जिले के रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा के पिता कैलाश नाथ ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है। ऐसे में वह पूरे परिवार के साथ आत्मदाह कर लेंगे। वहीं घायल हुए लोगों ने भी पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाया है। राम गांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा (22) की रविवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान महराजगंज में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।हत्याकांड में नामजद पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इनमें सरफराज उर्फ रिंकू और तालिब का पुलिस ने एनकाउंटर किया है। इस पर पिता कैलाश नाथ ने सवाल उठाया है। उनका कहना है कि पुलिस द्वारा उन्हें न्याय नहीं दिया जा रहा है। पुलिस का अपराधियों से गठजोड़ है। ऐसे में अगर उन्हें न्याय नहीं मिला तो वह परिवार समेत आत्महत्या करने की चेतावनी दी है। उधर गोलीकांड में घायल हुए सिपहिया प्यूली गांव निवासी सत्यनाम मिश्रा समेत दो लोगों ने कहा कि वह लखनऊ से सही होकर घर आए हैं। लेकिन गोली के बदले गोली होनी चाहिए। पुलिस ने सिर्फ अपना कोरम पूरा किया है।

# अपराधियों को संरक्षण दे रहा था ग्राम प्रधान पति, पुलिस ने भेजा जेल

- रामगोपाल मिश्रा हत्याकांड में गिरफ्तार पांच आरोपियों में महराजगंज का ग्राम प्रधान भी शामिल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के महराजगंज में रविवार को रामगोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में शामिल अपराधियों को गांव का ग्राम प्रधान ही संरक्षण दे रहा था। ऐसे में अपराधियों को पकड़ने के साथ-साथ ग्राम प्रधान पति को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में रविवार को मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान सरफराज उर्फ रिंकू सोनार ने गोली मारकर राम गोपाल मिश्रा की हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड ने प्रदेश में तहलका मचा दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी अपराधियों को पकड़ने के निर्देश दिए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को कोतवाली नानपारा क्षेत्र के हाड़ा बसेहरी नहर के निकट से मकान मालिक अब्दुल हमीद, बेटे सरफराज उर्फ रिंकू, मोहम्मद तालिब और फहीम को गिरफ्तार किया।घटनास्थल से 12 बोर एसबीएल, जिंदा कारतूस और एक खोखा भी बरामद किया था। लेकिन पांचवा आरोपी मोहम्मद अफजल उर्फ कल्लू पुत्र अनवर सबसे बड़ा खलनायक निकला। वह महराजगंज



का ग्राम प्रधान पति है। साथ ही वह अपराधियों को संरक्षण दे रहा था। पुलिस को ग्राम प्रधान पति ने अपराधियों तक पहुंचाने में सहयोग किया। ऐसे में दंगा में संलिप्तता और अपराधियों को संरक्षण देने में ग्राम प्रधान पति को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# ...और जब आधी रात को कप्तान पहुंच गए थाने पर

- अपराध का ग्राफ हुआ है कम, सुधरी है जिले की कानून व्यवस्था
- मुख्यमंत्री जी का नारा है, सबकी सुरक्षा धरातल पर उतार रहे हैं: डॉ. यशवीर सिंह
- एक्सप्रेस में सवार थानेदारों को है सख्त निर्देश, बिगड़ी कानून व्यवस्था तो आओगे कार्रवाई के रडार पर

सुशील सिंह



### तबादला एक्सप्रेस के बाद औचक निरीक्षण की बुलेट ट्रेन पर सवार कप्तान

**बढ़ते** अपराधों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक ने पुलिस महकमें बदलाव किए इसके साथ ही कानून व्यवस्था को और चुस्त दुरुस्त बनाने के लिए आम जनता के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वाक्यों को चरित्रार्थ करने के लिए अब औचक निरीक्षण शुरू कर दिया गया है वह कब किस थाने पर पहुंच जाएं और निरीक्षण करने लगे इसकी जानकारी सिर्फ उन्हीं को है और वही बता सकते हैं, हां...उनके इस निरीक्षण के बाद पुलिस महकमें में खलबली जरूर देखने को मिल रही है। आराम की जिंदगी फरमाने वाले कर्मचारी और अधिकारियों में भय जरूर व्याप्त हो गया है कि कप्तान कब पहुंच जाए और कब हम लोगों के द्वारा बरती जा रही लापरवाहियां उजागर हो जाए।

**रायबरेली।** कानून व्यवस्था और सबकी सुरक्षा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहली प्राथमिकता है और वह इस पर लगातार कार्य भी कर रहे हैं कहते हैं कि जब टीम संगठित हो और टीम में अच्छे सिपाही हो तो किसी भी अव्यवस्था को व्यवस्था में परिवर्तित किया जा सकता है। एनडीए पार्ट 1 से लेकर एनडीए पार्ट 2 तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानून व्यवस्था को लेकर अच्छा कार्य कर रहे हैं यह आम जनता की राय है कुछ एक मुद्दों को लेकर जो शायद अपवाद हो सकते हैं रही बात कानून व्यवस्था की उसे पर लगातार कार्य कर रहे हैं और उसके परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। रायबरेली राजनीतिक तौर पर काफी संसेटिव क्षेत्र है क्योंकि प्रदेश देश या विश्व में इसकी एक पहचान है और ऐसे जिले की बागडोर एक सरल सौम्य सुलझा और काबिल व्यक्ति ही संभाल सकता है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह जिले का चार्ज संभाला है कानून व्यवस्था में सुधार देखने को मिल रहे हैं अभी कुछ दिन पहले चोरी-चीनती लूट हत्या जैसे अपराधों की बाढ़ आ गई थी और जिसकी गूंज लखनऊ तक पहुंची तय हुआ कि राजनीतिक तौर पर मजबूत रायबरेली में कोई सूझबूझ और शांत व्यक्तित्व का ही अधिकारी जिले की कानून व्यवस्था को संभाल सकता है जिसको लेकर मंथन चल और उसके बाद शीर्ष नेतृत्व ने सोनभद्र में तैनात पुलिस अधीक्षक डॉक्टर एसपी सिंह को रायबरेली का चार्ज सौंपा, रायबरेली का चार्ज संभालते ही पुलिस अधीक्षक डॉक्टर एसपी सिंह ने जिले की भौगोलिक स्थिति को समझी जिले में स्थापित ठाणे और उसे थाना क्षेत्र की राजनीतिक भौगोलिक स्थिति को समझा उसके डेढ़ महीने बाद उन्होंने एक बड़े स्तर पर थानों में कई साल से जमीन थानेदारों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया यही नहीं उनकी पहली प्राथमिकता है कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाना और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वाक्यों को पूरा करना जो उनके द्वारा हर राजनीतिक हर सामाजिक पटल पर रखा जाता हैं, कि उत्तर प्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता है सब की सुरक्षा सुनिश्चित करना उसी कड़ी को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है।

## छोटे व मध्यम किसानों को धान खरीद में प्रथमिकता दी जाए: जिलाधिकारी



रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने आदेश दिए हैं कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत सीधे कृषकों से धान क्रय करने हेतु शासन द्वारा निर्गत धान क्रय नीति के शासनादेश व खाद्य तथा रसद अनुभाग-4 के प्रस्तर संख्या-13.5 में दी गयी व्यवस्था के अनुपालन में जनपद रायबरेली में छोटे व मध्यम किसानों को धान खरीद में प्राथमिकता प्रदान किया जाना योजना का मुख्य उद्देश्य है। ऐसे किसान जिनकी उपज 60.00 कुन्तल या उससे कम है तो ऐसे किसानों को धान खरीद में प्रथमिकता प्रदान की जायेगी, जिससे छोटे किसान डिस्ट्रेस सेल के शिकार न हों।

# प्रभात युवा शक्ति के पदाधिकारियों ने कोतवाल को की प्रतिमा भेंट

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



प्रभात युवा शक्ति के नेता पियूष साहू एवं उनके संगठन द्वारा नवागंतुक कोतवाल जगदीश यादव से भेंट कर महराजगंज की धरती पर पधारने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं और धन्यवाद दिया। साथ-साथ प्रभात युवा शक्ति के पदाधिकारीयों द्वारा कोतवाल को भगवान की प्रतिमा भेंट कर स्वागत और सम्मान किया। साथ-साथ प्रभात युवा शक्ति के नेता पियूष साहू ने कहा हम सभी आपसे यही उम्मीद करते हैं की क्षेत्र में अपराधों में कमी आएगी और आप कानून व्यवस्था को अच्छे तरीके से संभालेंगे इस पर कोतवाल जगदीश यादव ने भी प्रभात युवा शक्ति के पदाधिकारीयों से कहा की क्षेत्र में अपराध और अपराधियों को बक्सा नहीं जाएगा ।इस मौके पर पीयूष साहू शेखर वर्मा सूरज वैश्य धर्मेंद्र वर्मा शाहरुख तरजीत सिंह अभय कसेरा टिंकू सोनकर अजहर निहाल वर्मा शुभम सोनी रवि सक्सेना मोनू अह्लन वर्मा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## उपखंड अधिकारी को दिया शिकायती पत्र

**महराजगंज रायबरेली।** राकेश कुमार पुत्र भिखारी निवासी ग्राम टूक विकासखंड महराजगंज जिला रायबरेली ने लिखित शिकायत पत्र देते हुए उपखंड अधिकारी महराजगंज रायबरेली को बताया कि प्रार्थी उपरोक्त पते का मूल निवासी है ।तथा प्रार्थी राकेश कुमार व राम प्रताप के छत के ऊपर से विद्युत लाइन गई है जो कुछ दिनों पहले केबल टूट गई थी जिसको वर्तमान समय में लाइनमैन जोड़ने हेतु गए थे जिसके जोड़ने से रोके जाने पर लाइनमैन झगड़ा पर आमादा है और मात्र उस केबल से एक ही कनेक्शन चलता है उसी लाइन के दूसरी तरफ एक विधुत पोल है उस पोल से उपरोक्त केबल जोडवाये जाने की गुहार लगाई।

# कुम्हार तैयार कर रहे हैं दीपावली के लिए मिट्टी के बर्तन

- पर्यावरण की नजर से ये बर्तन होते हैं अच्छे

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



> आखिर कैसे बढ़ेगा भारत सरकार द्वारा प्रजापति समाज के लिए मोटर की चक्की की व्यवस्था की गई है जिससे वह मिट्टी के बर्तन बना सके लेकिन कुम्हार महेंश कुमार ने बताया कि अभी तक मुझे नहीं मिला जिसकी वजह से मेरा कार्य बहुत कम होता है अगर मिल जाए तो काम में रफ्तार आ जाए।

दीपावली का पर्व नजदीक आता जा रहा है वही इस समय बाजार में तमाम तरह के प्रोडक्ट बिक रहे हैं जो अधिकतर विदेशी ही है। वही दीपावली का त्योहार बिना कुम्हार बिरादरी के अधूरा ही रहता है प्रजापति समाज दीपावली के पर्व के पहले मिट्टी से दिए बनाना एवं दीपावली से संबंधित अन्य बर्तन बनाना शुरू कर देता है उसके बाद उन बर्तनों को ले जाकर गांव-गांव में बेचता है प्रजापति के लोगों का इलाका बांटा होता है और वो उसी इलाके में जाते हैं जो इलाका उनका होता मे क्योंकि इनके बाप दादा भी मिट्टी के बर्तन देते चले आ रहे हैं ।प्रजापति समाज के महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि हमारे बाबा दादा से लेकर कई पीढ़ियां बर्तन बनाने का काम ही करती हैं हम लोग दीपावली के पर्व पर बर्तन बनाते हैं और उसे जहां-जहां हमारी किसानी है वहां ले जाकर लोगों को देते हैं जिससे अनाज और रूपए पैसे हम सभी को लोगों द्वारा दिए जाते हैं बिना मिट्टी के बर्तन के दीपावली का पर्व अधूरा ही माना जाता है ।और इस पर्व में शहरों में तो नहीं लेकिन ग्रामीण इलाकों में मिट्टी के बर्तनों का ही प्रयोग ज्यादा से ज्यादा किया जाता है और यह पर्यावरण की नजर से भी अच्छा रहता है क्योंकि प्लास्टिक को नष्ट होने मे हजारों वर्ष लग जाते हैं लेकिन मिट्टी के यह बर्तन मिट्टी में ही मिल जाते हैं।

## खबरें एक नजर में

### जादू के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक



**महराजगंज रायबरेली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज में तंबाकू मुक्त अभियान के तहत जादू के माध्यम से आए हुए लोगों को जागरूक किया गया ।डॉक्टर पीके श्रीवास्तव ने बताया कि तंबाकू हमारे स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर डालती है तथा हमें इससे बचना चाहिए और तंबाकू का प्रयोग नहीं करना चाहिए। जहां तक हो सके हमें तंबाकू के प्रोडक्टों से दूर ही रहना चाहिए और अन्य लोगों को भी इससे दूर रखने का प्रयास करना चाहिए। जादू के माध्यम से जादूगर ने जादू दिखाया तथा तंबाकू से होने वाली सभी बीमारियों से बचने के तरीके भी बताएं।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ रायबरेली रेलवे ट्रैक पर कसरावां गांव के पास एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव पड़ा हुआ मिला, सूचना पर पहुंचे जीआरपी एवं स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि थाना क्षेत्र के थुलेडी चौकी अंतर्गत रामपुर मोहिद्दीनपुर निवासी दिलीप कुमार पुत्र बृजनाथ उम्र लगभग 25 वर्ष ने शुक्रवार सुबह लगभग 4:00 बजे रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली है। सुबह परिजनों को जानकारी हुई। तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त की है ।परिजनों ने बताया कि युवक को ब्रेन ट्यूमर की समस्या थी। जिसकी वजह से वह परेशान रहता थाद्य शुक्रवार रात लगभग तीन बजे वह जग गया। फिर अपनी दोनों बेटियों को दुलार कर घर मे रायबरेली एम्स दवा लेने की बात कहकर घर से चला गया था। सुबह उन्हें उसकी मौत की सूचना मिली हैद्य इस बाबत थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### धान की बिक्री के लिए नीलामी की खुली बोली दिन में होगी दो बार

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत सीधे कृषकों से धान क्रय करने हेतु शासन द्वारा निर्गत धान क्रय नीति के शासनादेश व खाद्य तथा रसद अनुभाग-4 के प्रस्तर संख्या-17.1, 17.2, 17.3 एवं 17.4 में दी गयी व्यवस्था के अनुपालन में जनपद रायबरेली में कृषकों को उनकी उपज का लाभकारी व प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य दिलाने व मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत गुणात्मक व पारदर्शी ढंग से धान क्रय हेतु किसानों द्वारा मण्डियों में लाये गये धान की बिक्री के लिये नीलामी द्वारा खुली बोली दिन में 02 बार पूर्वान्ह 11:00 बजे और अपरान्ह 02:00 बजे मण्डी सचिव, क्रय संस्थाओं के केन्द्र प्रभारी तथा उपस्थित व्यापारियों के समक्ष लगायी जायेगी, धान की नीलामी कराने पर यदि उपयुक्त गुणवत्ता (एफ.ए.क्यू.) के धान की बोली न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम आती है, तो क्रय संस्थाओं द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उक्त धान खरीद लिया जायेगा। नीलामी प्रक्रिया की वीडियो रिकार्डिंग भी की जायेगी तथा इसकी सूचना मण्डी समिति द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को भेजी जायेगी। यदि नीलामी के समय केन्द्र प्रभारी उपस्थित नहीं रहता है, तो मण्डी सचिव द्वारा इसकी सूचना जिलाधिकारी एवं अन्य उच्चाधिकारियों को दी जायेगी ताकि उनके स्तर से इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



- बछरावां कस्बे का है मामला, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

संदिग्ध परिस्थितियों में घर मे कमरे के अंदर फैन बॉक्स के हुक में रस्सी के सहारे विवाहिता शव फांसी के फंदे से लटकता मिला, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।विदित हो कि घटना बृहस्पतिवार शुक्रवार की मध्य रात्रि समय लगभग 1:30 बजे की है जब बछरावां कस्बे में घर के अंदर कमरे में फैन बॉक्स के हुक में रस्सी के सहारे फांसी के फंदे में विवाहित लटकी हुई पाई गई। परिजन घर पर मौजूद नहीं थे, परिजन अपने एक भाई के बेटे के बर्थडे प्रोग्राम में चुरुवा मे स्थित एक होटल में शामिल होने के लिए गए थे। विवाहित घर में अकेली थी, अकेलेपन का फायदा उठाकर किसी बात से नाराज होकर विवाहिता ने फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी प्राप्त हुई है, मोहिनी पत्नी अंकित कुमार सोनी उर्फ प्रकाश सोनी का विवाह 6 वर्ष पूर्व मऊ बाजार थाना महाराजगंज से हुआ था। जिनमें एक पुत्र 5 वर्ष एवं एक पुत्री 4 वर्ष की है। अज्ञात कारणों से विवाहिता ने नाराज होकर फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। परिजन जब बर्थडे प्रोग्राम से रात्रि करीब 1:30 बजे के आसपास घर वापस पहुंचे तो कमरे का दरवाजा खोलने पर अंदर विवाहित फांसी के फंदे से लटक रही थी। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस एवं विवाहिता के मायके पक्ष को दी गई। पहुंचे मायके पक्ष के लोगों के द्वारा घटना की पूरी जानकारी की गई तथा पुलिस द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है।

# गायब हुई लड़की मिली

- महराजगंज कोतवाली क्षेत्र की है घटना

**महराजगंज/रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में नाबालिक लड़की को बहला-फुसला कर भाग ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता के भाई की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। लड़की की तलाश शुरू कर दी है।

आपको बता दें कि, महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि, परिवार के सभी सदस्य घर से बाहर किसी आवश्यक काम से गए हुए थे। घर में उसकी नाबालिक बहन अकेली थी। जब परिवीजन घर वापस लौटे तो उनकी बहन घर पर नहीं मिली, तो उसकी तलाश शुरू कर दी गई। नाते रिश्तेदारी आसपास के गांव में पता करने पर यह पता चला कि, रुस्तम खान का पुरवा मजरे रसेहता गांव का रहने वाला बृहस्पति पुत्र रविंद्र यादव और उसकी नाबालिक बहन को एक साथ जाते देखा गया है। पीड़िता के भाई ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि, आरोपी उसकी बहन को घर में अकेला पाकर बहला फुसला कर कहीं भाग ले गया है। पुलिस ने मिली तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर नाबालिक लड़की को ढूंढ निकाला। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि, घटना की जानकारी होते ही आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर पुलिस टीम गठित कर दी गई थी, पुलिस ने महेज 12 घंटों के भीतर नाबालिक लड़की को ढूंढ निकाला।

## पीड़ित ने उपजिलाधिकारी से कब्जा दिलाने की लगाई गुहार

**सादुल्लानगर (बलरामपुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर ग्रांट निवासी अंसार अली पुत्र अब्दुल मजीद ने उपजिलाधिकारी से लिखित शिकायत कर आरोप लगाया है कि गांव में स्थित खलिहान की सुरक्षित जमीन पर कुछ दिनों से अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है। मामला सादुल्लाह नगर थाना क्षेत्र के गांव रामपुर ग्रांट पुराना हाता से जुड़ा हुआ है। गांव में मौजूद भूमि जो कि राजस्व अभिलेखों में खलिहान के नाम पर दर्ज है। आरोप लगाया गया है कि खलिहान की सरकारी भूमि में हो रहे अवैध निर्माण को रोकने के लिए गुहार लगाई है। पीड़ित ने गांव में स्थित खलिहान की सरकारी जमीन गाटा संख्या 724 रकबा 0.28 हेक्टेयर को गांव के ही दबंग भू-माफिया बलराम पुत्र महादेव प्रसाद द्वारा कुछ अंश कब्जा किए हुए हैं तथा बची हुई खलिहान की जमीन पर अवैध कब्जा करने के लिए अवैध निर्माण कर रहे हैं।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने नए विद्युत उपकेंद्रों के लिए भूमि का चयन करते हुए निर्माण शीघ्र प्रारंभ किए जाने का दिया निर्देश

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।




जिला विकास एवं समन्वय समिति की बैठक सांसद गोंडा कीर्तिवर्धन सिंह (राज्य मंत्री पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, विदेश मंत्रालय) की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई संपन्न हुई।

इस दौरान विधायक बलरामपुर पलटूराम , विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा , विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला , सदस्य विधान परिषद साकेत मिश्र, डीएम पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष बलरामपुर धीरेंद्र प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष उतरौला, नगर पंचायत अध्यक्ष तुलसीपुर,गैंसड़ी, सांसद श्रावस्ती प्रतिनिधि, विधायक गैंसड़ी, ब्लॉक प्रमुखगण उपस्थित रहे। इस दौरान सांसद गोंडा / राज्य मंत्री द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जन प्रतिनिधिगणों के साथ बेहतर समन्वय बनाते हुए योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन किए जाने एवं पारदर्शी ढंग से पात्रों को योजनाओं से लाभान्वित किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधिगणों द्वारा दिशा की बैठक में उठाई गई जनसामान्य से जुड़ी शिकायत एवं? समस्याओं पर तत्काल कार्यवाही का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने जनपद में 05 नए विद्युत उपकेंद्रों के लिए जमीन चयन में तेजी लाए हुए निर्माण प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ किए जाने का निर्देश दिया। बारिश के दौरान पहाड़ी नालों से फैलने वाले पानी को रोकने के लिए पहाड़ी नालों की डिसेल्टिंग की कार्ययोजना बनाए जाने का निर्देश संबंधित को दिया। उन्होंने कृषि विभाग एवं अन्य कृषि संबंधित विभागों द्वारा कृषि कल्याण कार्य योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कृषि मेले आदि के माध्यम से किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान डीएफओ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना अधिकारी डीआरडीए व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# तहसीलदार की अध्यक्षता में मत्स्य पालन शिविर का आयोजन



उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।

शुक्रवार को तहसील सभागार में तहसीलदार उतरौला, सत्यपाल प्रजापति की अध्यक्षता में एक दस वर्षीय मत्स्य पालन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य क्षेत्र में मत्स्य पालन को बढ़ावा देना और इच्छुक मत्स्य पालकों को आवश्यक संसाधन और सुविधाएं प्रदान करना था। इस दौरान, बड़ी संख्या में स्थानीय मत्स्य पालकों ने शिविर में हिस्सा लिया, जिससे उनकी इस क्षेत्र में रुचि और समर्पण का प्रमाण मिलता है।

शिविर में छोटे तालाबों के लिए कई आवेदकों के बीच प्रतिस्पर्धा देखी गई। एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर, तालाब के पट्टे के लिए आवेदकों के बीच बोली प्रक्रिया आयोजित की गई। अधिकतम बोली लगाने वाले को पट्टा आवंटित किया गया, और उन्हें लगान की धनराशि जमा करवाकर अधिकारिक रूप से तालाब सौंपा गया। वहीं, जिन तालाबों के लिए केवल एकल आवेदन प्राप्त हुए, उनसे नियमानुसार लगान की धनराशि जमा करवाकर पट्टा दिया गया। बड़े तालाबों के मामले में, एक से अधिक मत्स्य जीवी समितियों ने भाग लिया। इन समितियों के बीच निष्पक्ष निर्णय लेने के लिए, मत्स्य विभाग बलरामपुर से रिपोर्ट आने के बाद ही निस्तारण की प्रक्रिया पूरी करने की बात कही गई। इस कदम से यह सुनिश्चित होगा कि बड़े तालाबों का आवंटन पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से हो।

इस शिविर में कई महत्वपूर्ण अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें राजस्व निरीक्षक रमेश सिंह, सहायक राजस्व निरीक्षक जितेंद्र कुमार त्रिपाठी, ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक राजेश कुमार चौधरी, मछुआ प्रतिनिधि भृगनाथ निषाद, और लेखपाल चांद बाबू शामिल थे। इन सभी अधिकारियों की उपस्थिति ने शिविर की सफलता को सुनिश्चित किया और मत्स्य पालकों को हर संभव सहायता प्रदान की गई। यह दस वर्षीय मत्स्य पालन शिविर क्षेत्र के मत्स्य पालकों के लिए नए अवसरों का द्वार खोलेगा। इस आयोजन से मत्स्य पालन को प्रोत्साहन मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए साधन विकसित होंगे। प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य न केवल आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग को भी बेहतर और प्रभावी बनाना है।

# एकल विद्यालय अभियान के तत्वावधान में अभ्युदय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।




जनपद बलरामपुर में एकल विद्यालय अभियान के तत्वावधान में दो दिवसीय का अभ्युदय यूथ क्लब खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रमनापार्क केशव उद्यान बलरामपुर में कार्यक्रम के पहले दिन का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि कैलाश नाथ शुक्ला विधायक तुलसीपुर व विशिष्ट अतिथि डॉक्टर कौशल्या गुप्ता ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ कराया जिसमें समापन के दूसरे दिन मुख्य अतिथि रामकृष्ण तिवारी सचिव दीनदयाल शोध संस्थान जयप्रभा ग्राम गोंडा विशिष्ट अतिथि अजय सिंह पिंकू,प्रमोद चौधरी संरक्षक बाबू मंगल प्रसाद अध्यक्ष,अशोक गुप्ता,रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी जिलाध्यक्ष युवा समिति,रघुनाथ अग्रवाल,अशोक मिश्रा,अर्चना सिंह समाज सेविका आदि लोगों ने समापन से पहले मां सरस्वती जी व भारत माता जी के चित्र पर इन सभी लोगों ने माल्यार्पण व चरणों में पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित किया एकल अभियान के अंतर्गत अभ्युदय यूथ क्लब खेलकूद प्रतियोगिता का पांच प्रकार के खेलों के माध्यम से रमनापार्क बलरामपुर में संपन्न हुआ जिसमे दौड़ मे 100 मीटर व 200 मीटर 400 मीटर व ऊंची,कूद,कबड्डी,कुश्ती लंबी कूद,व दौड़,का प्रतिभा दिखाकर प्रथम व द्वितीय तीसरा स्थान पाने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि व एकल विद्यालय के पदाधिकारी गण आदि लोगों ने सभी बच्चों को गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया समापन मे प्रमोद चौधरी संरक्षक ने कहां की बच्चों के अंदर छिपी खेल प्रतिभाओं का उल्लेख किया भाजपा के अजय सिंह पिकू ने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में जीत या हार महत्वपूर्ण नहीं होती महत्वपूर्ण है कि आपने उस प्रतियोगिताओं में भाग लिया,जो भाग लेगा उसी के जीतने की संभावना होगी खेलों से सामाजिक समरसता भी बढ़ती है जिसमें रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी जिलाध्यक्ष युवा समिति ने बताया कि पूरे भारत में करीब एक लाख एकल विद्यालय संचालित हो रहे हैं इनमें 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति का ज्ञान भी कराया जाता है। कार्यक्रम के समापन मे एकल अभियान के संरक्षक प्रमोद चौधरी,बाबू मंगल प्रसाद अध्यक्ष,अशोक गुप्ता समाजसेवी,रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी जिलाध्यक्ष युवा समिति बलरामपुर, अशोक मिश्रा व भाजपा महिला की गुड़िया गुप्ता कमलापुरी,मीरा सिह,कंचन गुप्ता, रेशम सिंह, मीना सिंह,सुधा त्रिपाठी, अर्चना सिंह व एकल विद्यालय अभियान के सेवावर्ती आंचल अभियान प्रमुख लक्ष्मन सिंह, अंकिता रितू व दस ब्लॉक के आचार्य आचार्या व बच्चे काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बच्चों के पटाखे जलाने से घर में लगी आग, मोहल्लेवासियों ने बुझायी आग

**श्रीदत्तगंज(बलरामपुर)।** शुक्रवार को थाना श्रीदत्तगंज क्षेत्र के महदेईया बाजार में एक कपड़ा व्यापारी के छत के ऊपर छोटी बच्ची ने पटाखा जला दिया। अचानक विस्फोट की आवाज आने से लोगों को लगा कि कुकिंग कूकर फट गया है। लोग छत की ओर दौड़े। वहां जाकर ज्ञात हुआ कि छोटी बच्ची ने पटाखा जलाया हुआ है और पटाखे से तेज धुआं उठ रहा है। बच्ची ने पटाखा जलाने के लिए गत्ता जलाया हुआ था। पटाखे से आग लग गई और पास रखी वस्तुओं को भी अपने चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत आग पर काबू पा लिया। थाना श्रीदत्तगंज क्षेत्र के महदेईया बाजार निवासी विजय गुप्ता



पुत्र महेश्वरी ने बताया कि वह चौराहे के पास कपड़े की दुकान करते है। उनका बच्चा जलाने के लिए पटाखा लाया था। शुक्रवार को अचानक छत के ऊपर जोर आवाज हुई तो स्थानीय लोगों को लगा कि घर में कुकिंग कूकर फट गया है। जिसने भी आवाज सुना वो दौड़ता भागता छत पर पहुंचा। पटाखे से आस पास की वस्तुओं में आग लग गई जिससे जोर का धुंआ उठ रहा था। स्थानीय लोगों ने तुरंत आग पर काबू पा लिया। किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

## पाक में जयशंकर

भले ही इस्लामाबाद में भारत–पाकिस्तान की द्विपक्षीय वार्ता नहीं थी, लेकिन लगभग नौ साल बाद किसी भारतीय विदेश मंत्री की पहली पाकिस्तान यात्रा के गहरे निहितार्थ हैं। नई दिल्ली द्वारा इस यात्रा को हरी झंडी देना ही इस बात का प्रबल संकेत है कि पर्दे के पीछे से की जा रही कूटनीति सार्थक रही है। दरअसल, शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में भाग लेने के लिये विदेश मंत्री के इस्लामाबाद जाने के निर्णय ने कई उम्मीदें जगायी हैं। एससीओ सम्मेलन में भाग लेने जाने से पहले एस जयशंकर ने घोषणा की थी कि पाकिस्तान को लेकर भारत की विदेश नीति निष्क्रिय नीति नहीं है। निश्चित रूप से भारत सरकार की ओर से यह संकेत देने का प्रयास किया गया कि दिल्ली किसी भी सकारात्मक संकेत का जवाब देने के लिये पूरी तरह से तैयार है। ऐसा भी नहीं है कि पाकिस्तान की राजधानी में एससीओ सम्मेलन में एस जयशंकर अपनी दो टूक बात करने से चूके हों। उन्होंने इस्लामाबाद को साफ-साफशब्दों में इस मंच के जरिये सभ्य तरीके से सुना दिया कि आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद को प्रश्रय देने वाली नीति ही संबंधों में बाधक है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ये नीतियां व्यापार गतिविधियों, ऊर्जा प्रवाह, कनेक्टिविटी और लोगों से लोगों के संवाद–संबंध बनाने में बाधक बनती हैं। उन्होंने अतीत में एक मंच पर भारत–पाक के बीच पैदा होने वाली परंपरागत कटुता को दरकिनार करते हुए भी कड़े शब्दों में भारत की नीति को जाहिर कर दिया। वहीं दूसरी ओर भले ही शिखर वार्ता की अभी कोई स्थिति बनती नजर नहीं आ रही है, लेकिन विदेश मंत्री एस जयशंकर की अपने पाकिस्तानी समकक्ष इशाक डार के साथ अनौपचारिक बातचीत से द्विपक्षीय संबंधों में लंबे समय से उत्पन्न रुकावट खत्म होने की उम्मीद जरूर जगी है। बहरहाल, इस बात में कोई संदेह नहीं है कि घात और बात की नीति साथ–साथ नहीं चल सकती। जिस ओर एस जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन मंच का उपयोग करते हुए स्पष्ट इशारा किया भी है। बहरहाल, इतना तो तय है कि यदि पाक अपनी पुरानी नीतियों को नहीं बदलता तो रिश्तों में जमी बर्फके पिघलने की कोई गुंजाइश नहीं बचती। वैसे यह भी हकीकत है कि पाकिस्तान की रीतियों–नीतियों के चलते उससे सीमित जुड़ाव बनाये रखना भारतीय सरकारों के लिये भी एक चुनौती बनी हुई है। इस्लामाबाद, अन्य शब्दों में कहें तो पाकिस्तान सेना मुख्यालय रावलपिंडी की, बार–बार विश्वास को खंडित करने की नीति संबंधों को आगे बढ़ाने के प्रयासों में संदेह को जन्म देती है। यह एक हकीकत है कि आतंकवाद को प्रश्रय देने की पाक की नीति के चलते मेज पर वार्ता न करने के इच्छुक भारत को अपने अविश्वसनीय पड़ोसी के साथ संबंधों के विकल्प तलाशते रहने चाहिए। जिसमें बातचीत का माध्यम खुला रखना भी शामिल हैं। क्रिकेट डिप्लोमेसी भी अतीत की तरह भारत के लिये मददगार हो सकती है या नहीं, इस पर भी विचार करने की जरूरत है। लेकिन ये प्रयास लंबे समय से दोनों देशों के संबंधों में जमी बर्फको पिघलाने में मददगार हो सकते हैं। निश्चित तौर पर एस. जयशंकर की पाकिस्तान यात्रा के सार्थक समापन को एक रचनात्मक उपलब्धि के तौर पर तो देखा जा सकता है। भले ही यह एक छोटा कदम हो, लेकिन आगे बढ़ने की दिशा में इस छोटे कदम को भी महत्वपूर्ण माना जा सकता है। हमें यह बात याद रखनी चाहिए कि भौगोलिक रूप से पाकिस्तान हमारा पड़ोसी है, जिसे बदला नहीं जा सकता।

# रबी फसलों के एमएसपी की घोषणा, बाजार की ताकतों पर नियंत्रण जरूरी

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**



**दुर्भाग्य की बात यह है कि पारदर्शी व्यवस्था में भी बिचौलियों ने सेंध लगा ली है और लाख प्रयासों के बावजूद छोटे किसानों को सब तो नहीं पर कुछ काश्तकारों को व्यवस्था का लाभ नहीं मिल पाता। इसमें व्यवस्था का दोष इस मायने में है कि किसान को अपनी तात्कालिक व आवश्यक जरूरतों को पूरा करने के लिए साहूकार पर निर्भर रहना पड़ता है, ऐसे में काश्तकार अपनी फसल काश्तकार के नाम कर उससे अग्रिम राशि ले लेता है और बदले में काश्तकार के दस्तावेज से बिचौलिये लाभ उठा लेते हैं। यह तो साफ है कि गेहूं और धान की खरीद सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर की जाती रही है। इसका प्रमुख कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरण व्यवस्था का सुचारू संचालन और बाजार पर नियंत्रण रहा है। जहां तक अन्य फसलों का सवाल है, देश के अधिकांश प्रदेशों में खाद्यान्नों की खरीद एफसीआई द्वारा राज्यों के मार्केटिंग फेडरेशनों के माध्यम से सहकारी संस्थाओं द्वारा व तिलहनों और दलहनों की खरीद नैफड द्वारा भी इसी व्यवस्था के तहत की जाती रही है।**

बुवाई से पहले या बुवाई के समय फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा इस मायने में महत्वपूर्ण है कि किसानों को कौन-सी फसल लेना लाभकारी रहेगा, इस पर सोच-विचार का अवसर मिल जाता है। पिछले कुछ सालों से केन्द्र सरकार द्वारा खरीफ हो या रबी लगभग इनकी बुवाई के समय ही न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर दी जाती है। यह सरकार की सकारात्मक पहल है। केन्द्र सरकार ने रबी सीजन की गेहूं, सरसों सहित छह प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है। एमएसपी की घोषणा करते समय यह भी दावा किया गया है कि इन सभी छह फसलों के एमएसपी का निर्धारण लागत से अधिक किया गया है, जिससे किसानों के लिए ये फसलें लाभकारी सिद्ध हो सके।

दावों की मानें तो लागत की तुलना में सर्वाधिक 105 प्रतिशत अधिक एमएसपी गेहूं की घोषित की गई है, सबसे कम कुसुम की लागत से 50 प्रतिशत अधिक है तो चना और जौ की लागत से 60 फीसदी अधिक घोषित की गई है। सरसों की लागत से 98 फीसदी तो मसूर की 89 प्रतिशत अधिक राशि तय की गई है। निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि लागत की तुलना में सभी छह फसलों की एमएसपी दरों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई। एमएसपी की घोषणा करते समय सरकार ने लागत में खाद-बीज, कीटनाशक, सिंचाई पर व्यय के साथ मानव श्रम को भी शामिल किया है। ऐसे में लागत से अधिक राशि मिलना किसानों के लिए लाभकारी हो सकता है। देश में 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई थी। आज से लगभग 60 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी गठित की थी।

गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्था का एक विपरीत प्रभाव सामने आने पर कि किसान अन्य फसलों की जगह गेहूं की फसल पर ही केन्द्रित होने लगे तो ऐसी स्थिति में अन्य प्रमुख फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरे में लाया गया। कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। देश में गेहूं, धान आदि 7 अनाज फसलें, 5 दलहनी, 7 तिलहनी, 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की गन्ना आयोग द्वारा की जाती है तो गन्ने की खरीद भी गन्ना मिलों द्वारा की जाती है। इसी तरह से कपास की खरीद सीसीआई यानी कि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा की जाती है। केन्द्र सरकार द्वारा प्रमुखतः राज्यों में सहकारी संस्थाओं के नेटवर्क के माध्यम से एमएसपी की खरीद की जाती है। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश में सहकारी संस्थाओं का विस्तृत और सीधे काश्तकारों की पहुंच का नेटवर्क है। अब ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और फिर खरीद के बाद ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था से पारदर्शिता आई है। पर सवाल अभी वही है कि जब तक बाजार में खासतौर से मण्डियों में एमएसपी फसलों के भाव घोषित एमएसपी दरों के समकक्ष नहीं आते तब तक खरीद जारी रहने से ही काश्तकारों को सही मायने में इस व्यवस्था का फायदा मिल सकता है।

दुर्भाग्य की बात यह है कि पारदर्शी व्यवस्था में भी बिचौलियों ने सेंध लगा ली है और लाख प्रयासों के बावजूद छोटे किसानों को सब तो नहीं पर कुछ काश्तकारों को व्यवस्था का लाभ नहीं मिल पाता। इसमें व्यवस्था का दोष इस मायने में है कि किसान को अपनी तात्कालिक व आवश्यक जरूरतों को पूरा करने के लिए साहूकार पर निर्भर रहना पड़ता है, ऐसे में काश्तकार अपनी फसल काश्तकार के नाम कर उससे अग्रिम राशि ले लेता है और बदले में काश्तकार के दस्तावेज से बिचौलिये लाभ उठा लेते हैं।

यह तो साफ है कि गेहूं और धान की खरीद सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर की जाती रही है। इसका प्रमुख कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरण व्यवस्था का सुचारू संचालन और बाजार पर नियंत्रण रहा है। जहां तक अन्य फसलों का सवाल है, देश के अधिकांश प्रदेशों में खाद्यान्नों की खरीद एफसीआई द्वारा राज्यों के मार्केटिंग फेडरेशनों के माध्यम से सहकारी संस्थाओं द्वारा व तिलहनों और दलहनों की खरीद नैफड द्वारा भी इसी व्यवस्था के तहत की जाती रही है। एक समय था जब न्यूनतम खरीद आरंभ होते ही मण्डी में भी भावों में तेजी आने लगती थी। पर अब ऐसा नहीं हो रहा है, इसके कारण क्या है, इस पर विचार करना चाहिए। दरअसल, बिचौलियों ने एमएसपी खरीद व्यवस्था में सेंध लगा दी है। किसान से ही खरीद और ऑनलाइन व्यवस्था के बावजूद इस व्यवस्था का लाभ बिचौलिए अधिक उठाने लगे हैं।

सवाल यह है कि केन्द्र व राज्य सरकारें एमएसपी व्यवस्था को फूलप्रूफ बनाना सुनिश्चित कर दे और सरकार द्वारा घोषित एमएसपी से मण्डियों में भाव नीचे जाते ही तत्काल खरीद आरंभ हो जाए तो निश्चित रूप से अन्नदाता को इस व्यवस्था का पूरा लाभ मिल सकता है। इसके साथ ही इस व्यवस्था में जिस तरह सेंध लगाई गई है, उसे रोकने के भी ठोस प्रयास किए जाने आवश्यक है। एक बार फिर बाजार व्यवस्था का भी अध्ययन करना होगा। क्यों खरीद बंद होने के कुछ समय बाद ही जिंसों के भाव बढ़ने लगते हैं।

हाल ही में गेहूं के भावों में बढ़ोतरी और हर साल एक समय विशेष पर आलू, प्याज, टमाटर के भाव का बढ़ जाना यह बताता है कि कमोबेश बाजार की ताकतें अधिक शक्तिशाली हैं। इसलिए एक ओर जहां एमएसपी की खरीद व्यवस्था में सुधार व किसानों को ही वास्तविक लाभ मिले इसके प्रयास करने की आवश्यकता है, उसी तरह बाजार की ताकतों पर भी नजर रखना जरूरी हो जाता है। बाजार पर सरकार के नियंत्रण से ही सही मायने में एमएसपी व्यवस्था का लाभ मिल सकेगा।

## विचार

# प्रतीकों में उलझी न्यायपालिका



**देश के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के आदेश पर नयी मूर्ति बनी है, जिसमें पुरानी मूर्ति से अलग वेशभूषा और प्रतीक बने हैं। सफेद रंग की मूर्ति में आंखों से पट्टी हटा दी गई है, उसका परिधान भारतीय कर दिया गया है और हाथ में तलवार की जगह संविधान की किताब दी गई है। कहा जा रहा है कि इस बदलाव से यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि कानून अंधा नहीं होता। तुलसीदास जी ने रामचरित मानस में लिखा है - जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी।**

प्रतीकों के खेल में अब तक इस देश की राजनीति ही उलझी हुई थी, अफसोस है कि अब न्यायपालिका भी इसका हिस्सा बन गई है। न्याय की देवी की मूर्ति में जो फेरबदल किए गए और इसके पीछे जो तर्क दिए गए, वो इस बात का प्रमाण हैं कि न्याय व्यवस्था को त्रुटिहीन और पूरी तरह से दुरुस्त करने की कोशिश की जगह भावनात्मक बातों को अधिक महत्व दिया जा रहा है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के जजों की लाइब्रेरी में न्याय की देवी की नयी मूर्ति लगायी गयी है।

देश के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के आदेश पर नयी मूर्ति बनी है, जिसमें पुरानी मूर्ति से अलग वेशभूषा और प्रतीक बने हैं। सफेद रंग की मूर्ति में आंखों से पट्टी हटा दी गई है, उसका परिधान भारतीय कर दिया गया है और हाथ में तलवार की जगह संविधान की किताब दी गई है। कहा जा रहा है कि इस बदलाव से यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि कानून अंधा नहीं होता। तुलसीदास जी ने रामचरित मानस में लिखा है - जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी। अर्थात हम अपनी भावनाओं और नजरिए के अनुरूप ही चीजों को देखते और परखते हैं। आंख पर पट्टी होने को अंधत्व से भी जोड़ा जा सकता है और निष्पक्षता से भी। 1983 से में अमिताभ बच्चन, रजनीकांत और हेमा मालिनी की फिल्म आई थी अंधा कानून। जिसमें दिखाया गया है कि अमिताभ बच्चन याने नायक को एक ऐसे जुर्म की सजा होती है, जो उसने किया ही नहीं, उसके परिवार को भी अत्याचार का शिकार बनाया जाता है और उसके बाद फिल्म में बार-बार ये अंधा कानून है, गीत पार्श्व में बजता रहता है और न्याय देवी की मूर्ति भी दिखाई जाती है, जिसकी आंखों पर पट्टी बंधी है। कानून के अंधे होने की धारणा को फिल्म के जरिए समाज में और मजबूत किया गया और अब करीब 4 दशक बाद एक प्रचलित धारणा के अनुरूप फैसला लिया गया है। समझा जा सकता है कि देश में हाल के वर्षों में हुए कई बदलावों के पीछे कई बरसों की कोशिश रही है। नेहरू संग्रहालय को पीएम म्यूजियम में बदलना, इंडिया गेट पर नेता जी की मूर्ति, जम्मू-कश्मीर से 370 की वापसी, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, संसद में सेंगोल की स्थापना या इंडियन पीनल कोड, आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता, बीएनएस का लागू होना, ऐसे ही फैसलों की चंद मिसाल हैं। अभी आने वाले वर्षों में अगर हम भारतीय मुद्रा पर गांधीजी की जगह किसी और की तस्वीर देखें तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। बहरहाल, अब तक न्याय की जो मूर्ति देश में हुआ करती थी, वो यूनानी देवी जस्टिया की तरह होती थीं, जिनके नाम पर ही जस्टिस यानी न्याय शब्द बना है। इस मूर्ति की आंखों पर पट्टी का मतलब था कि कानून किसी का ओहदा, धर्म, जाति न देखकर सबके साथ एक जैसा व्यवहार करता है। वहीं अभी जिस तलवार को हिंसा का प्रतीक बताकर हटाया गया है, दरअसल उसके जरिए यह संप्रेषित किया गया था कि कानून के पास ताकत है और वो गलत करने वालों को सजा दे सकता है। पुरानी मूर्ति में तराजू भी देवी के एक हाथ में होता था, वो नयी मूर्ति में बरकरार रखा गया है। जो यह दिखाता है कि अदालत में कोई भी फैसला तर्क की तुला पर ही किया जाएगा। नयी मूर्ति में तराजू अब भी रखा गया है, यह गनीमत है, वर्ना इसे भी किसी आधुनिक डिवाइस से बदला जा सकता था कि तराजू की जगह तौलने-मापने के आधुनिक साधन हमारे पास उपलब्ध हैं। बहरहाल, तलवार को हिंसा का प्रतीक जब मान ही लिया गया है तो फिर विश्वविद्यालय परिसरों में तोपें रखने के औचित्य पर भी विमर्श होना चाहिए। क्या तोप, तलवार से अधिक घातक नहीं होती है और तलवार हटाकर संविधान रखने के फैसले में राजनीति की छाप नजर आती है।

हाल में संपन्न लोकसभा चुनावों के दौरान संविधान बचाने का मुद्दा राजनीति के केंद्र में आ गया और तब से अब यह गर्माया हुआ है। भाजपानीत एनडीए सरकार ने संविधानहत्या विरोधी दिवस मनाने का ऐलान भी कर दिया है। वहीं कांग्रेस और इंडिया गठबंधन अब भी जनता को यही बता रहे हैं कि भाजपा के शासन में संविधान को खतरा बरकरार रहेगा। संविधान की रक्षा और सम्मान का विमर्श सियासी गलियारों से उठकर न्यायालय के दरवाजे तक पहुंच जाएगा, यह अनुमान शायद ही किसी ने लगाया हो। न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका, इन तीनों अंगों के जरिए ही संविधान के पालन की सुचारू व्यवस्था बनाई गई थी। फिर न्यायपालिका में इसके अलग से महिमामंडन की कोई आवश्यकता नहीं थी। बल्कि जरूरत इस बात की थी कि अदालतें संविधान के मुताबिक फैसले तो लें ही, साथ ही कोई इसका उल्लंघन करते दिखे तो स्वतरू संज्ञान लेकर गलत को सही भी करें। जैसे संविधान में धर्मनिरपेक्षता की जो व्यवस्था है, उसके मुताबिक सत्ता या प्रशासन में बैठे किसी भी व्यक्ति को सार्वजनिक तौर पर धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा नहीं लेना चाहिए। लेकिन हम देखते हैं कि अब पुलिस की वर्दी पहने लोग हवन में बैठते हैं, कांवड़ यात्रा पर फूल बरसाते हैं, संसद के भीतर मंत्रोच्चार होता है और प्रधानमंत्री जजमान की भूमिका में दिखते हैं।

## क्या मराठा वोट में सेंधमारी कर जरांगे बिगाड़ेंगे धुरंधरों का खेल

**डॉ. रमेश ठाकुर**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की सियासी तस्वीर दिलचस्प दिखाई देने लगी है। मराठा वोटों में इस बार नए-नवेले नेता मनोज जरांगे सेंधमारी का माहौल तैयार करने में जुटे हैं। जरांगे ने प्रदेश में महीनों से मराठा आरक्षण की मांग बुलंद की। इसलिए आरक्षण की चाह में बेरोजगार युवा उनसे लगातार जुड़ रहे हैं। हालांकि मनोज जरांगे की सियासी परीक्षा अभी बाकी है। अतीत में देखा गया है कि किसी मुद्दे पर मुहिम चलाकर भीड़ को अपने साथ जोड़ना और उस भीड़ को वोटों में बदलना, दोनों ही अलग बात है। किसी अलग मुद्दे पर मिला जन समर्थन वोटों में बदल जाए, ऐसा अक्सर होता नहीं। हालांकि शुरुआत में मनोज जबरदस्त दमखम दिखा रहे हैं। जिससे न सिर्फ महायुति से जुड़े लोगों बल्कि महाविकास अघाड़ी नेताओं की नींद हराम हो गई है। पूरी सियासी कहानी इस बार मराठा वोटों पर टिक गई है। जो यह तय करेगा कि किसकी नैया पार लगेगी और किसकी डूबेगी। इसका फैसला 23 नवंबर को होगा जब बहुमत की तस्वीर ईवीएम से बाहर निकलेगी।

महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव इसबार सभी दलों के लिए समान रूप से चुनौतीपूर्ण है क्योंकि बीते लोकसभा चुनाव से ही मराठा मतदाता विभाजित है। कभी शिवसेना का इसपर आधिपत्य था लेकिन अब शिवसेना दो भागों में बंट चुकी है। वहीं, राजनीति के माहिर शरद पवार की पार्टी एनसीपी से भी कभी मराठा मतदाता बहुतायत की संख्या में जुड़े होते थे, उनकी भी पार्टी में दो फाड़ हो गए। भतीजे अजीत पवार अपने साथ आधी एनसीपी को लेकर एनडीए का हिस्सा बन चुके हैं। हालांकि, लोकसभा चुनाव में शरद पवार से जुड़ा मराठा समुदाय उनके साथ ही बना रहा। उनके कोर वोटरों में अजीत पवार सेंध लगाने में असफल रहे थे।

बात जब मराठों की हो और राज ठाकरे का जिक्र न हो तो बात अधूरी रह जाती है। इस बार राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने 2014 और 2019 के विधानसभा चुनाव में करीब ढाई से तीन फीसदी वोट पाया था। हालांकि सीटें प्रत्येक चुनाव में एक-एक ही जीती लेकिन मराठा वोट उन्होंने बेहिसाब काटा था। वोट काट कर तमाम विरोधियों को हराने का काम किया। माहौल इस बार बदला हुआ है, जिसे राज ठाकरे भी भांप चुके हैं। बीता लोकसभा चुनाव उन्होंने एनडीए के साथ मिलकर लड़ा था, जहां उन्हें कुछ भी हासिल नहीं हुआ।

एनडीए का शीर्ष नेतृत्व भांव चुका है कि महायुति के लिए सबसे बड़ा कांटा मनोज जरांगे बन गए हैं। करीब 32 फीसदी मराठा आबादी और छिटपुट अन्य समुदायों को मिलाकर 55 प्रतिशत प्रदेश की आबादी मनोज के ईद-गिर्द घूम रही है। महायुति को अहसास है कि मनोज ही वो फैक्टर हैं कि जिसके चलते लोकसभा चुनाव में उतनी सफलता नहीं मिली, जितनी उम्मीद थी। इस बार मराठा वोट काटने के लिए मनोज जरांगे ने कोई पार्टी नहीं बनाई है। पर, निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपने समर्थकों में से करीब 150 उम्मीदवारों की लिस्ट तैयार की है। मनोज के समर्थक उन सीटों पर खासतौर पर ताल ठोकेंगे, जहां मराठा समुदाय की संख्या सर्वाधिक है। बाकी सीटों पर भी आजाद उम्मीदवार उतारने की तैयारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में उनकी पकड़ कितनी है, उसका अंदाजा उनकी रैलियों में आने वाली भीड़ के जोश से लगाया जा सकता है। जरांगे समूचे प्रदेश में घूम-घूम कर लोगों से भावुक अपील कर रहे हैं- जब तक आरक्षण नहीं मिलेगा, हमें अपनी लड़ाई जारी रखनी होगी। देखना है कि यह जनसमर्थन उन्हें वोट के रूप में मिलेगा या उनकी स्थिति भी वही होगी जो हरियाणा विधानसभा चुनाव में किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी की हुई। जिन्होंने चुनावी अखाड़े में उतर कर अपनी जमानत तक जब्त करा ली।



## राशिफल

**मेष :-** अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों की मधुरता बढ़ेगी। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिंतित होगा। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा।

**बृषभः-** विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**मिथुनः-** किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। पारिवारिक संबंधों में कटुता न आने दें।

**कर्कः-** किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों। क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलने वाली हैं।

**सिंहः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों में भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**कन्याः-** कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु उद्वेलित करेगी। दूसरों की आलोचना का असर मनोबल पर कतई न पड़ने दें। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**तुलाः-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन नई-नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। योजनाएं फलीभूत होंगी।

**वृश्चिकः-** बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा। बिना वजह दूसरों की पीठ पीछे आलोचना न करें।

**धनुः-** दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न पाले। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का भी योग है। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कायरे की पूर्ति समय से करें।

**मकरः-** रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता मिलने का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**कुंभः-** रोजगार क्षेत्र में मिल रहे नये अवसरों का लाभ उठाएंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ेंगी।

**मीनः-** आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

# क्रांतिदर्शी पांडुरंग शास्त्री आठवले व स्वाध्याय कार्य

**डॉ. हितेश व्यास**



पांडुरंग शास्त्री आठवले एक ऐसा नाम है, जिन्होंने भगवद् गीता के विचारों की सिद्धि से न केवल हिंदुस्तान बल्कि पूरे विश्व के लोगों को स्वाध्याय कार्य का सन्देश दिया। विश्व के कई बड़े पुरस्कारों से सम्मानित पांडुरंग शास्त्री आठवले ने भगवद् गीता के विचारों को सरल शैली में बताकर लाखों लोगों को स्वार्थ के बिना कर्म करने के लिए प्रेरित किया। आज विश्वभर में दो करोड़ से भी ज्यादा उनके अनुयायी हैं। उन्हें टेम्पल्टन प्राइज, रेमन मैग्सैसे सम्मान सहित भारत सरकार की तरफ से दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

पांडुरंग शास्त्री का जन्म महाराष्ट्र के रोहा गाँव में 10 अक्टूबर, 1920 में हुआ था। उनका जन्मदिन 'मनुष्य गौरव दिन' के रूप में मनाया जाता है। पांडुरंग शास्त्री जी ''दादा'' के नाम से लोकप्रिय थे। पांडुरंग शास्त्रीजी की विशेषता थी कि उन्होंने कभी प्रेस और मीडिया का इस्तेमाल अपने और अपने कार्य की प्रसिद्धि के लिए नहीं किया। दादा जी ने पूरे जीवन में भगवद् गीता के 700 श्लोकों पर 6 से 7 बार प्रवचन किये और आज लाखों वीडियो कैसेट उनके गीता और वेद-उपनिषद् के प्रवचनों में उपलब्ध है। उनके प्रवचन की कोई भी विडियो कैसेट बाजार में बिकती नहीं है। अगर किसी को उनका प्रवचन सुनना है तो उन्हें दादाजी के स्वाध्याय केंद्र में ही जाना पड़ता है और वहीं सबके साथ बैठ कर वो प्रवचन सुन सकते हैं। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी में कभी किसी से सामने हाथ नहीं फैलाया न ही कभी वित्तीय मदद स्वीकार की। दादाजी, भारत के 10,000 गाँवों में पैदल चल कर या खुद साइकिल चला कर गए और लोगों को गीता का उपदेश सुनाया।

आज समाज में मुफ्त का मिलने पर जहां लाइन लग जाती है, 'दादाजी' ने लाखों लोगों को -मुफ्त का लूँगा नहीं- ऐसे भगवद गीता के महान विचारों पर चलने का एक महत्वपूर्ण विचार कार्यान्वित किया है। उसने खुद कभी किसी के पास से कुछ माँगा नहीं और लाखों लोग ऐसे तैयार भी किये, जो नचिकेत्त वृति के हो। भगवद् गीता, वेद-उपनिषद और पुराणों की महत्त्व की बातें उन्होंने अपने प्रवचन द्वारा लोगों में ट्रांसफर की और वही बातें पुस्तकों के माध्यम से गाँव-गाँव तक पहुंचाई। कार्य में एक भी पैसे के लेनदेन के बगैर हर कोई व्यक्ति अपना खुद का उद्धार करने के लिए, अपने टिकट और अपनी टिफिन के साथ दूसरे गाँव एवं दूसरे व्यक्ति के पास बिना स्वार्थ जाए, ऐसा माहौल उत्पन्न किया। 'स्वाध्याय' का मतलब बताते हुए उन्होंने कहा कि यह 'स्व' का अध्ययन है, जैसे भगवद् गीता में कहा है कि व्यक्ति खुद ही अपना उद्धार कर सकता है।

इलाहाबाद में 'तीर्थराज मिलन' करने के बाद देशभर में उनके कई बड़े कार्यक्रम हुए, जिसमें 10-15 लाख लोग इकट्ठा होते थे, पर पुलिस या सिक्युरिटी की जरूरत न पड़े ऐसे 'स्वयं शिस्त' का उनके कार्यक्रम जैसा उदहारण आजतक कोई दूसरा नहीं प्रस्तुत कर सका। दूसरी विश्वधर्म परिषद् में भारत के प्रतिनिधि के रूप में दादाजी को आमंत्रित किया गया था और उनके द्वारा कहे भगवद् गीता के विचारों से विश्व के कई देशों के लोग बहुत प्रभावित हुए। वहां लोगों ने मुंहमांगी कीमत पर विचार और कार्य यात्रा उनके देश में करने की पेशकश की लेकिन दादाजी ने विनम्रता पूर्वक इसे ठुकराते हुए कहा कि यह विचारधारा मेरे देश की है और जब तक यह विचार पर चलने वाले लोग मेरे देश में तैयार नहीं होंगे तब तक मैं कही नहीं जाऊंगा। दादाजी ने स्वाध्याय कार्य की शुरुआत गुजरात से की थी और फिर महाराष्ट्र से आगे देशभर में लेकर गए। गुजरात में अलग-अलग कई स्थानों पर बिना मूल्य वेद-उपनिषद् एवं कौशल के लिए उनके द्वारा पाठशाला शुरू की गई है। मुंबई के पास थाना में एक विद्यापीठ की स्थापना की गई है जहां स्नातक के बाद युवाओं को वेद-उपनिषद् का प्रशिक्षण बिना मूल्य दिया जाता है।

जब कोई अच्छा काम होता है तब उसमें बाधा डालने वाले लोग तैयार ही होते हैं। ऐसे ही उनके इस पवित्र कार्य में भी हुआ था। 'दीदाजी' के 80वें साल के कार्यक्रम पर उनकी खराब तबीयत के कारण जब उन्हें ऐसा लगा कि अब इस कार्य की डोर किसी को सौंपनी चाहिए तब उनका प्रस्ताव एकमात्र उनकी दत्तक पुत्री, 'जयश्री दीदी' के नाम पर ही था। यह बात भी सही थी, क्योंकि जो कार्य अपनी कड़ी मेहनत से तैयार किया गया हो, उसको वह किसी के भी हाथ में कैसे दें? उनकी इस बात में कोई वांशिक परंपरा का उद्देश्य नहीं था पर जिस व्यक्ति को उन्होंने बचपन से ही अपने साथ रखकर संस्कृति के विचारों पर चलना सिखाया था, उस पर ही उनका विश्वास होता न। लेकिन सालों से पद, प्रतिष्ठा और पैसे की लालसा में उनके आसपास भी ऐसे कई लोग थे, जो चाहते थे कि इस कार्य की जिम्मेदारी उनको दी जाये, जो दादाजी को मंजूर नहीं था।

इसी बात को लेकर देशभर में यह 10-12 लोगों ने स्वाध्याय कार्य के कई अनुयायियों को उकसाया और 'दीदी' का विरोध किया। यह बात सिद्ध है कि अगर दादाजी को पैसे की लालसा होती तो तत्कालीन उप राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन की सरकारी मदद की पेशकश क्यों ठुकराते। डॉ. राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति रहते उनके पास उनकी 'तत्वज्ञान विद्यापीठ्' में गए थे। उस समय दादाजी कई आर्थिक मुश्किलों में घिरे हुए थे और राधाकृष्णन ने उनको कई चीजें ऑफर की थी, तब उन्होंने बहुत नम्र भाव से कहा था कि यह कार्य भगवान का है और उसको चलाना है तो वो अपने आप मदद कर देगा, इस कार्य को सरकारी मदद की जरूरत नहीं है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# नदियों के किनारे वाटर स्पोर्ट्स व बोटिंग कार्य को किया जाये विकसित: डीएम

**जिला पर्यटन व संस्कृति परिषद की बैठक संपन्न**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के पर्यटक स्थलों का होर्डिंग्स सोशल मीडिया आदि के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रचार प्रसार किया जाए। पर्यटन स्थलों के प्रचार प्रचार हेतु एप बनाकर उसमें संबंधित पर्यटन स्थलों की जरूरी विशेषताओं एलोकेशन आदि की समस्त सूचनाओं को भी अंकित किया जाए ताकि पर्यटकों को संबंधित स्थलों के संबंध में संपूर्ण जानकारी हो सके तथा उन्हें आने.जाने में भी किसी भी प्रकार की समस्या न हो । जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में नदियों के किनारे वॉटर स्पोर्ट्स यथा बोटिंग आदि की काफी संभावना है इसको विकसित करने हेतु प्रभावी ढंग से प्रयास किया जाए।

बैठक में माह फरवरी में पुलिस लाइन में तीन दिवसीय भव्य हमीरपुर महोत्सव आयोजित किये जाने के संबंध में चर्चा की गयी तथा जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि हमीरपुर महोत्सव की स्वीकृति हेतु पर्यटन निदेशालय प्रस्ताव प्रेषित किया जाय। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में चल रही विभिन्न पर्यटन परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। जनपद में खण्डेह स्थित पुराने शिव एवं रामजानकी मंदिर विकास खण्ड सुमेरपुर में स्थित माँ कामाख्या देवी मंदिर राठ में मरही माता मंदिरए हमीरपुर स्थित भुवनेश्वरी देवी मंदिरए पातालेश्वर मंदिरए मौदहा डैम पर पर्यटन विकास परियोजनायें संचालित है। परियोजनाओं की कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएलए सी एण्ड डी एसएएवं उत्तर प्रदेश पर्यटन राज्य निगम के अधिकारियों को जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गयेए कि उक्त कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण हों इसमें कोई लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने वन विभाग को जनपद में ईको टूरिज्म स्थलों को चिन्हित कर उनका विकास करने हेतु निर्देश दिये । जिलाधिकारी ने कहा कि युवा टूरिज्म क्लब के विद्यार्थियों का पर्यटन टूर एपर्यटन संगोष्ठी एनिबंध, पेंटिंग्स प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं बैठक में नामित सदस्य ब्रजकिशोर गुप्ता, पर्यटन सूचना अधिकारी डॉ चित्रगुप्त, जिला विद्यालय निरीक्षक एजिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एपीडी साधना दीक्षित तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# दो सौ शैय्या का अस्पताल बनने की प्रक्रिया शुरु, स्वास्थ्य विभाग व राजस्व टीम ने किया सर्वे

**कुरारा ब्लॉक के रिठौरा डाडा गांव में बनेगा अस्पताल**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कुरारा ब्लाक के रिठौरा डाडा गांव में दो सौ शैय्या का अस्पताल बनने का प्रक्रिया शुरु हो गयी है। कल स्वास्थ्य विभाग व राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर जाकर चिंहाकन किया तथा सर्वे कर शासन को रिपोर्ट भेज दी है।

जानकारी के मुताबिक हमीरपुर मुख्यालय से करीब दस किलोमीटर दूर रिठौराडाडा गांव में दो सौ शैय्या का अस्पताल यानी ट्रामा सेंटर बनने की कार्यवाही शुरुहो गयी है। कल मौके पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (एसीएमओ) डा रामऔतार व विभागीय अभियंता सोमशेखर ने मौके पर जाकर मौका मुआयना किया उनके साथ राजस्व विभाग की टीम लेखपाल व अन्य कर्मी मौजूद रहे।



रिठौराडाडा गांव के किनारे एक दम जंगली इलाका है यहा पर काफी घना जंगल बताया जाताहै इसलिये सर्वे कार्य ड्रोन के माध्यम से किया गया। जमीन करीब 55 बीघे से अधिक बतायी जाती है।

लोनिवि बांदा ने अस्पताल का आगणन बनाकर भिजवा दिया है बताया जाता है कि बहुत जल्दी ही अस्पताल का निर्माण कार्य शुरु हो जायेगा। सेहत विभाग का कहना है कि जब दौ सौ शैय्या बाला अस्पताल बनकर तैयार हो जायेगा तो मेडिकल कालेज बनने की उम्मीद भी जतायी जा रही है। जैसे ही टीम मौके पर पहुची वैसे ही ग्रामीणों में खुशी की झलक देखी गयी कि जंगल में कभी न कभी मंगल अवश्य होगा। राजस्व विभाग की टीम ने चिंहाकन कर लिखा पढी जमीन की कर शासन को रिपोर्ट भेजी है। लोगो का कहना है कि अस्पताल बनने के बाद लोगो को उचित इलाज की सुविधा मिल सकेगी।

## सहकारी समितियों से डीएपी गायब

**सुमेरपुर(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित क्षेत्रीय सहकारी समितियों से डीएपी खाद नदारत होने से किसान परेशान है। किसानों को डीएपी की जगह एनपीके थमाई जा रही है जबकि किसानों की पहली पसंद डीएपी है। सहकारी समितियों से डीएपी गायब होने के कारण किसान महंगे दामों में बाजार से खरीदकर बुवाई करने को मजबूर है। कस्बे के क्षेत्रीय सहकारी समिति के अलावा ऋय विक्रय सहकारी समिति, पीसीएफ किसान

**किसान महंगे दामों में खरीद रहे हैं उर्वरक**

सेवा केंद्र संचालित हैं। इसके अलावा इंगोहटा, छानी, पौथिया, हेलापुर(कुछेछा), पचखुरा बुजुर्ग, मुंडेरा में क्षेत्रीय सहकारी समितियां कार्यरत हैं। इन सभी समितियों से किसानों को खाद बीज वर्ष पर्यत मुहैया होता है लेकिन मौजूदा समय में कहीं डीएपी खाद नहीं है। किसान परशुराम यादव, प्रदीप गुप्ता, उदयभान, मानसिंह भदौरिया, दुलीचंद्र विश्वकर्मा, राजाराम आदि ने बताया कि डीएपी की जगह एनपीके किसानों को थमाई जा रही है। किसानों ने बताया कि एनपीके को किसान पसंद नहीं करता है। इस समय किसान मटर, मसूर, सरसों, चना, लाही आदि फसलों की बुवाई कर रहा है। इन फसलों में किसान डीएपी बोना महफूज समझता है। पीसीएफ के जिला प्रबंधक शरद कुमार ने बताया कि रैक लगने जा रही है। दो दिन बाद सभी सहकारी समिति में डीएपी पहुंचा दी जाएगी।

# डीएम ने किसानों को प्रशिक्षण के लिए कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के लिए हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**महोबा।** केन्द्र एवम राज्य सरकार द्वारा किसानों की आय दुगनी करने के लिए समय समय पर कृषि विभाग द्वारा किसानों को प्रदेश के साथ साथ अन्य प्रदेशों में भी कृषि प्रशिक्षण हेतु भेजा जाता है इसी क्रम में आज श्रीअन्न यानि मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद स्तरीय अधिकारी, कर्मचारियों एवं कृषक प्रशिक्षण एंड सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजनांतर्गत राज्य के बाहर 18 से 22 अक्टूबर तक कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में 50 कृषक 20 कर्मचारी मिलेट्स प्रशिक्षण 40 कृषक आत्मा योजनांतर्गत प्रशिक्षण कुल 110 कृषक एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण हेतु कृषक काशीप्रसाद घनश्याम बृजभूषण भवानीदीन आदि को जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के लिए



मृदुल चौधरी जिलाधिकारी ने दो बसों को हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया। इस मौके पर डॉ.अभय कुमार सिंह यादव उपकृषि निदेशक व हरिमिलन नामदेव उपस्थित रहे ।

# लदार गांव में गुणवत्ताविहीन नाले का कराया जा रहा निर्माण

**कभी भी ढह सकता है नाला, उच्चाधिकारी जानकर भी अनजान बने**

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

मौदहा विकासखंड में ज्यादातर गांवों में राज्य वित्त आयोग व केंद्रीय वित्त आयोग के बजट को ठिकाने लगाया जा रहा है।लदार गांव तो एक नमूना है। क्षेत्र के ग्राम लदार में निर्माणाधीन नाला पूर्णतया प्रतिबंधित डस्ट से बनवाया जा रहा हैजो बनने के बाद कभी भी तांश के पत्तों की तरह ढह जायेगा मगर संबंधित अधिकारी जानकर भी अनजान बने हुये है। बताया जाता है कि यह काम केंद्रीय वित्त से



कराया जा रहा है। पंचायत सचिवों की मिलीभगत से ग्राम प्रधान केंद्रीय तथा राज्य वित्त योजना में भरपूर सेंधमारी करने से कतई परहेज नहीं कर रहे हैं फिर चाहे वह स्वच्छ भारत मिशन के तहत हो रहे कार्य हों अथवा किसी अन्य मद से। अभी सितंबर माह में ही इसी गांव में आरआरसी सेंटर पूर्णतया डस्ट से बनने की खबर से जिलाधिकारी के आदेशों को भी हवा में उड़ा चुका है लेकिन जिम्मेदारों की कमीशनखोरी तथा शिथिलता से पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान के ऊपर कोई कार्यवाही न होने से इनके हौसले बुलंद हो गए और अब नाला भी प्रतिबंधित डस्ट से निर्माण होकर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएगा। ब्लाक में कई काम ऐसे है जो गुणवत्ता विहीन कराये गये थे और वह सभी गिर गये थे नाला के निर्माण कार्य को लेकर तरह तरह की अटकले लगायी जा रही है मगर उच्चाधिकारी मौन साधे बैठे हुये है। वहीं इस संबंध में सहायक खंड विकास अधिकारी पंचायत अमर सिंह ने बताया कि उन्हें अभी उक्त कार्य होने की जानकारी नहीं है जानकारी प्राप्त कर संबंधितों के ऊपर कार्यवाही की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### शक्ति डिग्री कॉलेज में व्याख्यान माला का आयोजन

**घाटमपुर (समृद्धि न्यूज़)।** जगद्गुरु श्री शंकराचार्य जी पर अधारित व्याख्यान माला का अयोजन श्री शक्ति डिग्री कॉलेज साखाहरी घाटमपुर कानपुर नगर में आज शनिवार 19 अकटूबर को, भारतीय भाषा समिति शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार और विद्या भारती उच्च शिक्षा कानपुर प्रान्त के सहयोग से होगा, डिग्री कॉलेज के प्रबंधक विनय त्रिवेदी– ने बताया कि कार्यक्रम 11 दिन से शुरू होगा।

### दबंगों ने सभासद प्रतिनिधि के घर पर बोला हमला, मारपीट कर की फायरिंग, रिपोर्ट दर्ज

**राठ(हमीरपुर)।** चुनावी रंजिश के चलते आधा दर्जन लोगों ने सभासद प्रतिनिधि के घर में हमला बोल दिया। इस दौरान उक्त लोगों ने सभासद प्रतिनिधि के यहां हवाई फायरिंग करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित सभासद प्रतिनिधि ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कस्बे के छोटी जुलहेटी मोहल्ला निवासी रवि कुमार पुत्र दयाशंकर ने बताया कि उसकी पत्नी निशा सैनी सभासद का चुनाव लड़ी थी। उनके विरोध में आशीष द्विवेदी उर्फ बड़े पुत्र गुनु महाराज भी चुनाव लड़ा था। उक्त चुनाव में उसकी पत्नी चुनाव जीत गई थी। इसी बात को लेकर आशीष रंजिश मानने लगा था। गुरुवार की रात करीब नौ बजे मोना यादव निवासी दीवानपुरा उसके घर के पास आया और कहने लगा कि तुम्हरा भाई रविन्द्र कहां है। इतना बोलने पर वह गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर मोना यादव चला गया। थोड़ी देर बाद रात करीब साढ़े नौ बजे मोना यादवए पंकज यादवए प्रिंस कुशवाहाए रफतए राजा असलहा लेकर उसके घर पर आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर भाई रविन्द्र के साथ मारपीट करने लगे। जब वह व उसका भाई रज्जन बचाने आए तो उन्हें भी बंदूक की बटो से मारने पीटने लगे। चिल्लाने पर उक्त लोगों ने हवाई फायरिंग कर दी। सूचना पर पहुंचे सीओ व कोतवाल ने जांच पड़ताल की। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि फायरिंग की घटना सही है। सभासद प्रतिनिधि की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### संसाधनों से शाश्वत आनंद संभव नहीं: स्वामी मुक्तानंद

**सुमेरपुर।** कस्बा सुमेरपुर के उदय गार्डेन में चल रहे सन्त प्रवचन और राम कथा के आयोजन में बोलते हुए अलवर राजस्थान के संत स्वामी मुक्ता नंद ने कहा कि धन वैभव संपत्ति जीवन के लिए साधन हैं उनसे शाश्वत आनंद प्राप्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोग आवश्यकता के संसाधनों को ही



सुख मान बैठे हैंए जबकि संसाधन तो सिर्फ जीवन जीने के लिए है उनमें सुख नहीं है सुख कही और है संसाधनों में सुख होता तो लोगो की सुख की चाहत निरंतर नहीं बदलती उन्होंने कहा कि सुख दुख हमारी अज्ञानता में है। हमारे मन में है अनुकूल परिस्थिति हो या प्रतिकूल संत लोग सुख दुख का आभास ही नहीं करते तो सदा मस्त रहते हैं, उन्होंने कहा कि सच्चा सुख परमात्मा की भक्ति में है जिसे पाने का प्रयास सभी को करना चाहिए। उनके प्रवचन के पूर्व राम कथा वाचक आचार्य रामानुज दीक्षित ने रामचरित मानस के माध्यम से राम वन गमन का प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दियाए इस अवसर पर स्वामी जगन्नाथए स्वामी सुखानंद सहित काफी संख्या में श्रोता मौजूद रहे ।

### ससुराल से वापस लौट रहे कारसवार व्यापारी से लूटपाट

**महोबा।** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में बेख़ौफ़ बदमाश ससुराल से वापस लौट रहे कार सवार व्यापारी को रास्ते में रोक कर हजारों रुपए की नगदी और सोने के आभूषण लूट कर मौके से फरार हो गए। विरोध करने पर बदमाशों ने व्यापारी को बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। व्यापारी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों का गठन कर गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई है। दरअसल मामला पनवाड़ी थाना क्षेत्र के बुडेरा रोड का है जहां पनवाड़ी कस्बा के जन्टपुरा मुहल्ले के रहने वाले धर्मपाल अहिरवार का पुत्र भूपेंद्र अहिरवार बुडेरा गांव स्थित अपनी ससुराल से पत्नी को छोड़कर कार में सवार होकर वापस अपने घर आ रहा था आरोप है कि तभी लोधी पुरा गांव के रहने वाले बदमाशों ने रास्ते में बाइक लिटा कर कार रोक ली उसके बाद दबंगों ने बेरहमी से मारपीट करते हुए गले में पहनी हुई सोने की चेन,हाथों की अंगूठी और जेब में रखे 50000 रुपये लूट लिए और जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को नामजद आरोपियों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की है। तो वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार ने बताया कि बीती रात पनवाड़ी कस्बा के जन्टपुरा मुहल्ले के रहने भूपेंद्र अहिरवार ने पनवाड़ी थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बुडेरा रोड में लोधी पुरा गांव के रहने वाले कुछ लोगों द्वारा उसके साथ मारपीट की गई और उसकी जेब में रखे पचास हजार रुपए और सोने के जेवरात लूटकर फरार हो गए पुलिस ने फिलहाल तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों का गठन कर दिया गया है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

# बालू लदे ओवर लोड वाहनों से पुलिया क्षतिग्रस्त, आवागमन बाधित

**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

विकास खण्ड के ग्राम वुडेरा मे क्योलारी से निकली नदी की पुलिया खदानो से ओवर लोड वाहनों के निकलने से क्षति ग्रस्त होने के सबब पुलिस ने बडा हादसा के अन्देशे को देख वैरी कैटिग कर भारी वाहनो को निकलने से रोक लगा दी। जिससे अणतालीस घंटे बीतने पर भारी वाहनों की लम्बी कतारे लगी हुयी हैं और एक दर्जन से अधिक इसी मार्ग पर पड़ने वाले गाँवों के ग्रामीणों का फसल बेचे जाने का आवागमन बाधित है।

बताते चले कि विकास खण्ड के ग्राम स्योढ़ी सिलालपुरा नगाराघाट वराना आदि गाँव मे करीव दस वर्षो से खनिज विभाग द्धारा कृषकों की भूमि को उपजाऊ वनाने के उद्देश से वालू निकाल कर उपजाऊ भूमि वनाने के लिए पट्टे किये जा रहे है। गौरतलब



बात यह है कि कृषकों के पट्टे पर दबंग बालू माफिया एनएलटी जैसी भारी मशीनों से गाइड लाइन के विरुद्ध बालू खनन कर डम्पर एव ट्रकों में ओवर लोड भर इन्ही मार्गो से निकलते है जिसके परिणाम स्वरूप विगत दिन वुडेरा गांव मे स्थित नदी पुलिया भारी वाहन बालू से लदे निकलने से धंस गयी। उपरोक्त पुलिया धंसने की सूचना पुलिस को मिली पुलिस ने क्षतिग्रस्त पुलिया की हालत देख वैरी कैटिग लगा भारी वाहनों के आवा गमन पर रोक लगा दी जिससे खदानों एव सडक पर



सैकड़ो की सख्या में वाहनों की कतार वनी खड़े है। पुलिया क्षति ग्रस्त की सूचना पीडब्ल्यूडी को दी गयी सूचना पर जेई ने क्षतिग्रस्त पुलिया का निरीक्षण किया। कल बीती शाम से पुलिया मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर आरंभ किया गया है। अणतालिस घन्टे बीत जाने के बाद भी आवागमन बहाल नहीं हुआ है जिससे एक दर्जन से अधिक गाँवों के कृषकों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है किसान अपनी फसल को मंडी बेचने नहीं जा पा रहे है।

## मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के कैथा गांव में अज्ञात कारणों के चलते मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। कैथा गांव निवासी 25 वर्षीय जयहिंद ने पशु बाड़े में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक के बड़े भाई बृजगोपाल ने बताया कि उसके भाई के नाम तीन बीघा जमीन थी। खेती व मजदूरी कर वह परिवार का भरण.पोषण करता था। बताया कि गुरुवार को गांव के वृंदावन की मां की तेरहवीं थी। उसका भाई तेरहवीं संस्कार में ढाई बजे तक मौजूद रहा। जब वह शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे पशुबाड़े में पहुंचा तो उसका भाई फांसी पर लटका मिला। मृतक अविवाहित था। पुत्र की मौत पर मां घस्सी का रो रोकर बुरा हाल है।

**मिशन शक्ति अभियान**

# अपर एसपी ने महिला संबंधी अपराधों एवं विगत तीन माह से लंबित अभियोगों की समीक्षा की

**महोबा।** मिशन शक्ति फेज- 5.0 के तहत महिला सशक्तिकरण हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में आज अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में जनपद में घटित विभिन्न महिला एवं बाल सुरक्षा सम्बन्धी अपराधों में लम्बित प्रकरणों तथा विगत 03 माह से अधिक समय से लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण की स्थिति के सम्बन्ध में सम्बन्धित विवेचकों के साथ गोष्ठी कर प्रकरणों की समीक्षा की गयी है।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा लम्बित विवेचनाओं की समीक्षोपरान्त जिन विवेचकों द्वारा विवेचनाओं के निस्तारण में सार्थक प्रयास नही किये जा रहे थे उन सभी विवेचको को कड़े निर्देश दिए गये हैं। साथ ही साथ साक्ष्य संकलन कर एक सप्ताह में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने महिला सम्बन्धी अपराधों पर विशेष संवेदनशील होते हुए कहा है कि महिला सम्बन्धी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण किया जाये तथा इससे सम्बन्धित पीडिता की नियमानुसार काउंसिलिग की जाये। तथा सम्बन्धित अभियुक्त को शीघ्र गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस पर किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

# रामलीला का पांचवां दिन: राम वनवास लीला का हुआ मंचन

**महोबा।** रानी कैकई द्वारा राजा दशरथ से मांगे गए वरदान के अनुसार मात पिता गुरु की आज्ञा लेकर राम अपने भाई लक्ष्मण और पत्नी सीता सहित सभी को अचेत कर वन को चल दिया। नव युवक रामलीला मंडल श्रीनगर द्वारा आयोजित रामलीला के पंचम दिवस राम वनवास की लीला खेली गई जिसमे सबसे पहले अभी राम विवाह का कुछ ही समय बीता था कि राजा दशरथ को अपना बुढ़ापा देख श्रीराम को राज्याभिषेक करने तब सहमति बनने के बाद तैयारियां होने लगी लेकिन रानी कैकई की दासी मंथरा को यह सब कुछ देखा नहीं गया और उसने रानी को अच्छी तरह से समझा कर राजा दशरथ द्वारा दिए गए दोनों वर मांगने कि बात कही और



कोप भवन में भेज दिया जहां राजा के पहुंचने पर रानी ने राम को चौदह वर्ष का वनवास ओर पुत्र भरत को राजगद्दी मांगी यह सुनकर राजा के होश उड़ गए लेकिन रघु कुल रीति सदा चल आई प्राण जाय पर वचन न जाए के सिद्धांत के अनुसार उनके होश उड़ गए और राजा के बहुत कहने पर रानी कैकई नहीं मानी तो राम, लक्ष्मण और सीता गुरु ओर मात पिता की आज्ञा लेकर वन को चले गए।

# 21 छात्राओं को संस्कृति प्रतियोगिता संवाद में किया गया सम्मानित

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

अजनर क्षेत्र में संचालित सुखानंद हाईस्कूल में विद्यार्थियों के बीच भारतीय संस्कृति संस्कारों, नशा मुक्ति, वाहन दुर्घटनाओं से बचने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर्यावरण संरक्षण नैतिक शिक्षा व्यवहारिक जीवन स्वच्छता अभियान विभिन्न प्रकार की वाद विवाद, संवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की ,जिसमें विद्यालय की 21 छात्राओं में भाग दिया जिसमें प्रथम संस्कृति नामदेव, ज्योति रैकवार एवं भैया सोहेल खान को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। अन्य सभी बेटियों को भी संगोष्ठी सभा में सम्मानित करने का मौका दिया गया । यह कार्यक्रम बुंदेलखंड क्षेत्र के समाजसेवी राष्ट्रीय आदर्श शिक्षा रत्न



उपाधि से सम्मानित संतोष गंगेले कर्मयोगी नौगांव बुंदेलखंड द्वारा विद्यालय में आयोजित किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सुखानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्कूल के अध्यक्ष फूल सिंह तोमर प्रभारी प्रधानाचार्य राघवेंद्र राजपूत एवं संचालक संचालक योगेश कुमार पटेरिया की उपस्थिति में आयोजित किया गया । विद्यालय के सभी शिक्षक एवं बेटियों का पुष्पमाला पहनकर सम्मान भी किया गया और उन्हें साहित्य सामग्री प्रदान की गई । विद्यालय के शिक्षक भानु प्रताप सिंह राघवेंद्र सिंह पन्नालाल राम सिंह वीर सिंह अभिषेक कुसुम लता देवी ने इस प्रकार के सामाजिक कार्य विद्यालय में आयोजित करने के लिए अपने-अपने विचार लगाते हुए समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी को सच्चा समाजसेवी देश प्रेमी राष्ट्रप्रेमी के रूप में संबोधित किया गया विद्यालय के विद्यार्थियों ने शपथ संकल्प लेकर यह विश्वास दिलाया है कि वह नियमित रूप से विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करेंगे समय सारणी बनाकर पड़ेंगे तथा समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित रहेंगे । विद्यालय परिवार में अतिथि स्वागत और आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सराहना की ।

# जलशक्ति विभाग के राज्यमंत्री रामकेष निषाद पहुंचे महोबा

- **मंत्री ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जानी कार्य की प्रगति**
- **हर घर नल योजना के तहत खोदी गईं सड़कों के जल्द निर्माण के दिये निर्देश**

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति विभाग के राज्य मंत्री रामकेश निषाद महोबा पहुंचे। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने राज्य मंत्री का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। राज्य मंत्री ने जिले के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की और जिले में संचालित जल



शक्ति मिशन की योजना पूर्ण करने के लिए दिए हैं । साथ ही क्षतिग्रस्त सड़कों को एक सप्ताह में ठीक करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है । तो वही हाल ही में होने वाले उप चुनाव में सभी सीटे जीतने का दावा किया है ।

राज्य मंत्री रामकेश निषाद में महोबा के विरमाभवन के गेस्ट हाउस में जल शक्ति मिशन के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने जिले के विकासकार्यो की प्रगति जानी। समाजवादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा बहराइच घटना पर जबाब देते हुए और तंज कसते हुए मंत्री ने कहा कि जल्द जनता उन्हें जबाब देगी। मंत्री ने एक सप्ताह के भीतर कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त सड़क मरम्मत करने के निर्देश दिए हैं। केंद्र सरकार जल्द केन- बेतवा लिंक परियोजना के तहत उर्मिल बांध को जोड़ देगी जिससे पूरे जिले के साथ महोबा नगर क्षेत्र के सभी 13 तालाबों को पर्याप्त जल मिलेगा। योजना से कृषि के संसाधन बढ़ेंगे। हर खेत तक पानी पहुंचेंगा जिससे महोबा क्षेत्र का विकास होगा। उत्तर प्रदेश सरकार की जल शक्ति मंत्री के दौरे को लेकर सिंचाई विभाग व जल निगम के अधिकारियों द्वारा ग्रामीण इलाकों की सड़कों व नहरों की मरम्मत की न होने की शिकायत को लेकर सैकड़ो किसानों ने मंत्री को ज्ञापन सौंप लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही व नहरों की सिल्ट सफाई के साथ-साथ जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई ग्रामीण इलाकों में सड़कों की मरम्मत कराई जाने की मांग की है।

# अग्निशमन प्रभारी देवेश तिवारी ने आतिशबाजी की दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में आगामी आने वाले धनतेरस एवं दीपावली पर्व के मद्देनजर जनपदवासियों को सुरक्षित परिवेश उपलब्ध कराये जाने उद्देश्य से आज प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महोबा देवेश तिवारी के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा आतिशबाजी विक्रय/निर्माण एवं भंडारण स्थलों का प्रभारी अग्निशमन अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया तथा आतिशबाजी/पटाखा विक्रय/भंडारण/निर्माण स्थलों पर उपस्थित दुकानदारों एवं स्टाफ को अग्निशमन उपकरणो को चलाए जाने हेतु प्रशिक्षण/जानकारी दी गई तथा लाइसेंसिंग क्षमता के अनुसार रखे



जाने हेतु निर्देशित करते हुए मानकों के अनुसार अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सदैव क्रियाशील दशा में रखने हेतु निर्देशित करते हुए जागरुकता पंपलेट के माध्यम से जागरूक किया गया, इसके अतिरिक्त अग्निशमन उपकरण लगाने हेतु एवं सुरक्षा के मानकों को पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं, जिससे पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की आग दुर्घटना की संभावना को खत्म किया जा सके।

# विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक देवा मेला एवं प्रदर्शनी की भव्य शुरुआत

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की धर्मपत्नी डॉ0 सुप्रिया कुमारी ने

- डीएम की पत्नी ने फीता काटकर किया उद्घाटन, उड़ाए शांति के प्रतीक कबूतर

शुक्रवार को शेख मुहम्मद हसन गेट पर फ़ीता काटकर दस दिवसीय ऐतिहासिक देवा मेला एवं प्रदर्शनी का औपचारिक शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने शांति के प्रतीक सफेद कबूतर भी उड़ाए। देवा मेले का शुभारम्भ होने के साथ ही ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी शुरुआत हो गयी। ÷जो रब है वही राम है।÷ का सन्देश देने वाले महान सूफी संत सैय्यद हाजी वारिस अली शाह के वालिद सैय्यद कुर्बान अली शाह की स्मृति में लगने वाला दस दिवसीय देवा मेला काफी प्राचीन है। शुक्रवार को शहनाइयों की मधुर ध्वनि, पीएसी बैंड के बीच मेले का भव्य शुभारम्भ हुआ।



शुभारम्भ के बाद जिलाधिकारी की पत्नी डॉ0 सुप्रिया कुमारी ने मेला क्षेत्र का भ्रमण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देवा मेले से निकलने वाला सद्भाव का सन्देश ÷जो रब है वही राम है। दुनियाभर में भाईचारे का सन्देश प्रसारित कर रहा है। मेले का शुभारम्भ होने के साथ ही दस दिवसीय देवा मेले की रौनक बढ़ गई है। मौके पर देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति के अध्यक्ष/ जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, देवा मेला कमेटी सचिव/ एडीएम (वित्त एंव राजस्व) अरुण कुमार सिंह, एडीएम न्यायिक इन्द्रसेन, एसडीएम आर जगत साई, अपर पुलिस अधीक्षक सी.एन. सिन्हा, एसडीएम राजेश विश्वकर्मा, एसडीएम विजय कुमार त्रिवेदी, एसडीएम अनुराग सिंह, सीएमओ डॉ अवधेश कुमार यादव, बीएसए संतोष कुमार देव पांडेय, देवा मेला कमेटी के सदस्यगण सदस्यगण चौधरी तालिब नजीब, संजय बली, इकबाल किदवाई, फव्वाद किदवाई, संदीप सिन्हा, चौधरी अशीर आदि सहित चेयरमैन देवा हारून वारसी सहित काफी लोग मौजूद रहे।

### दस दिन चलेगा देवा मेला

परंपरा के अनुसार देवा मेला एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन जिलाधिकारी की धर्मपत्नी द्वारा किया जाता है और समापन एसपी की धर्मपत्नी द्वारा होता है। यह मेला 10 दिनों तक चलेगा, जिसमें म्यूजिकल नाइट, ऑल इंडिया मुशायरा, अखिल भारतीय कवि सम्मेलन समेत अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम व हॉकी, बैडमिंटन, दंगल सहित अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। देवा मेले में जायरीन की भारी भीड़ उमड़ती है। देश-विदेश के लाखों जायरीन दरगाह की जियारत के लिए आते हैं। मेले की दुकानों पर बिक्री शुरू हो गयी है। घोड़ा खच्चर बाजार भी अच्छी नस्लों के जानवरों से गुलजार हैं। सूफी सन्त की दरगाह सहित अन्य दरगाहों पर उर्स के कार्यक्रमों की शुरुआत भी हो गई।

## लघु उद्योग मंत्री का कालपी आगमन आज

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश हाथ कागज निर्माता समिति के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के लघु उद्योग मंत्री राकेश सचान 19 अक्टूबर को कालपी नगर में पधार कर उधमियों के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। उन्होंने अवगत कराया कि संस्था के तत्वाधान में बुंदेलखंड गार्डन कालपी यमुना पुल के समीप आयोजित हाथ कागज उद्योग के उद्यमियों के सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान शिरकत करेंगे तथा शासन के द्वारा चलाई जा रही उद्यमियों के हितों की योजनाओं के बारे में जानकारियां देंगे। इसी क्रम में उद्योग मंत्री कार्यक्रम स्थल में आयोजित हस्तशिल्प प्रदर्शनी का अवलोकन भी करेंगे। कार्यक्रम में भारी संख्या में उद्यमियों की सहभागिता रहेगी। इस अवसर पर उद्योग विभाग तथा कई अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

## दहेज उत्पीड़न के मुकदमे में सुलह का दबाव बनाने व धमकी देने का मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




दहेज प्रथा के मुकदमे में सुलह के लिये दबाव बनाने व जान से मार देने की धमकी को लेकर जैदपुर थाने में शिकायत की गयी। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल जारी है। मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के गांव बीबीपुर का है। जहां के वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार पुत्र सरजू प्रसाद वर्मा ने थाना जैदपुर शिकायती पत्र देते हुवे बताया कि वो अपनी दोनों बेटियों का विवाह राहुल वर्मा आनंद वर्मा पुत्रगण शिवनरायण ग्राम भठठा का पुरवा कोतवाली नगर बाराबंकी से किया था?।जोकि आपसी मनमोटाव को लेकर विपक्षी से चल रहे दहेज प्रथा का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। जिसमें सुलह को लेकर फोन के जरिए लगातार सुलह करने हेतु दबाव बनाया जा रहा है। दिनांक 17/10/2024 को विपक्षियों ने फोन पर सुलह करने पर दबाव बनाते हुये जान से मरवाने की धमकी देने लगे। मना करने पर अशब्दो का प्रयोग करते हुये प्रार्थी को गाली देने लगे। मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुये जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### चिकुनगुनिया व मलेरिया के उपचार व प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित




**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को पाथ संस्था द्वारा गोदरेज कंपनी के सहयोग से डेंगू,चिकुनगुनिया व मलेरिया रोग के उपचार एवं प्रबंधन हेतु क्रिनस्को होटल में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया ।यह आयोजन स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से किया गया ।इस आयोजन में जिले के प्राइवेट चिकित्सकों,स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं अन्य संबंधित लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया ।प्रशिक्षक के रूप में प्रोफेसर डॉ ब्रजेश कुमार विभागाध्यक्ष मेडिसिन विभाग, अंबेडकर नगर मेडिकल कॉलेज, अंबेडकर नगर ने डेंगू चिकनगुनिया एवं मलेरिया रोग के उपचार एवं प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया ।प्रशिक्षण में इन रोगों के कारण गंभीर स्थितियों का उपचार एवं प्रबंधन कैसे किया जाए,इस पर विशेष जानकारी दी गई ।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय जैन ने उपचार के साथ साथ प्रभावी रोकथाम करने की आवश्यकता पर बल दिया ।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ पुष्पेंद्र कुमार अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ आ.न.शुक्ला नगर स्वास्थ्य अधिकारी,डॉ.वी.पी.त्रिपाठी जिला सर्विलांस ऑफिसर,डी.के श्रीवास्तव फाइलेरिया कंट्रोल अधिकारी,डी.पी.सिंह जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी,डॉ अरविंद श्रीवास्तव ऐपिडमलॉजिस्ट,मंजुला आनंद जिला मलेरिया अधिकारी एवं जिले के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया ।पाथ संस्था की कोऑर्डिनेटर उर्वशी तिवारी ने इस प्रशिक्षण में भाग लेने आए सभी प्रशिक्षार्थियों को धन्यवाद दिया।

### जुमे की नमाज पर मस्जिदों में मुस्तैद रही पुलिस

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** साप्ताहिक जुमे की नमाज के मद्देनजर जैदपुर थाना क्षेत्र की तमाम मस्जिदों के आस पास थाना प्रभारी निरीक्षक व पुलिस के जवान गशत करते नजर आये। बताते चलें कि शुक्रवार को साप्ताहिक नमाजे जुमा को लेकर जैदपुर थाना प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह, कस्बा इंचार्ज राजेश कुमार गुप्ता दरोग़ा हलीम बाबू, गुफरान खान शैलेश, पंकज राठौर, धीरेन्द्र कुमार, रामनाथ सहित पुलिस के जवान क्षेत्र की तमाम मस्जिदों के आस पास मौजूद रहे। जबकि थाना प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह सहयोगी पुलिस के जवानों के साथ क्षेत्र की तमाम जुमा मस्जिदों के आस पास गशत करते नजर आये।

### अतिक्रमण मुक्त कराने गई टीम ने फसल अवशेष जलाने पर की कार्रवाई

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** सरकारी जमीन पर किये गये अतिक्रमण को मुक्त कराने हेतु लेखपाल सहित नगर पंचायत की टीम मौके पर पहुंची। जहां लेखपाल ने फसल के अवशेष को न जलाने की हिदायत देने के साथ एक व्यक्ति पर अवशेष जलाने को लेकर जुर्माना करते हुये कार्यवाही भी की है। जानकारी के नगर पंचायत जैदपुर के प्यारनपुर में रोजगार सेवक सत्रोहन पुत्र महावीर द्वारा खाद्य गड्ढे की जमीन ईंट पत्थर डालकर कब्जा किया गया था। जिसे कब्जे से मुक्त कराया गया साथ ही उसी के द्वारा फसल के अवशेष को जलाने पर लेखपाल ने 2500 रूपए का जुर्माना कर तमाम ग्रामीण लोगों को फल के अवशेष को न जलाने की चेतावनी दी है। इस अवसर पर लेखपाल पंकज मिश्रा लिपिक प्रदीप कुमार वर्मा शफीक खान सहित अन्य लोग मौजूद थे। इस संबंध में लेखपाल पंकज मिश्रा ने बताया कि फसल के अवशेष जलाने वालों के विरुद्ध जानकारी होते ही तत्काल कार्यवाही की जायेगी। अतिक्रमण करने वालों पर भी कार्यवाही होगी।

### पंचायतों में ई श्रम कार्ड बनाने के डीएम ने दिए निर्देश

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** रविवार को ग्राम पंचायतों में कैंप लगाकर ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों के राशन कार्ड बनाए जाएंगे। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के निर्देश पर तहसील सिरौलीगौसपुर में 20 अक्टूबर दिन रविवार को सभी ग्राम पंचायतों के पंचायत भवन में पूर्ति विभाग व विकास विभाग के द्वारा कैंप लगाया जाएगा। इस कैंप में प्रवासी मजदूर, ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत मजदूरों के राशन कार्ड बनाए जाएंगे। पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार सिंह ने बताया कि तहसील क्षेत्र में 136 उचित दर की दुकानें हैं। जिनपर 20004 श्रमिक पंजीकृत हैं। सभी की सूची उचित दर विक्रेताओं को उपलब्ध करवा दी गई है। इस प्रक्रिया में प्रत्येक ग्राम पंचायत में ऐसे लाभार्थी जिनके द्वारा ई-श्रम में पंजीकरण किया गया है उनके राशन कार्ड तत्काल जारी किए जाएंगे।

### हैदरगढ़ व त्रिवेदीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीवी रोगियों को पोषण आहार वितरित

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज पर आज टीवी मुक्त अभियान के तहत डॉ मनोज वर्मा द्वारा टीवी मरीजों को पोषण आहार वितरित किया गया डॉक्टर मनोज वर्मा ने बताया कि जिला क्षय रोग अधिकारी बाराबंकी डॉक्टर राजीव टंडन के सहयोग से सीएचसी त्रिवेदीगंज पर छह रोगियों को पोषण आहार वितरण किया गया है डॉ मनोज वर्मा ने बताया कि आगे चलकर और भी मरीज को पोषण आहार वितरित किया जाएगा जिससे सभी मरीज अपना इलाज सुचारू रूप से कर सके। इस मौके पर टीवी यूनिट त्रिवेदीगंज एसटीएफ विनय प्रताप सिंह शैलेंद्र सिंह उपस्थित रहे। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पर भी चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सौरभ शुक्ला द्वारा भी पोषण आहार के रूप में मूंगफली चना गुड़ सतू का वितरण किया गया।

## दीपोत्सव कार्यक्रम : नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा आगामी दीपोत्सव कार्यक्रम के दृष्टिगत शुक्रवार को रामकथा पार्क का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान दीपोत्सव मेले के दृष्टिगत रामकथा पार्क में मंच स्थल आदि संपूर्ण परिसर में आवश्यक व्यवस्थाओं आदि के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।इसके अतिरिक्त सपूर्ण अयोध्या धाम क्षेत्र में नालियों को कवर्ड किए जाने,टूटे पत्थरों को बदले जाने,मार्गों को गड्ढा मुक्त किए जाने,प्रकाश विंदुओ को क्रियाशील किए जाने व जनसुविधार्थ पर्याप्त संख्या में पेयजल व्यवस्था हेतु टैंकर/ मोबाइल टॉयलेट/ बॉयो टायलेट



/चेंजिंग रूम व पार्किंग की व्यवस्था के निर्देश दिये गये। इसके साथ साथ निराश्रित गौवंश को निषिद्ध किए जाने की कार्यवाही के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त श्री शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट सुविधा सुविधाओं प्रदान किए जाने हेतु निगम पूर्णरूपेण प्रतिबद्ध है। आगामी दीपोत्सव मेले के दृष्टिगत आवश्यक व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को सम्यक दिशा निर्देश दिये गये है। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त वागीश कुमार शुक्ला,अनिल सिंह जोनल अधिकारी, सुभाष चंद्र त्रिपाठी, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजेश कुमार झा व सफाई एवं खाद्य निरीक्षक विजयेंन्द्र वर्मा अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीतादेवी महाविद्यालय में कैम्पस सेलेक्शन में कम्पनियों ने लिया 400 छात्रों का साक्षात्कार

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सीतादेवी महाविद्यालय पारिजात धाम बरोलिया में महाविद्यालय प्रबन्धन के अदभुत पहल से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया। जिसके अन्तर्गत 10 से अधिक कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। बीए, एमए, एमएससी, बीकॉम, एमकॉम, बीएससी कृषि संकाय, बीएड, डीएलएड, डी फार्मा के 400से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया जिसमें उत्तीर्ण एंव वर्तमान अध्ययनरत छात्र छात्राएं शामिल हुए। जिसके अन्तर्गत एसबीआई कार्ड, स्विगी, एअर टेल, विस्ट्रन टाटा, इलेक्ट्रॉनिक कूलर,पाइन लैब,इन्ट्रा मार्ट आदि 10 कम्पनियों ने भाग लिया। महाविद्यालय के निदेशक अभिषेक शुक्ला ने अपने वक्तव्य में कहा कि ग्रामीण इलाके के बच्चों के लिए कैम्पस प्लेसमेंट आयोजित कराना मेरे लिए शौभाग्य की बात है साथ ही सन्देश दिया कि जीवन में किसी भी नये कार्य की शुरुआत करने के लिए समय और परिस्थिति पर निर्भर नहीं करता वरन स्किल डेवलपमेंट करना आवश्यक है।
प्रत्येक छोटे-छोटे प्राप्त अवसर को स्वीकार करना चाहिए। इस अवसर पर 115 छात्र-छात्राएं चयनित हुए तक साक्षात्कार जारी रहा। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्चना त्रिपाठी एवं सहयोगी विभागाध्यक्षों ने चयनित हुए छात्र छात्राओं को बधाई दी है।

### सूचना

पूर्व में मेरा नाम खिलातुज़ ज़ाइरा रिज़वी KHILATUZ ZAIRA RIZVI था। जो मैंने अब बदल कर खिलातुज़ ज़हरा रिज़वी KHILATUZ ZAHRA RIZVI रख लिया है। अब मुझे भविष्य में इसी नाम से सभी प्रयोजनों तथा उद्देश्य के लिए जाना तथा पहचाना जाए। मैं खिलातुज़ ज़हरा रिज़वी KHILATUZ ZAHRA RIZVI पत्नी इन्तकाम हैदर निवासनी म.सं.89 मोहल्ला गढ़ी कदीम पो.व थाना जैदपुर बाराबंकी यू.पी. पिनकोड 225414

### कलावती देवी स्मारक महाविद्यालय

(सम्बद्धः डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या)
उत्तमनगर, बड़नापुर (तेजवापुर) - बहराइच उ.प्र.

**आवश्यकता है**

स्नातक स्तर पर **बी.एस.सी. पाठ्यक्रम** में (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान) प्रत्येक विषय में **प्रवक्ता-07 पद**
**स्नातक स्तर पर बी.ए. पाठ्यक्रम में** (भुगोल, चित्रकला)।
**योग्यता एवं वेतनमान-** यू.जी.सी. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी **07 कार्य दिवस** के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व-हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

भवदीय- प्रबन्धकः विनोद कुमार त्रिपाठी
मो.नं.- 9415442258

## डॉक्टर बृजेश व प्रोफेसर अशोक बने साकेत महाविद्यालय के नए मुख्य नियंता

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो दानपति तिवारी ने डॉ बृजेश कुमार सिंह और प्रो. अशोक कुमार मिश्र को महाविद्यालय का नया मुख्य नियंता नामित किया है। डॉ बृजेश कुमार सिंह प्रातः कालीन और प्रो अशोक कुमार मिश्रा सायंकालीन महाविद्यालय व्यवस्था का संचालन करेंगे।



डॉ बृजेश सिंह महाविद्यालय में पहले राजर्षि टंडन और नियंता मंडल छात्र कल्याण परिषद और परीक्षा समिति में सराहनीय योगदान दे चुके है जबकि प्रो. मिश्रा महाविद्यालय में पहले छात्र कल्याण अधिकारी, सहायक नियंता, एनसीसी नेवल विंग के सब लेफ्टिनेंट, एनएसएस कार्यक्रमाधिकारी, छात्रावास अभिरक्षक विश्वविद्यालय मूल्यांकन में उप समन्वयक व उच्च शिक्षा सेवा चयन आयोग इलाहाबाद द्वारा चयनित होकर महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोइलसा आजमगढ़ के प्राचार्य के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।प्रो.मिश्र और डा.बृजेश के मुख्य नियंता बनने पर प्रो अनुराग मिश्रा,प्रो. मिर्जा साहब शाह, प्रो अभिषेक दत्त त्रिपाठी, प्रो अशोक कुमार राय, प्रो. शिवकुमार तिवारी,डा. असीम त्रिपाठी, प्रो. पवन कुमार सिंह,डॉ उमापति डॉ. जन्मेजय तिवारी, डा. रवि चौरसिया, डा. अवधेश कुमार शुक्ला, प्रो सत्य प्रकाश गुप्ता, डा संदीप वर्मा सहित अनेक शिक्षकों ने बधाई देते हुए प्रो मिश्र व डा. बृजेश कुमार सिंह के सराहनीय योगदान की कामना की।यह जानकारी महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी प्रो आशुतोष त्रिपाठी ने दी है।

### बिजली बकायेदारों के काटे गए कनेक्शन

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत रामनगर में तहसील प्रशासन और विद्युत विभाग की संयुक्त टीम ने विशेष वसूली अभियान चला कर विद्युत के बड़े बकायेदारों से हजारों रुपए की वसूली कर बिल न जमा न करने वालों के कनेक्शन काटे। मालूम हो कि कस्बा रामनगर में अवर अभियन्ता अनुराग शर्मा संग्रह अमीन पवन कुमार ओझा की संयुक्त टीम ने कस्बे में छोटे बड़े विद्युत विभाग के बकायेदारो से अभियान चलाकर बकाया विद्युत बकाया वसूली किया ।बिल ना जमा करने के चलते श्याम लाल सोनी गिरीश सोनी आसमा बानो तुफैल अहमद आदि के कनेक्सन काटे गये ।इस मौके पर संग्रह अमीन श्रवण शर्मा संग्रह अनुसेवक विनोद कुमार वर्मा त्रिलोकी सिंह विद्युत विभाग के विनय कुमार लाइनमैन नवाब हुसैन कमलेश रामदेव यादव हिमांशु तिवारी दिनेश कुमार मनोज कुमार मोहम्मद वहाब मीटर रीडर महेश शुक्ला प्रवीन वर्मा उपस्थित रहे।

### कलावती देवी स्मारक महाविद्यालय

(सम्बद्धः डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या)
उत्तमनगर, बड़नापुर (तेजवापुर) - बहराइच उ.प्र.

**आवश्यकता है**

स्नातक स्तर पर विधि संकाय के अन्तर्गत **एल.एल.बी. पंचवर्षीय पाठयक्रम में प्राचार्य-01** पद तथा **प्रवक्ता-15 पद**
तथा स्नातक स्तर पर विधि संकाय के अन्तर्गत एल.एल.बी. पंचवर्षीय पाठयक्रम में अर्थशास्त्र प्रवक्ता, अंग्रेजी प्रवक्ता, इतिहास प्रवक्ता, राजनीतिशास्त्र प्रवक्ता, मनोविज्ञान प्रवक्ता एवं समाजशास्त्र प्रवक्ता।
**योग्यता एवं वेतनमान-** यू.जी.सी., बी.सी.आई. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी **07 कार्य दिवस** के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व-हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

भवदीय- प्रबन्धकः विनोद कुमार त्रिपाठी
मो.नं.- 9415442258

## दो दिवसीय तहसील स्तरीय एथलेटिक्स, साहित्यिक व सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित

**सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**

सहजनवा तहसील अंतर्गत स्थित मुरारी इंटर कॉलेज के परिसर में शुक्रवार को दो दिवसीय तहसील स्तरीय एथलेटिक्स, साहित्यिक व सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में तहसील क्षेत्र के छः विद्यालय के बच्चों ने प्रतिभाग किया। सहजनवा क़स्बा स्थित मुरारी इण्टर कालेज में प्रधानाचार्य/तहसील संयोजक मेजर साकेत जी की अगुवाई में दो दिवसीय तहसील स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन आज से हुआ।



कार्यक्रम के मुख्य अथिति उपजिलाधिकारी सहजनवा दीपक कुमार गुप्ता रहे। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं इस बाबत विद्यालय के खेल शिक्षक शैलेंद्र प्रताप ने बताया कि प्रतियोगिता में तहसील के आधा दर्जन कालेज/स्कूलों के बच्चे प्रतिभाग करेंगे, जिनमें सीनियर, जूनियर व सब जूनियर तीन श्रेणियों में बच्चों को 100, 200, 800 व 1500 मीटर की दौड़ के साथ लंबी कूद, गोला फेंक समेत अन्य प्रतियोगिताओ में शामिल किया जाएगा। इसके लिए अलग अलग अध्यापकों की टीमें गठित कर दी गई है। जो अपने कर्तब्यों का निर्वहन कर बच्चों को खेल के प्रति जागरूक करते रहेंगे। चक्र छेपड़ सिनियर बालक वर्ग में प्रथम स्थान रविकांत यादव मुरारी इंटर कालेज, द्वितीय स्थान ज्ञान दास मस्कारा इंटर कालेज, तृतीय स्थान भोला कुमार मस्कारा इंटर कालेज रहे।

इस अवसर पर खेल शिक्षक शंभु नाथ यादव, ह्रदेश रावत, जय प्रकाश, मनोज कुमार सिंह, शशि प्रभा पाल तथा मुरारी इंटर कालेज की उप प्रधानाचार्य सुप्रिया सिंह सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों का सहयोग मिला और प्रतियोगिता का प्रथम दिन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

### मशहूर हाजी बाबू रंग वाले के निधन से शोक की लहर

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के मशहूर हाजी बाबू रंग वाले के पुत्र सगीर अहमद का अचानक स्वर्गवास हो गया। जिसकी जानकारी होते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। बताते चले कि जैदपुर कस्बे के नामचिंह हाजी बाबू के पुत्र सगीर अहमद का शुक्रवार को अचानक देहान्त हो गया। जिसकी जानकारी मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। जिनके अन्तिम दर्शन हेतु थाना चौराहे के बगर स्थित आवास पर लोगों की भारी भीड़ लगी रही। जिन्हें बाद नमाजे जुमा नम आंखों से कदीमी कब्रिस्तान में शुपर्देखाक किया गया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन रियाज अहमद भाजपा नेता उमेर अंसारी पूर्व चेयरमैन जियाउर्रहमान समाजसेवी मो0 सालिम परवेज खान हाजी गुड्डू, असलम मामा डीएम वर्मा जितेंद्र सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

### कलावती देवी स्मारक महाविद्यालय

(सम्बद्धः डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या)
उत्तमनगर, बड़नापुर (तेजवापुर) - बहराइच उ.प्र.

**आवश्यकता है**

स्नातक स्तर पर विधि संकाय के अन्तर्गत **एल.एल.बी. त्रिवर्षीय पाठयक्रम में प्राचार्य-01** पद तथा **प्रवक्ता-12 पद**
**योग्यता एवं वेतनमान-** यू.जी.सी., बी.सी.आई. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी **07 कार्य दिवस** के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व-हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

भवदीय- प्रबन्धकः विनोद कुमार त्रिपाठी
मो.नं.- 9415442258

### कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी गोण्डा।

पत्रांकः मु0चि0अ0/एन0यू0एच0एम0/यू-आम/2024-25/11591 दिनांक 18/10/24

**अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर U -AAM संचालन हेतु किराये के भवन हेतु विज्ञापन**

मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या SPMU / NUHM / PM - ABHIM / U - AAM /2024-25/87/4197 दिनाँक 30.09.2024 के क्रम में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जनपद गोण्डा में चार अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर U - AAM के संचालन हेतु किराये के भवन की आवश्यकता क्षेत्रवार क्रमशः विष्णुपुरी कालोनी, बस स्टॉप से बहराईच रोड पर - 01, महारानीगंज, रानीजोत, बरियारपुरवा, गल्लामण्डी आदि में -01, राजा मोहल्ला, सुभाष नगर, राधाकुण्ड आदि में - 01 एवं रकाबगंज, जिगरगंज, इमामबाड़ा से फैजाबाद रोड पर - 01 है। जिसका विस्तृत विवरण एन0आई0सी0 की वेबसाइट (https://gonda.nic.in/notice/advertisement-for-bulding-on-rent-for-operationalization-of-urban- ayushman-aarogya-mandir-u-aam/) पर देखा जा सकता है। इच्छुक आवेदनकर्ता उक्त वेबसाइट पर अपलोड नियमावली का अवलोकन कर आवेदन दिनाँक 30.10.2024 तक कार्यालय अधोहस्ताक्षरी के कक्ष संख्या 23 में प्राप्त करा सकते हैं।

**नोडल अधिकारी**
**एन0यू0एच0एम0, गोण्डा।**

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
**गोण्डा।**

## सहजनवा तहसील क्षेत्र में अवैध गैर मान्यता शैक्षणिक संस्थाओं का भरमार

- शिक्षा विभाग के जिम्मेदार सालों से बने हुए हैं मुकदर्शक, गैर मान्यता वाले विद्यालयों पर नहीं कर रहे कार्रवाई
- जिला विद्यालय निरीक्षक का बड़ा दावा जल्द होगी अवैध विद्यालय व शैक्षणिक संस्थानों पर बड़ी कार्रवाई

**सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**




मुख्यमंत्री के गृह जनपद के सहजनवा तहसील क्षेत्र में वर्षों से धड़ल्ले से गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय आवासीय स्थान पर हो रहे हैं संचालित.वही पिछले साल जांच में , अवैध पाए गए विद्यालय अब फिर से हो रहे हैं धड़ल्ले से हो रहा है संचालित,और शिक्षा विभाग के जिम्मेदार बने हुए हैं मुक दर्शक वही अगर देखा जाए प्राइवेट अवैध विद्यालयों के संस्थापकों द्वारा , शिक्षण शुल्क, कॉपी किताब ड्रेस सहित विभिन्न तरह के सुविधाओं के नाम पर छात्र छात्रों के अभिभावकों से वसूले जाते हैं भारी रकम , आपको बताते चले पाली ब्लॉक व सहजनवा ब्लाक अंतर्गत कुछ ऐसे भी प्राइवेट अवैध विद्यालय हैं जो बेसमेंट में धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। साथ ही साथ बीते वर्षों से देखा जा रहा है। की अधिकतम विद्यालयों के द्वारा कहीं-कहीं 6 से 12 और कहीं कहीं 01से 12 , तक के कक्षाओं को संचालित करने में सक्षम दिखाई दे रहे है। वहीं सूत्रों की माने तो मुख्यमंत्री के गृह जनपद में इस तरह के गैर मान्यता प्राप्त अवैध विद्यालयों पर किन शिक्षा माफियाओं के संरक्षण के द्वारा प्राइवेट विद्यालयों के संस्थापकों को धड़ल्ले से संचालित करने में अवैध तरीके से संचालित करने में सह मिल पा रहा है।और वही देखा जाये कि बिना मान्यता के धड़ल्ले से संचालित हो रहे विद्यालय वही जिम्मेदार बने हुए हैं मूकदर्शक उक्त संदर्भ में जिला विद्यालय निरीक्षक अमरकांत सिंह ने बताया कि जल्द ही इन अवैध शैक्षणिक संस्थान व प्राइवेट विद्यालयों पर सघन जांच करके इन सब पर बड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# डीएम ने बीडीओ को विकास कार्यो में तेजी लाने के दिए निर्देश

**जिलाधिकारी ने मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, पीएम सूर्य घर योजना, गोवंश संरक्षण आदि के संबंध में बैठक की आयोजित**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, पीएम सूर्य घर योजना, गोवंश संरक्षण आदि के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने विकास कार्यों में तेजी लाये जाने हेतु समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रत्येक सप्ताह अपने- अपने ब्लाकों में प्रधानों के साथ वर्चुअल संवाद कर कराये जा रहे कार्यों आदि सभी बिन्दुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा करें। मनरेगा के अन्तर्गत बनाये जा रहे खेल मैदानों के एरिया पर विशेष फोकस करें। हर खेल मैदान में रनिंग ट्रैक होना चाहिए और खेल से संबंधित ही सामग्री लगायी जाये। सामुदायिक बागवानी के तहत पौधो का चयन अच्छे से करें।

पौराणिक स्थलों का सौन्दर्यीकरण गुणवत्तापूर्ण किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि विद्यालय, पानी की टंकी, पंचायत भवन, आर आर सी केन्द्र, एवं शौचायल आदि जो मार्ग विहीन है। सम्पर्क मार्ग बनाया जाएं। उन्होनें मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना पर विशेष फोकस करें। और सभी ब्लाकों में 5- 5 गाय देकर लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएं। गोआश्रय पोर्टल पर दर्ज सहभागी का सत्यापन कराकर समय से धनराशि उपलब्ध करा दी जाए। एसबीएमजी फेज 2 व्यक्तिगत शौचालय के अन्तर्गत गुगरापुर एंव कन्नौज की प्रोग्रेस खराब होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देश दिये कि कार्य में सुधार किया जाये। इस मौके पर सीडीओ रामकृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी एनडी द्विवेदी, उपायुक्त मनरेगा जितेन्द्र यादव, पीडी डीआरडीए रामऔतार, उपायुक्त एनआरएलएम राजकुमार लोधी सहित संबंधित अधिकारीगण रहे।



बैठक करते जिलाधिकारी

# मिट्टी खोदते समय टीला धंसने से बालिका की मौत

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

पीली मिट्टी खोदते समय अचानक टीला धंसने से बालिका की दवकर दर्दनाक मौत हो गई। क्षेत्र के ग्राम भैसियापुर निवासी पुष्पेंद्र कुमार की 16 वर्षीय पुत्री गरिमा देवी बीता गुरुवार शाम करीब पांच बजे गांव के पास खेतों पर अपनी सहेली व ज्ञानेंद्र कुमार के साथ मिट्टी खोदने गई थी मिटटी को गड्डे में घुसकर खोदते समय अचानक टीला भर भराकर उसके ऊपर गिरने से वह दवगई साथ में मिट्टी खोद रहे ज्ञानेंद्र कुमार ने तेज़ चीखपुकार की आवाज देने पर खेतों पर काम कर किसानों ने आनन-फानन में मिट्टी हटाकर दवी बालिका को निकालने का प्रयास किया गया तब तक गरिमा देवी ने दम तोड दिया था जबकि बालिका को बचाने में ज्ञानेंद्र कुमार भी बुरी तरह घायल हो गया जिससे ज्ञानेंद्र कुमार को आनन-फानन में फर्रुखाबाद एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी लगते घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। बालिका की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। मृतक बालिका के पिता पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि हमारी बेटी बल्लापुर गांव स्थित एक विद्यालय में कक्षा 9 की छात्रा थी।



मिट्टी का टीला धंसने से जहां बालिका की दवकर हुई मौत

# दिहाड़ी बढ़ाने को लेकर महिला मेट ने सौंपा ज्ञापन

**कई जनपदों में मिलती है 406 पर उमर्दा में 325 का मिलता भुगतान**

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।**

उमर्दा विकास खण्ड की ग्राम सभाओं में मेट के रूप में काम रही दर्जनों महिलाओं ने शुक्रवार को ब्लाक प्रमुख को ज्ञापन देकर दिहाड़ी बढ़ाए जाने की मांग रखी। इसके अलावा ग्राम प्रधानों तथा ग्राम विकास अधिकारियों पर भेदभाव करने के आरोप जड़े। उमर्दा विकास खण्ड की 90 ग्राम पंचायतों में करीब 106 महिलाएं मेट के रूप में काम करती है। करीब दो दर्जन महिलाओं ने शुक्रवार का विकास खण्ड कार्यालय पहुंचकर ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा को एक शिकायती पत्र सौंपा। महिलाओं ने दिए ज्ञापन में बताया कि अन्य जनपद में महिला मेटों को 406 रूपए दिहाड़ी मिलती है। जबकि उनको दिहाड़ी के रूप में मात्र 325 रूपए मिलते हैं। उन्होने कई बार अफसरों से भी शिकायत की है। इसके बाद भी आज तक उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई और न ही उनकी दिहाड़ी बढ़ाई गई। इसपर ब्लाक प्रमुख ने उनको भरोसा दिलाया कि वह उच्चाधिकारियों से बात करके दिहाड़ी बढ़ाएं जाने की बात रखेगें। इस अवसर पर बहोसी की नीलम, सुर्सी की राधा, श्यामनगर की सुषमा, बस्ता की शबिना व पट्टी ग्राम सभा की सुमन सहित दो दर्जन महिलाएं मौजूद रहीं।



ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा को ज्ञापन सौंपती महिला मेट

# बच्चों को पेपर दिलाने जा रहे पिता-पुत्र को दबंगो ने पीटा

**कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच पड़ताल**

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के फत्तेहपुर गांव की पुलिया के निकट शुक्रवार की सुबह पुत्री व पुत्र को पेपर दिलाने जा रहे एक ग्रामीण को कुछ दबंगो ने मारापीटा। पुत्री अपने पिता को बचाने पहुंची, तो उसके साथ अभद्रता की। पुत्र को भी मारपीट कर घायल कर दिया। मामले में कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। फत्तेहपुर गांव निवासी धर्मेन्द्र सिंह पुत्र सुग्रीव सिंह ने तिर्वा कोतवाली में गांव के ही गोलू उर्फ नितिन, सचिन, गुल्लड़ सिंह व ठठिया थाना क्षेत्र के वीरहार गांव निवासी अंशू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। लिखाई रिपोर्ट



में कहा है कि सुबह 08 :45 के करीब वह अपने पुत्र व पुत्री को बाइक पर बैठाकर कचाटीपुर स्थित स्कूल में पेपर दिलाने जा रहा था। रास्ते में उक्त लोगों ने उसकी बाइक को रोक लिया। उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसे और उसके पुत्र को पीटकर घायल कर दिया। उसे बचाने के लिए जब उसकी पुत्री आई, तो उक्त लोगों ने उसके साथ भी अभद्रता की। मामले में कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मिली तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में कन्नौज ने जीती चैम्पियनशिप

**सीओ तिर्वा ने विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित**

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के डीएन इंटर कॉलेज छात्रावास मैदान में चल रही 35वीं मण्डल स्तरीय तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुक्रवार को भव्य समापन हुआ। जिसमें कन्नौज जनपद ने पहला स्थान पाया। जबकि फर्रूखाबाद ने दूसरा तथा औरैया जनपद ने तीसरा स्थान हासिल किया। सीनीयर बालक वर्ग में 100 मीटर की दौड़ में फर्रूखाबाद के रमन, 800 व 1500 मीटर में औरैया के अभिषेक, जैवलिन थ्रो में कन्नौज के विकास, हैमर थ्रो में फर्रूखाबाद के पारस, वाक प्रतियोगिता में कन्नौज के मनीष ने पहला स्थान पाया। जूनियर बालक वर्ग की 100 मीटर में कन्नौज के अब्दुल करीम, 800 व 1500 मीटर में औरैया के विकास बाबू, ऊंची कूद में कन्नौज के अभिषेक ने बाजी मारी। सीनियर बालिका वर्ग 800 व 1500 मीटर में औरैया की रिंकी देवी, जैवलिन में औरैया की रागिनी, ऊंची कूद में फर्रूखाबाद की सुशमी, हाई स्टेप जंप में इटावा की रीना, जूनियर बालिका वर्ग 100 मीटर में कन्नौज की आंशी मौर्या, जैवलिन में कन्नौज की अंजली कटिया तथा ऊंची कूद में फर्रूखाबाद की कल्पना अव्वल रही।



चैम्पियनशिप की ट्राफी के साथ जश्न मनाते कन्नौज के खिलाड़ी व शिक्षक

## खबरें एक नजर में

### उत्तीर्ण छात्रों को किया गया सम्मानित



**छिबरामऊ, कन्नौज।** शहर के सराफान मोहल्ला स्थित श्याम कंप्यूटर पर 2023-24 सत्र में उत्तीर्ण छात्रों को सम्मानित किया गया। श्याम कंप्यूटर सेंटर पर 2023-24 में ट्रिपल सी व अन्य कोर्स में उत्तीर्थ छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगदीश्वर दयाल जनता इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र दुबे संस्था के डायरेक्टर विक्रांत चतुर्वेदी मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र देकर माल्यार्पण कर सम्मानित किया। पल्लवी आकाश पुष्पराज देवेश राज सहित संस्था का समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

### मेडिकल स्टोर पर मरीज भर्ती कर हो रहा उपचार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मौसम में बदलाव होने के कारण सर्दी जुकाम के मरीजों की तादात में काफी बढ़ोतरी हुई झोलाछाप डॉक्टर व मेडिकल स्टोर संचालकों की हुई चांदी 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय के सामने स्थित बिना लाइसेंस के चल रहे मेडिकल स्टोर पर 1 साल से अधिक समय से पूर्व तबादले पर जा चुके चिकित्सक द्वारा मेडिकल स्टोर पर मरीज भर्ती करके उपचार किया जा रहा है स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही खुलेआम जाग जाहिर हो रही है।

### कार न मिलने पर विवाहिता को घर से निकाला

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दहेज में कार न मिलने पर ससुरालियों ने महिला के साथ गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद घर से निकाल दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम कबीरापुर निवासी नेहा पुत्री राकेश कुमार यादव ने कोतवाली में दर्ज कराए कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी शादी 10 मई 2022 को पड़ोसी जनपद मैनपुरी के थाना किसनी के ग्राम कुमहौल निवासी मुनीष पुत्र संतराम के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजनों पति मुनीष, सास सरोजनी देवी, जेठ दिलीप व अवधेश, जेठानी रौनक, दादिया सास राजवती, चचिया ससुर जसवंत ने अतिरिक्त दहेज में कार की मांग की। उसके द्वारा असमर्थता जताने पर ससुरालीजनों ने विगत 04 अक्टूबर को उसके साथ मारपीट की और कपड़े व जेवरात छीन कर घर से निकाल दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस द्वारा मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### झांकियों संग निकली महर्षि बाल्मीकि की शोभायात्रा

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।** महर्षि बाल्मीकि की जयंती के अवसर पर गुरूवार की शाम तिर्वा कस्बे विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा का नगर में जगह-जगह पर लोगों ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। यात्रा का समापन मां अन्नपूर्णा मंदिर में हुआ। शोभायात्रा की शुरूआत कस्बे के इन्द्रानगर मोहल्ले में स्थित महर्षि बाल्मीकि के मंदिर से हुई। शोभायात्रा में बाल्मीकि समाज के सैकड़ो लोग शामिल थे। यात्रा में सबसे आगे महर्षि बाल्मीकि की प्रतिमा शामिल थी। पीछे अनेकों देवी-देवाताओं की सजीव झाकियां रथों पर विराजमान थी। बाल्मीकि समाज के लोग नाचते गाते नारे लगाते हुए जा रहे थे। जगह-जगह पर शोभायात्रा का समाजसेवियों ने स्वागत किया। पुराने डाकघर के निकट नवदुर्गा सेवा समिति के महासचिव प्रभात कुमार वर्मा (लालू), मुनेश राठौर के अलावा समिति के कई पदाधिकारियों ने शोभायात्रा मे शामिल बाल्मीकि समाज के लोगों का फूल-मालाओं तथा शाल उढ़ाकर सम्मानित किया। यात्रा का समापन मां अन्नपूर्णा मंदिर में हुआ। शोभायात्रा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीओ तिर्वा डॉ.प्रियंका बाजपेई, कोतवाल तिर्वा जितेन्द्र प्रताप सिंह के अलावा भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# कोर्ट के आदेश के बावजूद नहीं खाली कर रहा है मकान

**पीड़ित पक्ष में एसडीएम छिबरामऊ को प्रार्थना पत्र दे न्यायालय के आदेश का पालन करने की लगाई गुहार**

**छिबरामऊ कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

ननिहाल में मिली खेतिहर जमीन व मकान पर दबंगो द्वारा कब्जा कर लेने पर पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटा तो पीड़ित राजेंद्र देव दुबे निवासी फर्रूखाबाद हाल पता कानपुर नगर के पक्ष में न्यायालय द्वारा सुनाया गया फैसला और दूसरे पक्ष की वसीयत को खारिज कर दिया। परंतु उसके बाद भी दबंग सुरेश चंद पांडे द्वारा न्यायालय के आदेश के उपरांत भी राजेंद्र देव दुबे को उनके खेत व मकान में काबिज न होने देने पर पीड़ित पक्ष द्वारा उप जिलाधिकारी छिबरामऊ के यहां कब्जे के लिए लगाई गुहार फिर भी पीड़ित को न्याय नहीं मिल पा रहा है। वह लगातार गांव अकबरपुर से फर्रूखाबाद चक्कर का लगा रहा है वहीं पीड़ित पक्ष राजेन्द्र देव दुबे पुत्र विश्वनाथ दुबे रेलवे रोड फर्रूखाबाद के है। प्रार्थी के मामा रामगोपाल पाण्डेय अकबरपुर के निवासी थे उनके लड़के आदित्य कुमार पाण्डेय से ग्राम अकबरपुर में कृषि योग्य जमीन व मकान बतौर वारिस प्राप्त हुआ था। ग्राम अकबरपुर का अवधेश कुमार पाण्डेय व उसका चाचा सुरेश पाण्डेय निवासी अकबरपुर जबरदस्ती अवैध कब्जा प्रार्थी की जमीन व मकान पर करना चाहते हैं। परन्तु इसी जमीन व मकान पर दीवानी न्यायालय छिबरामऊ वाद संख्या 236/10 चला व जिसमें न्यायालय द्वारा प्रार्थी के पक्ष में निर्णय किया गया था। इस निर्णय के विरुद्ध अवधेश कुमार पाण्डेय ने जिला न्यायालय कन्नौज में 92/2015 में अपील की थी जो कि निरस्त हो गयी थी। अब उक्त कृषि योग्य भूमि व मकान का स्वामी प्रार्थी है। अवधेश कुमार पाण्डेय व सुरेश पाण्डेय जबरदस्ती गुण्डई के दम पर प्रार्थी के मकान व जमीन पर कब्जा करना चाहते है।अतः उन्होंने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध कार्रवाई कर कब्जा दिलाने की मांग की है। वहीं इस संबंध में जो हमारे संवाददाता द्वारा द्वितीय पक्ष सुरेश चंद्र पांडे से उक्त प्रकरण के विषय में जानकारी लेने का प्रयास किया गया दोनों ने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया है।



छात्र- छात्राओं को जागरूक करती शिक्षिका

# मिशन शक्ति फेस- 5 के तहत छात्राओं को किया जागरूक

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।** मिशन शक्ति फेस -5 के तहत क्षेत्र के अनौगी स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में छात्राओं के लिए गुड टच बेड टच विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सुशील कुमार के द्वारा की गई। मिशन शक्ति प्रभारी डिंपल कुशवाहा असि. प्रोफेसर भौतिक विज्ञान ने छात्र- छात्राओं को गुड टच और बेड टच के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि छात्र- छात्राओं को इस संबंध में सचेत रहना चाहिए। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ सुशील कुमार ने कहा कि छात्राओं सहित सभी लोगों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि कोई व्यक्ति उनको बेड टच के भाव के साथ स्पर्श न करें। कार्यक्रम का संचालन हेमेंद्र सिंह ने किया।

# नाबालिक के साथ रेप करने में दो युवकों को 30 वर्ष की सजा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** थाना तालग्राम में भादवि व पॉक्सो एक्ट के तहत पंजीकृत अभियोग में न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी पाते हुये 30- 30 वर्ष कठोर कारावास व 30,000- 30,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियुक्त ने वादी की नाबालिग पुत्री के साथ गलत काम करने के सम्बन्ध में थाना तालग्राम पर पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ था। जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी से मिंटू उर्फ आशीष पुत्र सतीश पाल और अंकुर पुत्र ध्रुव किशोर निवासीगण आसफपुर थाना तालग्राम को 30-30 वर्ष का कठोर कारावास व प्रत्येक को 30,000-30,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# रावण का पुतला फुंकते ही, दर्शकों ने लगाए जय श्री राम के नारे

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्री रामलीला महोत्सव समिति (रजि.) के द्वारा कस्वा में चल रहे रात्रि की लीलाओं के समापन पर जी टी रोड कोल्ड के पास स्थित रामलीला मैदान में मेले का आयोजन किया गया।

मेले में रावण व मेघनाथ के पुतले आकर्षण का केंद्र बने हुए थे। वही खिलौनों व अन्य की दुकानों पर काफी भीड़ नजर आई। रावण का वध होते ही दर्शकों ने जय श्रीराम के नारे लगाये मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के तीर से रावण धू-धू कर जल उठा लोगों ने आतिशबाजी का भी नजारा लिया। मेला व पुतला दहन देखने के लिए आसपास के गांवों से हजारों की तादाद में लोग यहां पहुंचे। देर शाम मर्यादा पुरुषोत्तम राम एवं लंकापति रावण की सेना में युद्ध हुआ और अंत में रावण की सेना श्री राम की सेना से पराजित हो गई। श्री रामचंद्र के तीर से लंकापति रावण धू धू कर जल उठा इसके बाद दर्शकों ने जय श्रीराम के नारे लगाए। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष रामू पाठक, वीरेंद्र पाठक, अखिलेश पाठक, सचिन पाठक सहित आदि लोग मौजूद रहे। वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे, जसोदा चौकी इंचार्ज सुनील कुमार चौधरी के साथ पुलिस बल तैनात रहा।

# करवाचौथ को लेकर सजे बाजार, महिलाओं ने की खरीददारी

**त्यौहार को लेकर बाजार में दिखने लगी रौनक**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

करवाचौथ पर्व की तैयारी को लेकर अभी से महिलाएं तैयारी में जुटी हुई है। जिससे बाजार गुलजार हो गए हैं। सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर भी महिलाओं की भीड़ देखने को मिल रही है। बाजारों में रौनक बढ़ने से दुकानदारों के चेहरे खिल उठे हैं। करवाचौथ के पर्व पर बाजार में रंग-बिरंगी चूड़ियां व पूजन सामग्री की दुकानें भी सजी हैं। शुक्रवार को भी महिलाओं की बाजार में भारी भीड़ देखी गई। इस व्रत में महिलाएं नए वस्त्र धारण कर, गहने का श्रंगार कर पूजा करती हैं। महिलाएं इस दिन भगवान शिव-पार्वती, गणेश, कार्तिकेय, चंद्रमा की पूजा करती हैं। करवाचौथ के मद्देनजर बाजारों में खास रौनक नजर आ रही है। करवाचौथ के लिए फैंसी चूड़ियों से दुकानें भरी हुई हैं। दुकानदार रोहित, प्रतीक शर्मा, विनय कुमार ने बताया कि धागे की वर्क वाली चूड़ियों को बेहद पसंद किया जा रहा है। कांच की चूडियों का स्वरूप भी बदलता जा रहा है। उसी के अनुरूप बाजार में चूड़ियां मौजूद हैं। ऐसे में महिलाएं सूट के रंग से मेल की चूड़ियां खरीद रही हैं। चूड़ियों और कड़े को करवाचौथ के हिसाब से डिजाइन किया गया है।

बाजार में बेहतर डिजाइनर की चूड़ियों का दाम 200 रुपये से लेकर एक हजार रुपये तक हैं। वहीं, ऑनलाइन खरीदारी का चलन भी तेजी से बढ़ा है। विभिन्न ऑनलाइन शॉपिंग से महिलाएं नई ड्रेस, चूड़ी, सौंदर्य प्रसाधन का सामान मंगा रहीं हैं। महिलाओं की मानें तो त्योहारों पर ऑलनाइन शॉपिंग करने पर ऑफर मिल रहे हैं। इसमें कलर, वैरायटी की भी च्वाइस रहती है। वहीं, बाजारों में सुबह-शाम रौनक बढ़ने से कारोबारियों के चेहरे खिल उठे है।



पूजा सामग्री की खरीददारी करती महिलाएं।

**बैठक**

**जिलाधिकारी ने गांधी सभागार में अधिकारियों के साथ की बैठक, बोले**

# 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके युवा मतदाता सूची में नाम कराएं दर्ज

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में मतदाता पुनरीक्षण के संबंध में आयोजित बैठक के दौरान कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मतदाता पुनरीक्षण का कार्यक्रम होना निर्धारित है। इस अभियान के अन्तर्गत जनपद के ऐसे युवा छात्र/ छात्राएं जो 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है। वह अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करायें। बताया कि यह अभियान 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक चलाया जायेगा। इस अभियान के अन्तर्गत 09, 10, 23, 24 नवम्बर को विशेष तिथियां निर्धारित है। इन विशेष तिथियों में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने बूथ पर मतदाता सूची एवं फार्म के साथ उपस्थित रहेगें। कहा कि 06 जनवरी 2025 को विधानसभावार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक कालेज में एक प्रवक्ता को कोर्डिनेटर के रूप में नामित किया जाए। कोर्डिनेटर/ नोडल अधिकारी शैक्षणिक संस्थानों में निर्वाचन साक्षरता क्लब (ईएलसी) को सक्रिय कर पंजीकरण की प्रक्रिया और आवेदन दाखिल करने की सीमा के बारे में जागरूक करेगें। शैक्षणिक संस्थानों के अर्ह युवा मतदाता (18-19 आयु वर्ग) की संख्या का वास्तविक डेटा प्राप्त कर उनका शत-प्रतिशत पंजीकरण कराएंगे। कहा कि प्रत्येक कालेज में एक कक्ष को वोटर पंजीकरण कक्ष के रूप में स्थापित किया जाये। जिसमें कालेज में उपलब्ध संसाधनों (कम्प्यूटर, यूपीएस, इण्टरनेट कनेक्टविटी इत्यादि) का उपयोग करके अर्ह मतदाताओं को आनलाइन पंजीकरण करायेगे।

उन्होनें कहा कि मतदाता सूची में नाम सम्मिलित एवं संशोधन इत्यादि के लिये भारत निर्वाचन आयोग की बेवसाइट अथवा मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश की बेवसाइट पर आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त मोबाइल पर वोटर हेल्प लाइन एप्प डाउनलोड करके भी उक्त सेवायें प्राप्त की जा सकती है।




अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

# रूटमार्च कर लिया शांति व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**नगर सहित क्षेत्र में चला ड्रोन कैमरा, स्थानीय लोगों से की वार्ता**



समधन में निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारी।

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

दीपावली त्योहार के मदेदनजर उच्चाधिकारियों ने स्थानीय पुलिस के साथ नगर सहित क्षेत्र में भ्रमण कर शांति व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जबकि भ्रमण के दौरान लोगों से शांति व सौहार्द कायम रखने की अपील की। पुलिस ने ड्रोन कैमरे की मदद से घरों के ऊपर व गलियों की निगरानी कर अराजकतत्वों की तलाश की। शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार ने पुलिस बल के साथ गुरसहायगंज, समधन, तालग्राम में रूट मार्च किया। ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों की भी चेकिंग की। रूट मार्च के दौरान स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। जबकि पुलिस कर्मियों को कानून व्यवस्था को बनाए रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने पुलिस बल को सतर्क रहते हुए क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कन्नौज पुलिस ने ड्रोन टीम द्वारा गुरसहायगंज और समधन में ड्रोन कैमरे की सहायता से लगातार निगरानी की गई। इस दौरान कोतवाल आलोक कुमार दुबे, तालग्राम थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया, कस्बा प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह, समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह, देवी चरण शाहू सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# मारपीट में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

कंपिल, समृद्धि न्यूज।

रंजिश में युवक को मारपीट कर घायल कर दिया गया था। आरोपित युवक के घायल होने पर उसे रास्ते में छोड़कर भाग गए थे। स्वजनों ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की थी। पीड़ित की तहरीर पर एक आरोपित के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया था। दस दिन बाद इलाज के दौरान युवक मौत हो गई। तहरीर के आधार पर सभी के खिलाफ हत्या में मुकदमा तरमीम किया है। पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



पुलिस हिरासत में अभियुक्त

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव चमन नगरिया शादनगर निवासी छविराम बीते गुरुवार शाम बाजार करने सिवारा गया था। देर शाम वह बाइक से वापस घर लौट रहा था। उसी समय रास्ते में गांव निवासी कैलाश पहले से घात लगाए बैठा था। युवक ने उसे लाठी लगाकर गिरा दिया। जिससे वह बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरा। आरोपित ने युवक को लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। युवक का सिर फट जाने से बेहोश हो गया। आरोपित मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना स्वजनों को दी। स्वजनों ने फायरिंग कर युवक को घायल कर देने की सूचना पुलिस को दी। आनन-फानन में मौके पर पहुंची पुलिस को मामला मारपीट का मिला। पुलिस ने घायल को सीएचसी कायमगंज भेज दिया। हालत गंभीर होने पर स्वजन युवक को सैफई ले गए। बारह दिन बाद इलाज के दौरान आगरा में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने अरविंद, रीना निवासी चमन नगरिया, लाल सिंह, ज्ञान सिंह, नरपाल, मोतीलाल निवासीगण थाना सिकंदरपुर वैश्य जनपद कासगंज, मेवाराम निवासी अटैना थाना उसहैत जनपद बदायूं, मुनीश, धारा सिंह, अनार सिंह निवासीगण चमन नगरिया के खिलाफ मुकदमे को हत्या की धारा में तरमीम किया गया।

पुलिस ने आरोपित अरविंद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपितों को तलाश की जा रही है।

## मानसिक रूप से विक्षिप्त वृद्ध का मेड़ पर पड़ा मिला शव

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मलोखर पोस्ट मौधा निवासी शिवपाल सिंह ने फौती सूचना दी है कि पीड़ित के पिता रक्षपाल उम्र 60 वर्ष जो कि 10 सितंबर को घर से बिना बताए निकल गए थे। जिनकी 13 सितंबर को गुमशुदी दर्ज करवाई थी। विवरण के अनुसार उनका शव मौधा गांव से लगभग 450 मीटर दूरी पर राजकुमार पाल के धान के खेत की मेड़ पर अज्ञात वृद्ध का शव मिला था। जिसकी शिनाख्त मलोखर निवासी रक्षपाल सिंह के रूप मे हुई।शव की सूचना मिलते ही ग्रामीण एकत्र हो गए। गांव के चौकीदार ने ही पुलिस को सूचना दी कि गांव में एक अज्ञात शव मिला है। शव की जानकारी राजेश्वर को जब हुई पास में ही धान की फसल काट रहे हैं उन्हें ज्यादा बदबू लगने पर वह देखने गए, तो शव पर एक भी कपड़ा नहीं था तथा जंगली जानवरों द्वारा नोंचे जाने के निशान थे। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने जांच नमूने लिए। रक्षपाल का एक पुत्र शिवपाल है जो कि की खेती करता है। एसआई सूर्य प्रकाश उपाध्याय ने शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# किसानों को समय से खाद न मिलने की शिकायत पर डीएम पहुंचे सहकारी समिति

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

इस समय आलू गड़ाई का कार्य तेजी से चल रहा है। ऐसे में किसानों को खाद की महती आवश्यकता है, लेकिन सहकारी समितियों को किसानों को लाइन लगानी पड़ रही है तथा खाद भी नहीं मिल पा रही है। इसकी जानकारी होने पर जिलाधिकारी डॉ0 वी0के सिंह ने सहकारी समिति कमालगंज का औचक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने समित के सचिव से पूछा कि किसानों को किस अनुपात में खाद दी जा रही है। इसकी जानकारी ली और किसानों को नियम के अनुसार खाद दिए जाने का निर्देश दिया। खसरे की नवीन खतौनी, आधार कार्ड की फोटोकॉपी इत्यादि जरूरी कागज लेने के निर्देश दिए।



सहकारी समिति पर निरीक्षण करते जिलाधिकारी

किसानों ने दुकानों पर मिलने वाली खाद को ज्यादा पैसे में बेचने का आरोप भी लगाया था।

जिस पर जिलाधिकारी डॉक्टर वीके सिंह ने जिला कृषि अधिकारी को संबंधित दुकानों पर छापेमारी करने के निर्देश दिए और शिकायत को सही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई करने को कहा है। वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में खाद की कोई कमी नहीं है। सभी किसानों को खाद दी जा रही है। वहीं कुछ स्थानों पर सचिव की शिकायतें मिली थीं। जिस पर उन्होंने आज निरीक्षण किया।




जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

## पाक्सो का आरोपी दोषी करार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने राहुल पुत्र रामआसरे निवासी नौली मेरापुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिन्दु पर 19 अक्टूबर की तिथि नियत की गयी है। बीते आठ वर्षों पूर्व थाना मेरापुर पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया 21 मई 2016 को शाम करीब 5 बजे मेरी लड़की 16 वर्षीय जो हाईस्कूल की छात्रा है। घर से शौचक्रिया करने के लिए खेत के पास पहुंची, तभी राहुल ने मेरी पुत्री को अकेला देखकर मक्का के खेत मे गलत काम करने की नियत से खींच लिया। पीड़िता के चिल्लाने पर गॉव के लोग मौके पर आ गये और राहुल भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने राहुल को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंन्दु पर 19 अक्टूबर की तिथि नियत की गयी है।

# पुलिस लाइन में खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ



गुब्बारे उड़ाकर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते डीएम व एसपी



कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

पुलिस लाइन फतेहगढ़ में पुलिस जोन की अन्तर्जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ हो गया। जिसमे विभिन्य जनपदों की कुल 8 टीमें भाग ले रही हैं। जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने हवा में गुब्बारे उड़ाकर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। साथ ही खिलाड़ियों का हौसला भी बढ़ाया। प्रतियोगिता में फतेहगढ़, इटावा, कन्नौज, झाँसी, ललितपुर, कानपुर नगर, कानपुर देहात, जालौन व औरैया की टीमें हिस्सा ले रहीं हैं। प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो, फेंसिंग, जिमनास्टिक क्लस्टर की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आज की पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में जनपद कन्नौज, जनपद फतेहगढ़, कानपुर नगर, ललितपुर ने अपने प्रतिद्धंदियों को परास्त कर सेमीफाइनल में जगह बनायी। खो-खो पुरुष प्रतियोगिता में कानपुर नगर एवं फतेहगढ़ ने फाइनल में जगह बनायी। वहीं महिला कबड्डी प्रतियोगिता में जनपद फतेहगढ़ ने झांसी को एवं कानपुर नगर ने कन्नौज को परास्त कर सेमीफाइनल में जगह बनायी तथा खो-खो महिला प्रतियोगिता में कानपुर नगर की टीम ने जनपद फतेहगढ़ की टीम को परास्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान सीओ रविन्द्र नाथ राय, कानपुर देहात के उपनिरीक्षक रजनेश कुमार, यातायात प्रभारी सतेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन दीपिका त्रिपाठी ने किया।

**खो-खो महिला प्रतियोगिता में कानपुर नगर रहा प्रथम**

## अधिकारियों का आदेश बेअसर
# गौवंश उजाड़ रहे ग्रामीणों की फसलें

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

अधिकारियों का आदेश बेसर साबित हो रहा है। नगर पंचायत क्षेत्र में आवारा गोवंश अन्नदाता की फैसलें उजाड़ रहे है। जिससे अन्नदाता खासे परेशान हैं।



फसलें खा रहे आवारा गौवंश

नवाबगंज नगर पंचायत क्षेत्र के आसपास के गांव तथा कस्बे में आवारा गोवंश आतंक का पर्याय बन चुके हैं, जबकि शासनादेश के अनुसार उच्च अधिकारी आवारा गोवंशों को पकड़वाने के लिए वचनबद्ध हैं और अधिकारी लगातार आवारा गोवंशों के लिए अपने योजनाएं बनाकर इनको पकड़वाने का कार्य करते हैं। जिसमें सभी अधीनस्थों को अधिकारी समय-समय पर निर्देशित भी करते रहते हैं, लेकिन ऐसा ना करके नवाबगंज नगर पंचायत क्षेत्र में आवारा गौवंशों का इतना आतंक हो गया है कि कस्बे में निकलने वाले लोग कभी भी आवारा गोवंशों से टकरा सकते हैं और कोई अनहोनी घटना घट सकती है। वहीं ग्राम जाफर नगर जाने वाले रोड पर खड़ी अन्नदाता की बाजरे की फसल में एक दर्जन से अधिक आवारा गोवंश चरते नजर आए। जिन्होंने फसल को पूरी तरह नष्ट कर दिया। गरीब अन्नदाता जैसे तैसे खाद बीज आदि का व्यवस्था करके फसलों को बोता है। जिनको आवारा गोवंश नष्ट कर देते हैं, लेकिन किसी जिम्मेदार का इस और कोई ध्यान नहीं है।

## खबरें एक नजर में

### वाल्मीकि जयंती पर नगर में निकाली गई शोभायात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीते दिन नगर में देर शाम महर्षि वाल्मीकि जयंती पर शोभा यात्रा निकाली गई। घोड़ा नखास स्थित वाल्मीकि मंदिर से यात्रा शुरु होकर नाला मछरट्टा, लोहाई रोड, चौक, रेलवे रोड होते हुए स्टेशन पर स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर पहुंची। जहग-जगह शोभायात्रा का धूमधाम से स्वागत किया गया। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शोभायात्रा में महर्षि वाल्मीकि को समरसता का प्रतीक माना गया। सर्व समाज के लोगों ने शोभायात्रा में भाग लिया। चौक पर नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल व पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल ने पुष्पवर्षा कर महर्षि वाल्मीकि की आरती उतारी। सपा महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा ने अपने साथियों के साथ चौक पर फूल मलाओं से शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा को भव्यता प्रदान की और वाल्मीकि समाज के अलावा अन्य लोग बड़ी संख्या में शोभायात्रा में शामिल हुए।

### दबंगों ने वृद्धा की जमीन पर किया कब्जा, शिकायत एसपी से

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दबंगों द्वारा जमीन पर कब्जा कर लेने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। जनपद कन्नौज के तेरामल्लू व हाल निवासी कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र भोलेपुर उर्मिला देवी पत्नी स्व. राम सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिये गये शिकायती पत्र में दर्शाया कि उसकी मौसी सावित्री देवी पत्नी प्यारेलाल की शादी हुई थी, लेकिन उनके कोई संतान नहीं थी। उनकी सेवा की व इलाज मैने कराया था। मौसी ने गाटा संख्या 184 रकवा 25 डिसमिल की वसीयत 23 मार्च 2002 में 1/2की थी। तब उक्त जमीन पर मैं काबिज चली आ रही हूं। सह हिस्सेदार रोहित कटियार, सोहित कटियार, सुधीर कटियार ने गलत तरीके से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गलत तरीके से उक्त जमीन पर आवास बनवा लिये है। आदित्य व सुरजीत ने जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया। जमीन पर कच्चा मकान बना है। मैने ग्रीश चन्द्र को किराये पर रहने के लिए मकान दिया था। अब वह न तो किराया दे रहा है और न मकान खाली कर रहा है। पीड़िता का कहना है वह वृद्ध महिला है। दबंग अवैध तरीके से निर्माण करा रहे है। जब मैने विरोध किया तो उक्त लोगों ने गाली-गलौज कर भगा दिया। आरोपियों ने धमकी दी कि अगर कहीं शिकायत की तो जान से मार देंगे। पीड़िता ने जमीन कब्जा मुक्त कराकर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** एसआर कोल्ड से आलू छुड़ाकर बाइक से वापस आते समय ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गयी, जबकि एक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव पसनिंगपुर निवासी सत्यवीर का 20 वर्षीय पुत्र अमन तथा राम लड़ैते का 28 वर्षीय पुत्र संजीव 18 अक्टूबर को सुबह एसआर कोल्ड फर्रुखाबाद आलू छुड़ाने के लिए गए थे। शाम को वापस आते समय इटवा बरेली हाईवे पर गैसिंगपुर के पास ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार अमन तथा संजीव घायल हो गए। मौके पर पहुंची डायल 112 ने डायल 108 से घायल अमन तथा संजीव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद भेजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर सन्नी मिश्रा ने प्राथमिक उपचार करके अमन को राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। डॉक्टर सन्नी मिश्रा ने बताया अमन को हेड इंजरी हुई थी। जिसके कारण उसे लोहिया रेफर किया गया। राम मनोहर लोहिया मे उपचार के दौरान अमन की मृत्यु हो गई। अमन के पिता सत्यवीर खेती करते हैं तथा मृतक अपने बड़े भाई श्याम कुमार के साथ टेंट की दुकान पर बैठता था। मृतक दो भाइयों मे छोटा था। एसआई सुरेश सिंह चाहर ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।,

### पति से परेशान महिला ने लगायी आग, उपचार के दौरान मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पति से परेशान महिला ने आग लगा ली। जिससे वह गंभीर रुप से जल गयी। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार शराबी पति की मारपीट से परेशान वंदना पत्नी ओमवीर सिंह उम्र 31 वर्ष करीब तीन माह से थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम गड़ाखेड़ा में अपने मायके में रह रही थी। पिता हरिश्चंद्र राजपूत ने बताया करवाचौथ के त्यौहार को लेकर पुत्री वंदना परेशान थी, जबकि उसका पति ओमवीर सिंह निवासी बनपोई थाना मोहम्मदाबाद आए दिन उसके साथ मारपीट करता था। पुत्री कह रही थी कि जब पति ही इस तरह का व्यवहार करता है तो फिर करवाचौथ का व्रत रखने का क्या फायदा। जिससे परेशान वंदना ने गुरुवार शाम करीब 4.00 बजे आग लगा ली। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गयी गंभीर रूप से झुलसी महिला वंदना को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात्रि करीब 12.00 बजे महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसके बाद मृतक महिला वंदना के शव को मोर्चरी में रखवा कर पुलिस को सूचना भेजी गई। पिता समेत परिजनों ने ससुरालयों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# कई बीमारियों को जन्म देता है पराली का धुआं

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

जहां एक तरफ सरकार प्रदूषण फैलने से रोकने के लिए खेतों में पराली जलाने पर रोक लगाये है, वहीं किसान सरकार के इस आदेश की अनदेखी कर खेतों में पराली जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं।



खेत में जल रही पराली

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण इलाकों में किसान खेतों में पराली जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। जहां एक तरफ सरकार वायू प्रदूषण फैलने से रोकने के लिए खेतों में पराली जलाने पर रोक लगाये है। साथ ही किसानों से अपील भी की जा रही है कि कोई भी किसान अपने खेत में पराली ना जलाएं। जिस पर भारत सरकार से लेकर प्रदेश सरकार भी वचनबद्ध है कि किसी को भी खेत में पराली नहीं जलाने दी जाएगी। उसके लिए कई उपाये सुझाये गये हैं। जिससे लोग पराली ना जलाएं और खेतों में ही उनकी खाद वगैरा बनाएं जिससे कि प्रदूषण की भी मात्रा घट जाएगी और लोगों को जीवन जीने में कोई दक्कत नहीं आएगी, लेकिन लगातार किसान सरकार के नियमों की अनदेखी कर अब खेतों में पराली जला रहे हैं। वहीं वैज्ञानिकों का कहना है पराली जलाने से कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर ऑक्साइड और मीथेन जैसी गैसें निकलती हैं। इन गैसों से वायु प्रदूषण बढ़ता है। जिससे धुंध और बीमारियों का खतरा बढ़ता है।

# बीडीओ ने चौपाल लगाकर सुनीं ग्रामीणों की समस्यायें

**सचिवों को जीरो पॉवर्टी के तहत कार्य का सत्यापन करने के दिये निर्देश**

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

विकासखंड अधिकारी ने ग्राम पंचायत में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्यायें सुनीं। इसके बाद विकास खंड कार्यालय पर सचिवों की बैठक लेकर जीरो पॉवर्टी के तहत कार्य का सत्यापन करने के निर्देश दिये।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोकापुर में विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने उच्च अधिकारियों के आदेश के क्रम में जन चौपाल लगाकर लोगों की समस्यायें सुनीं। जिसमें ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह यादव तथा ग्राम सचिव अनुपम बाजपेई के विकास कार्यो का निरीक्षण किया और निरीक्षण के बाद ग्राम पंचायत के लोगों की जन समस्याओं को सुना। जिसमें ग्राम पंचायत अधिकारी अनुपम बाजपेई के द्वारा किए गए कार्यों को विकास खंड अधिकारी ने सराहा। उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी धरातल पर कार्य करता है जनता उसी की सराहना करती है।




सचिव की बैठक लेते बीडीओ

इसके बाद विकासखंड अधिकारी ने विकास खंड कार्यालय पर आकर ग्राम सचिवों के साथ तथा तकनीकी सहायकों के साथ बैठक की।

जिसमें प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा समूह की महिलाएं, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक तथा ग्राम सचिवों के द्वारा जीरो पॉवर्टी पर सत्यापन करने तथा ग्राम पंचायत में आरआरसी सेंटर तथा प्रधानमंत्री आवासों की समीक्षा की। अधिकतर ध्यान पॉवर्टी पर केन्द्रित रहा। जिसमें सभी विभागों के द्वारा सत्यापन करने के बाद उसकी अंतिम रिपोर्ट ग्राम पंचायत सचिवों के द्वारा दी जायेगी। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ आईएसबी सुखदेव सिंह, सचिन अनुपम बाजपेई, प्रमोद शुक्ला, बृजेश कुमार, अरविंद कुमार, जगवीर सिंह यादव, मोतीलाल यादव, कुलदीप कुमार, सुनील कुमार तथा तकनीकी सहायक सुशील कौशल, मनोज कुमार, राघवेंद्र सिंह, विनय सिंह सहित कनिष्ठ सहायक राज भारती, एपीओ मनरेगा गौरव दिवाकर, मनरेगा सहायक राहुल चंदेल, आलोक पाठक सहित सभी कर्मचारी बैठक में मौजूद रहे।

# भूमि विवाद में वृद्धा की गला दबाकर हत्या



मौके पर जांच पड़ताल करते एसडीएम

राजेपुर, समृद्धि न्यूज।

भूमि विवाद में वृद्धा की मारपीट के साथ गला दबाकर हत्या कर दी गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर लोहिया अस्पताल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम नयागाँव निवासी 60 वर्षीय वृद्धा प्रेमा देवी भदौरिया के घर के बाहर पड़ोस के लोग नाली के पानी का गड्ढा खोदना चाहते थे। जिस पर लेखपाल उत्कर्ष दुबे मौके पर पहुंचे और जाँच की। लेखपाल के सामने भी दबंग गड्ढा खोदने की तैयारी करने लगे। जिसका वृद्धा प्रेमा देवी ने विरोध किया। जिस पर दबंगों ने उनके साथ जमकर मारपीट की और गला दबा दिया। जिससे प्रेमा देवी की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना मिलने पर सीओ रविन्द्र नाथ राय, थानाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह सोलंकी, एसडीएम अतुल कुमार आदि भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पड़ताल की। थानाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह सोलंकी नें बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद रिपोर्ट आने पर कार्यवाही की जायेगी।

## गर्भवती महिला की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिलौली पठान निवासी रायना उम्र 28 वर्षीय पत्नी मुनीर लगभग 4 महिने की गर्भवती होने पर आज उसका वीपी बढ़ने लगा। आनन-फानन में परिजन अस्पताल लेकर पहुँचे। जहाँ डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही दो मासूम बच्ची सहित अन्य परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल है। पिता ऐजाज जो की ग्राम पंचायत गढ़ी से पूर्व प्रधान थे उन्होंने अपनी पुत्री रायना का विवाह मुनीर के साथ किया था। दूसरी घटना में कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नईवस्ती निवासी अनम उम्र 22 वर्षीय पत्नी फैसल जो की नौ महिने की गर्भवती थी। प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उसे आवास विकास फर्रुखाबाद के सामने स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में लेकर पहुँचे। जहाँ प्रसूता ने बच्चे को जन्म दिया। कुछ ही देर बाद बच्चे की मौत हो गई। खून की कमी होने पर प्रसूता की भी मौत हो गई। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घर शव आते ही मायके पक्ष व ससुरालियों में कहा सुनी होने लगी। आसपड़ोस के लोगों ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शान्त करवाया।

# वांछित अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा



पुलिस हिरासत में अभियुक्त शिवा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना नवाबगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 237/2024 धारा-85/80 (2) बीएनएस व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार दिनांक 15.10.2024 को लालाराम पुत्र स्व0 कड्डी ग्राम सरसई थाना पाली जनपद हरदोई थाना नवाबगंज पर लिखित प्रार्थना पत्र दिया था कि अभियुक्तगण द्वारा वादी की पुत्री सुदामा देवी के साथ अतिरिक्त दहेज की मांग करना व दहेज के लिए प्रताड़ित करना। जिससे वादी की पुत्री सुदामा देवी की मृत्यु हो जाने के संबंध में थाना नवाबगंज पर मु0अ0सं0 237/2024 धारा-85/80 (2) बीएनएस व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम बनाम 1. शिवा पुत्र नरेश राठौर, 2. नरेश राठौर पुत्र नामालूम, 3. नरेश राठौर की पत्नी नाम नामालूम समस्त निवासीगण ग्राम नया गनीपुर थाना नवाबगंज जनपद फतेहगढ़ के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। पुलिस आज अभियुक्त शिवा को गिरफ्तार कर लिया।

## हाईस्कूल एवं इण्टर के आवेदन पत्रों में सुधार हेतु परीक्षार्थियों को अंतिम मौका

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा 2025 में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं के आवेदन पत्रों में सुधार हेतु ऑनलाइन बिन्डो को दो दिन यानी 18 व 19 अक्टूबर तक खोल दिया है। परीक्षा हेतु आवेदन पत्र भरने वाले परिषद की बेबसाइड पर अपना फार्म चेक करके उसमें हुई गलती को सुधार सकते हैं। यह मौका 19 अक्टूबर तक ही मिलेगा। इसके पश्चात परीक्षार्थियों को आवेदन पत्रों में गलती को सुधारने का संभवत: फिर कोई मौका नहीं दिया जायेगा, क्योंकि बोर्ड परीक्षा शुरु होने के मात्र चार महीने ही शेष बचे हैं। इस अवधि में बोर्ड को नामावली बनाने, प्रवेश पत्र जारी करने तथा केंद्र निर्धारण को अंतिम रुप देने जैसे महत्वपूर्ण कार्य करने हैं। बोर्ड सचिव भगवती सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक निरीक्षकों को भेजे गये पत्र में कहा कि सभी प्रधानाचार्य 19 अक्टूबर तक हरहाल में आवेदन पत्रों की जांच का काम कर लें और यदि उसमें कोई गलत जानकारी जैसे छात्र का नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि आदि गलत भर गयी हो, तो उसे बोर्ड की सुधार बिन्डो के माध्यम से ठीक कर लें। शिक्षा सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक तकरीबन पांच छह परीक्षार्थियों के आवेदन पत्रों में गलत जानकारी भर गयी है। सुधार का अंतिम अवसर मिलने से छात्र-छात्राओं की समस्या का समाधान हो सकेगा।

# युवजन सभा गांव-गांव कैम्प लगाकर पार्टी को करेगी मजबूतः अमन खान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी जिला युवजन सभा की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय आवास पर सम्पन्न हुई। लखनऊ से आये समाजवादी पार्टी युवजन सभा प्रभारी प्रदेश सचिव अमन खान ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

युवजन सभा के प्रदेश सचिव प्रभारी अमन खान ने कहा कि पार्टी गांव-गांव जाकर युवजनसभा लगातार कैम्प लगाकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी। जिलाध्यक्ष शिवम यादव ने कहा कि जनपद में युवजनसभा लगातार गांव, गली गलियारों में जाकर कैम्प लगाने का काम कर रही है और आने वाले 2027 के चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को चारों सीटो पर जीतने का काम करेंगे। जनपद से समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे।



कार्यक्रम में मौजूद युवजन सभा के प्रदेश प्रभारी व अन्य

समाजवादी पार्टी के फ्रंटल प्रभारी रामपाल यादव, शिव शंकर शर्मा, विनीत परमार, धीरज राजपूत, सुनील ठेकेदार, गौरव राजपूत, डॉ. धर्मेंद्र कुशवाहा, अर्चित मिश्रा, रजनीश यादव, सुधाकर राजपूत, पुष्पराज परमार, अंशुल यादव, नागेंद्र यादव, राजीव श्रीवास्तव, अरविंद शर्मा, दीपक मिश्रा आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। जिला प्रवक्ता विवेक यादव ने बताया कि जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के निर्देशानुसार जिला कार्यकारिणी के समस्त जिला उपाध्यक्षों को 10-10 बूथों पर बीएलए नियुक्त कर उसकी सूचना विधानसभा अध्यक्ष को अगले तीन कार्य दिवस में देनी होगी। ब्लॉक अध्यक्ष व नगर अध्यक्षों को पांच-पांच बूथों पर बीएलए नियुक्त करना होगा और उसकी सूचना अपने विधानसभा अध्यक्षों को देनी होगी।

## हरियाणा में भाजपा आरक्षण को निष्क्रिय करने का कर रही है काम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष आरडी बौद्ध ने जारी बयान में कहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्षा मायावती ने अपने ट्वीटर एकाउंट से कहा कि हरियाणा सरकार ने भाजपा के इशारे पर एससी समाज के आरक्षण में वर्गीकरण को लागू करने का आरक्षण के भीतर आरक्षण कोर्ट की नई व्यवस्था लागू करने का फैसला दलितों को फिर से बंटवारा कर आपस में लड़ने का षड्यंत्र किया है। जो दलित विरोधी ही नहीं आरक्षण विरोधी है। हरियाणा सरकार को रोकने के लिए भाजपा केंद्र सरकार को आगे आना चाहिए। परन्तु कांग्रेस की तरह भाजपा भी आरक्षण को निष्क्रिय व निष्प्रभावी बनाने एवं समाप्त करने का षड्यंत्र कर रही है। वास्तव में जातिवाद पार्टी द्वारा एससी, ओबीसी समाज में फूट डालने में लगी है। जिला प्रभारी रामरतन गौतम ने आरक्षण विरोधी भाजपा के षड्यंत्र की निंदा की।

# गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरुक



छात्र-छात्राओं को जानकारी देती समन्वयक कविता सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्वास्थ्य जागरुकता अभियान पराकाष्ठा फाउंडेशन के तहत गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में शुक्रवार को समन्वयक कविता सिंह ने स्वास्थ्य के प्रति बच्चों को जागरुक किया। प्रार्थना सभा के समय समन्वयक कविता सिंह ने बच्चों को बताया कि जंक फास्ट फूड खाने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्लड प्रेशर, डाइवटिज तथा कैंसर जैसे भयाभय बीमारियों से बचा जा सकता है। इसके लिए जंक फास्ट फूड से बचें। उन्होंने उपचार के बारे में जानकारी दी और बच्चों को जागरुक किया। प्रधानाचार्य डॉ. लकी चावला ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम भविष्य में होते रहे। जिससे स्वास्थ्य के प्रति छात्र-छात्रायें सचेत रहेगें। उप प्रधानाचार्य अंजू सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

# रखा बालिका इंटर कालेज में नशा मुक्ति कार्यक्रम के तहत किया गया जागरुक

**स्वयंसेविका रचना व सलाहकार सूरज दुबे ने दी छात्राओं को जानकारियां**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नेहरू युवा केंद्र अधिकारी सोनिका के मार्गदर्शन में बढ़पुर ब्लॉक की राष्ट्रीय युवा स्वयंसेविका रचना के नेतृत्व में रखा बालिका इंटर कॉलेज में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन हुआ। छात्राओं को नशा मुक्ति के प्रति जागरुक किया गया। आये हुए अतिथियों को बैज लगाकर सम्मानित किया गया। दीप्ति यादव ने अपनी सक्रिय भूमिका से समाज को नई दिशा दिखाई। प्रीति मिश्रा ने युवाओं को नशे के नुकसान के बारे में जागरूक किया और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद की। नेहा मिश्रा ने नशा मुक्ति के लिए समर्थन और संसाधन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सलाहकार सूरज दुबे ने अपने अनुभव और ज्ञान से नशे के नुकसान के बारे में बताया और समाज में जागरूकता बढ़ाने में मदद की। राहुल वर्मा ने अपनी प्रेरक बातों से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद की।



छात्राओं को जागरुक करते शिक्षिकायें व अन्य

संचालन नेमा सिंह ने किया और कहा कि नशे से दूर रहे। युवा पीढ़ी अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहे। युवा ही देश के भविष्य है। इस मौके पर बड़ी संख्या में छात्रायें मौजूद रही।

# जलवायु परिवर्तन व मानव स्वास्थ्य व तम्बाकू नियंत्रण विषय पर हुई प्रतियोगितायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार दुर्गा नारायण महाविद्यालय में मिशन शक्ति के अन्तर्गत जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ, मानसिक स्वास्थ एवं तम्बाकू नियंत्रण विषय पर पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिताएं प्राचार्य डॉ. मनोज गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित की गयीं। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित के साथ हुआ। जिला स्वास्थ विभाग से डॉ. रणधीर सिंह (इपीडेमोलॉजिस्ट), कु. दीप्ति यादव (मनोवैज्ञानिक एवं मानसिक स्वास्थ), सूरज दुबे जनपदीय सलाहकार तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

डॉ. रणधीर सिंह ने जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ में परिवर्तन होने के कारणों पर प्रकाश डाला। कु. दीप्ति यादव ने मानव के तनावपूर्ण जीवन में मानसिक स्वास्थ की भूमिका पर प्रकाश डाला। सूरज दुबे ने तम्बाकू से होने वाली हानियों एवं विधि नियमों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. वीके तिवारी ने मानसिक अस्वस्थता और जलवायु परिवर्तन के कारणों पर अपने विचार प्रकट किये। डॉ. शैलेन्द्र मिश्रा ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एचएसएन गुप्ता ने किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अजहर जुनैद आलम की देखरेख में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सम्मानजनक रही। जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थय की पोस्टर प्रतियोगिता में शुभी सिंह ने प्रथम स्थान, नैन्सी ने द्वितीय स्थान एवं तोषी त्रिवेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मानसिक स्वास्थय की पोस्टर प्रतियोगिता में दित्या पाण्डेय ने प्रथम स्थान, इल्मा ने द्वितीय स्थान एवं अंशिका कटियार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थय की भाषण प्रतियोगिता में नन्दिनी मिश्रा ने प्रथम स्थान, शैली राठौर ने द्वितीय स्थान एवं अखण्ड प्रताप सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मानसिक स्वास्थय की भाषण प्रतियोगिता में दित्या पाण्डेय ने प्रथम स्थान, साहिल कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र दिये गये। इस दौरान शिक्षकगण डॉ. पंचम कुमार, डॉ. मो. अमीन, डॉ. अशोक कुमार शर्मा, सरस पाठक, वीरभान सिंह, प्रियांशु सिन्हा, अनामिका मिश्रा एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी अतिथियों को प्राचार्य द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



प्रशस्ति पत्र के साथ प्रतिभागी व शिक्षक

# जिला बार एसोसिएशन के चुनाव की तिथि घोषित

**27 से 30 नवम्बर तक नामांकन, 16 दिसम्बर को मतदान व मतगणना**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला बार एसोसिएशन फतेहगढ़ द्वारा जनपद के चुनाव की घोषणा का ऐलान कर दिया गया है। एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष श्रवण कुमार, सदस्य राजकुमार सिंह राठौर, सदस्य एसपी सिंह, प्रभुदयाल, अजरुद्दीन आदि सदस्यों ने सम्पूर्ण चुनाव मार्डन बॉयलॉज के अनुसार सम्पन्न कराने की घोषणा की है। 18 अक्टूबर शुक्रवार को घोषित कार्यक्रम के अनुसार मासिक सदस्यता शुल्क जमा होने की अंतिम तिथि 12 नवम्बर है। सभी सीपीओ धारक अपना शुल्क जमा करें। जिनके पास सीपीओ नहीं है वह अपना सीपीओ बनवा लें। चुनाव की अधिसूचना 14 नवम्बर को जारी होगी। मतदाता सूची प्रकाश 16 नवम्बर को होगा। मतदाता सूची पर आपत्ति 17 नवम्बर से 21 नवम्बर शाम 5 बजे तक आपत्ति ली जायेगी। मतदाता सूची पर आने वाली आपत्तियों का निस्तारण 22 नवम्बर को होगा। मतदाता सूची अंतिम वैध का प्रकाशन 23 नवम्बर को होगा। नामांकन पत्रों की बिक्री 24 नवम्बर से 26 नवम्बर शाम 5 बजे तक होगी। नामांकन 27 नवम्बर से 30 नवम्बर तक किये जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 2 दिसम्बर शाम 5 बजे तक होगी। नामांकन पत्रों की आपत्ति 3 दिसम्बर शाम 5 बजे तक होगी। आपत्तियों की सुनवाई व निस्तारण 4 दिसम्बर को शाम 5 बजे तक होगा। प्रत्याशियों की अंतिम सूची प्रकाशन 6 दिसम्बर को होगी। मतदान दिवस 16 दिसम्बर प्रातः 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। मतगणना 16 दिसम्बर को शाम 8 बजे तक समाप्त होगी। शपथ ग्रहण समारोह अगले वर्ष 2025 में प्रथम सप्ताह में होगा। जिसकी घोषणा बाद में की जायेगी। तिथियों का ऐलान अध्यक्ष श्रवण कुमार ने एल्डर्स कमेटी के सदस्यों के साथ की है।



एल्डर्स कमेटी के समक्ष मौजूद अधिवक्तागण

# डीएम ने उर्वरक प्रतिष्ठानों पर मारा छापा, पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी ने उर्वरक प्रतिष्ठान पर छापा मारा। जनपद में दो दिवस के अन्दर इफको डीएपी एवं इफको एनपीके की 2 रैक आयी। उन्होंने कहा कि उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। डीएम डॉ. वीके सिंह ने कमालगंज उर्वरक विक्रय समिति पर औचक छापामारी कर उर्वरकों की स्थिति की जानकारी ली। मौके पर डीएपी 200 बैग, एनपीके 138 बैग, यूरिया 763 बैग, नैनो डीएपी 102 बोतल उपलब्ध पायी गई। जिला कृषि अधिकारी एवं एआर कॉपरेटिव साथ रहे। डीएम ने सचिव को कृषकों की आवश्यकतानुसार जोतबही का परीक्षण कर आधार के माध्यम से उर्वरक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। कृषक विजय सिंह से आलू की फसल में उर्वरक प्रयोग की जानकारी भी ली। कानपुर मण्डल आयुक्त द्वारा भी सदर तहसील के अन्तर्गत महेश्वरी फर्टिलाइजर के केन्द्र का औचक निरीक्षण कर उर्वरकों की स्थिति का जानकारी ली गई। जनपद में इफको डीएपी की रैक दो दिन पहले लगी थी। जिसमें जनपद को 22000 बोरी डीएपी एवं 7200 बोरी एनपीके मिली, जो समितियों पर भेजी जा रही है। इसके अलावा सुबह इफको एनपीके की रैक भी लग गयी है। जिसमें जनपद को 25500 बैग एनपीके मिल रही है। इसके अलावा आरसीएफ एवं पीपीएल की रैक द्वारा 850 मै0टन डीएपी एवं 1450 मै0टन एनपीके 3 दिवस के अन्दर प्राप्त होगा। कोरोमण्डल की डीएपी एव 600 मै0टन (12000 बोरी) भी इसी सप्ताह मिलेगी। उर्वरक अक्टूबर के डीएपी के लक्ष्य 7988 मै0टन के सापेक्ष आज की तिथि तक 8886 मै0टन (109 प्रतिशत) उपलब्धता हो गयी है एवं एनपीके के लक्ष्य 14450 मै0टन के सापेक्ष 20208 मै0टन (140 प्रतिशत) उपलब्धता हो गयी है। कृषक संतुलित मात्रा में आवश्यकतानुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करें। जनपद में लगातार उर्वरकों की आपूर्ति हो रही है। उर्वरकों की कहीं कोई कमी नहीं है। किसान नैनों उर्वरकों का प्रयोग खेती की लागत को घटाने हेतु करें। किसान डीएपी की जगह पर आलू हेतु सुपर एवं यूरिया का प्रयोग करें, साथ ही 500 मिली0 नैनो डीएपी (मूल्य 600 रू) प्रति एकड़ को पहली सिंचाई में प्रयोग करें, जो खेती की लागत को कम करेगी। 17 अक्टूबर को डीएम ने जनपद के उर्वरक प्रतिष्ठानों पर टीम का गठन कराकर छापे की कार्यवाही की गयी। जिसमें 32 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण के साथ ही 4 प्रतिष्ठानों का लाइसेंस निलम्बित किया गया। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि राम प्रकाश खाद भण्डार नेकपुर खुर्द, राहुल खाद भण्डार ठण्डी सड़क विकासखण्ड बढ़पुर द्वारा दुकान बंद कर गायब होने के कारण तथा बालिस्टर खाद भण्डार मऊदरवाजा द्वारा अभिलेख न दिखाने तथा यादव खाद भण्डार शमसाबाद द्वारा दुकान बंद कर गायब होने के कारण चारों विक्रेताओं का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया। इस सप्ताह उर्वरक प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही के दौरान 8 विक्रेताओं का लाइसेंस निलम्बित एवं 1 दुकान को सीज किया गया है। डीएम के निर्देश पर कृषि विभाग के अतिरिक्त ग्राम विकास एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण की सघन निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि उर्वरक के सम्बन्ध में शिकायत/समस्या होने पर कृषक अपरजिलाधिकारी के मो0 न0 9454417623 एवं जिला विकास अधिकारी के मो0 न0 9554800312 तथा जिला कृषि अधिकारी के मो0न0 9454034252 पर जानकारी दे सकते है।



उर्वरक की दुकान पर जांच करते डीएम

# हत्या के मामले में पांच पर दोषसिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश (एचजेएस) द्वितीय डॉ. अनिल कुमार सिंह ने अभियुक्त राम मिस्टर, विजेंद्र सिंह, गिरीश उर्फ बाबा, अजीत कुमार दुबे और शरद दुबे बाला को दोषी करार दिया। सजा के अगली तिथि 22 अक्टूबर की तिथि नियत की है। शिकायतकर्ता रूपकुमार कपूर ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया था कि 18 दिसम्बर 2003 को उसके भाई बब्बू कपूर का पुत्र शुभम जो मॉडर्न स्कूल फर्रुखाबाद में पढ़ने गया था।

वह स्कूल से पढ़कर शाम तक घर नहीं लौटा। भाई बब्बू कपूर ने 19 दिसम्बर 2003 को कोतवाली फर्रुखाबाद में अपने पुत्र की गुमशुदगी की सूचना दी। शुभम उर्फ भोलू की तलाश की गई, परंतु पता नहीं चल सका। 21 मार्च को मेवाराम की पत्नी ने परिजनों को बताया कि बब्बू कपूर का शव गांव कछुआगाड़ा के पास गंगा नदी के किनारे पड़ा है।

पीड़ित ने 2.5 लाख रुपया हड़पने के उद्देश्य से उक्त अभियुक्तों पर आरोप लगाया था। पुलिस ने धारा 302,149, 201 के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश (एचजेएस) द्वितीय डॉ. अनिल कुमार सिंह ने अभियुक्त राम मिस्टर, विजेंद्र सिंह, गिरीश उर्फ बाबा, अजीत कुमार दुबे और शरद दुबे बाला को दोषी करार दिया। सजा के अगली तिथि 22 अक्टूबर की तिथि नियत की है।

# मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति फेज- 5 के अन्तर्गत महिलाओं व बच्चों के संरक्षण हेतु महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजन हुआ। संयुक्त निदेशक अभियोजन फतेहगढ़ नाम भूषण पाठक, चंद्रेश कुमार सिंह अभियोजन अधिकारी, करुणा सिंह सहायक अभियोजन अधिकारी ने छात्राओं को आपातकालीन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, वन स्टॉप सेंटर 181, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, जनसुनवाई पोर्टल आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत छात्राओं को मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु विभिन्न विभाग का सहयोग लेकर जागरूकता कार्यक्रम छात्राओं के मध्य किए जा रहे हैं। सरिता त्रिवेदी करियर काउंसलिंग नोडल द्वारा छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु कक्षा 12 के बाद विभिन्न कोर्स के संबंध में जानकारी दी गई। अभियोजन अधिकारी बनने हेतु छात्राएं एलएलबी का कोर्स कर अभियोजन अधिकारी बन सकती है। करणसिंह सहायक अभियोजन अधिकारी ने बताया कि छात्राएं किसी भी समस्या का समाधान करने हेतु बताए गए नंबर पर संपर्क कर सकते हैं उनकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी और उनकी समस्या का समाधान भी किया जाएगा। इस अवसर पर साक्षी, मुस्कान, अंजली आदि छात्राओं से संवाद कर अपनी समस्या का समाधान प्राप्त किया। श्याम सिंह सोनकर, गोपाल तिवारी, हेड कॉन्स्टेबिल सुरेंद्र प्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी व शिक्षिकायें



प्रमाण पत्र के साथ मौजूद बच्चे

## इंटर हाउस स्कूल कराटे चैम्पियनशिप का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** इंटर हाउस स्कूल कराटे चैंपियोशिप का आयोजन गायत्री इंटरनेशनल स्कूल निकट गुड़गांव देवी मंदिर में हुआ। प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने बच्चो को बधाई दी और कहा कि आप लोग ऐसे ही और मेहनत से प्रैक्टिस करें और आगे बढ़े। प्रशिक्षक पारस भारद्वाज ने कहा कि बच्चे पढ़ाई के साथ खेल पर भी ध्यान दें। ऐसे विद्यालय के सहयोग से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। खेल मानसिक और शारीरिक दोनों रूप से बच्चों को आत्म निर्भर बनाता है। उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने से बच्चे जिला एवं मण्डल व नेशनल तक पहुंचे है।

# मण्डलीय प्रतियोगिता में जनपद की विशन देवी बनी चैम्पियन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मण्डलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का तीसरे दिन पुरुस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। प्रतियोगिता के तीसरे दिन कन्नौज के तिर्वा में मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रतिभागियों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया।

व्यक्तिगत चैम्पियनशिप के परिणा न घोषित होने से खिलाड़ी मायूस रहे। 3 हजार मीटर वॉक रेस सीनियर बालिका वर्ग में जनपद की लवी राठौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही ट्रिपल जम्प में भी लवी राठौर ने प्रथम रही। हैमर थ्रो सीनियर बालक वर्ग में पारस प्रथम रहे। हैमर थ्रो जूनियर बालक वर्ग में विशाल प्रथम रहे। 400 मीटर सब जूनियर बालक वर्ग में अंकित प्रथम रहे। ऊंची कूद सब जूनियर बालिका वर्ग में नैन्सी प्रथम रही। ऊंची कूद जूनियर बालिका वर्ग में करिश्मा ने भी प्रथम स्थान पाया। ऊंची कूद सीनियर बालिका वर्ग में सुहानी राठौर ने प्रथम स्थान पाया। ऊंची कूद सीनियर बालिका वर्ग में नेहा सिंह प्रथम रही। 500 मीटर वॉक रेस जूनियर बालक वर्ग में अर्जुन सिंह प्रथम स्थान पर रहे। 500 मीटर वॉक रेस सीनियर बालक वर्ग में अमित कुमार प्रथम रहे। 100 मीटर सीनियर बालक वर्ग में रमन सिंह विजेता रहे। 200 मीटर जूनियर बालक वर्ग में अभिषेक प्रथम आये। 100 मीटर जूनियर बालक वर्ग में अभिषेक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर जूनियर बालक वर्ग में अभिषेक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मण्डल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में फिरोज गांधी इंटर कालेज कमालगंज की विशन देवी चैम्पियन बनी। व्यायाम शिक्षक जिला क्रीडा सचिव अतुल दास, देवेंद्र कुमार, केशव गंगवार, सुनील पाल, सत्येंद्र सिंह, रजनीश शिवा, आरती यादव, सुब्रत शाक्य, राकेश कुमार, अनिकेत कुमार, घनश्याम बिंद, अनूप यादव, प्रशूभ कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।





विजेता विशन देवी को मैडल पहनाते सत्येन्द्र सिंह व रजनीश शिवा

# करणी सेना ने मिहिर भोज प्रतिहार जयंती पर इतिहास संरक्षण का लिया संकल्प

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

करणी सेना ने क्षत्रिय सम्राट मिहिर भोज प्रतिहार की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। संगठन के पदाधिकारी ने इतिहास संरक्षण का संकल्प लिया। मिहिर भोज प्रतिहार के नाम पर अधिक से अधिक गांव में बोर्ड लगाने का अभियान शुरू करने की बात कही गई।

कादरी गेट तरह स्थित करणी सेना जिला कार्यालय पर क्षत्रिय सम्राट मिहिर भोज प्रतिहार जयंती पर शुक्रवार शाम को कार्यक्रम आयोजित हुआ। संगठन के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने क्षत्रिय सम्राट मिहिर भोज प्रतिहार के चित्र पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित कर उनके शौर्य गाथा और बलिदान को याद किया। जिला अध्यक्ष मंथन ठाकुर ने कहा कि क्षत्रिय सम्राट मिहिर भोज अनु 836 ई0 885 ई0 अथवा प्रथम भोज, गुर्जर-प्रतिहार राजवंश के राजा थे। जिन्होंने भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तरी हिस्से में लगभग 49 वर्षो तक शासन किया और इनकी राजधानी कन्नौज (वर्तमान में उत्तर प्रदेश में) थी। आज के समय में कुछ लोग मिहिर भोज प्रतिहार का इतिहास चोरी करने में लगे हुए हैं। ऐसे लोगों को संगठन मुंहतोड़ जवाब देने का काम करेगा। वह समाज के लोगों से अपील करते हैं कि अपने महापुरुषों का इतिहास सुरक्षित करने में सभी आगे आए। संगठन आने वाले समय में जिले के कई दर्जन गांवों में क्षत्रिय महापुरुषों के नाम से बोर्ड लगवाने का काम करेगा। इस दौरान जानू ठाकुर, जीतेन्द्र सोमवंशी, अखिलेश प्रताप सिंह, अभिषेक राठौर, ऋषि चौहान, शिवम् सिंह, सूरज चंदेल, सुब्रत सोमवंशी, हिमांशु सोमवंशी, शिवदेश सिंह, आलोक सिंह आदि रहे।



मिहिर भोज की जयंती मनाते करणी सेना के लोग

# उत्तराखंड में जल्द लागू होगा यूसीसी : धामी

## समिति ने अपना ड्राफ्ट सीएम को सौंपा, राज्य में यूसीसी लागू करने की तिथि मंत्रिमंडल की बैठक में जल्द की जाएगी तय

▸ यूसीसी कानून लागू करने वाला देश का पहला राज्य होगा उत्तराखंड

समृद्धि न्यूज



**देहरादून।** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता कानून को जल्द लागू करने की कवायद तेज हो गई है। शुक्रवार को नियमावली बनाने के लिए गठित समिति ने अपना ड्राफ्ट सचिवालय स्थित विश्वकर्मा भवन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंप दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही मंत्रिमंडल की बैठक में इस अधिनिनियम को राज्य में प्रभावी रूप से लागू करने के लिए तिथि तय की जाएगी।

समान नागरिक संहिता उत्तराखंड अधिनियम के राज्य में क्रियान्वयन के लिए सेवानिवृत्त आईएएस शत्रुघ्न सिंह की अध्यक्षता में बनाई गई 'नियमावली और क्रियान्वयन समिति' ने शुक्रवार को सचिवालय में हिन्दी और अंग्रेजी दोनों संस्करणों में तैयार नियमावली का ड्राफ्ट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंप दिया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त आईएएस शत्रुघ्न सिंह, सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता मनु गौड़, दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल, अपर पुलिस महानिदेशक अमित सिन्हा और स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा मौजूद थे। जानकारी के अनुसार इस नियमावली में मुख्य रूप से चार भाग हैं। जिसमें विवाह एवं विवाह-विच्छेद लिव-इन रिलेशनशिप, जन्म एवं मृत्य पंजीकरण तथा उत्तराधिकार सम्बन्धी नियमों के पंजीकरण सम्बन्धी प्रक्रियाएं उल्लिखित है। जन सामान्य की सुलभता के दृष्टिगत इसके लिए एक पोर्टल और मोबाइल एप भी तैयार किया गया है, जिससे कि पंजीकरण व अपील आदि की समस्त सुविधाएं जन सामान्य को ऑनलाइन माध्यम से सुलभ हो सकेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि समान नागरिक संहिता अधिनियम की नियमावली आज सौंप दी गई है। इस नियमावली में मुख्य रूप से चार भाग है। जिसमें विवाह एवं विवाह-विच्छेद लिव-इन रिलेशनशिप, जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण और उत्तराधिकार सम्बन्धी नियमों के पंजीकरण संबंधी प्रक्रियाएं उल्लिखित है। देवभूमि के साथ-साथ उत्तराखंड वीरभूमि है। यह राज्य दो-दो अंतराष्ट्रीय सीमा से लगा हुआ है। देवभूमि की जनता ने मैंडेड दिया है। यह कानून किसी को परेशान करने के लिए नहीं लाया जा रहा।

### सबकी समानता के लिए है यह कानून

उन्होंने कहा कि जल्द ही मंत्रिमंडल की बैठक में इस अधिनिनियम को राज्य में प्रभावी रूप से लागू करने के लिए तिथि तय की जाएगी। इसके लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। जन सामान्य की सुलभता के दृष्टिगत इस समान नागरिक संहिता के लिए एक पोर्टल और मोबाइल एप भी तैयार किया गया है, जिससे कि पंजीकरण, अपील आदि की समस्त सुविधाएं जन सामान्य को ऑनलाइन माध्यम से सुलभ हो सके। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में सबको समान रूप से न्याय मिले। महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विधेयक बना है। जल्द इस अधिनियम को धरातल पर उतारा जाएगा। आजादी के बाद उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन जाएगा, जिसे समान नागरिक संहिता लागू करने का गौरव प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि सरकार अब नियमावली का अध्ययन करेगी। यह कानून सबकी समानता के लिए है, किसी को घबराने की जरुरत नही है। सरकार सभी के सुझाव आमंत्रित करती है, संसोधन के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि यह कानून सबके समानता के लिए है।

# बिहार में जहरीली शराब से अब तक 47 मौतें, 450 लोग लिए गए हिरासत में

▸ जांच में शराब में 80 प्रतिशत मिथाइल अल्कोहल होने की पुष्टि

एजेंसी



**पटना।** बिहार में सारण-सिवान जिले में अब तक जहरीली शराब पीने से 47 लोगों की मौत हो चुकी है। सिवान में 32, सारण में 13 और गोपालगंज में दो की मौत हुई है। अवैध शराब व्यापार से जुड़े 450 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

इस मामले में सारण के जिलाधिकारी अमन समीर ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि हम लोगों को जो घटनास्थल से शराब मिली थी, उसका लैब टेस्ट करवाया गया। उसमें 80 प्रतिशत मिथाइल अल्कोहल पाई गई है, जो स्वास्थ्य के लिए काफी घातक होती है। शराब के जहरीले होने का मुख्य कारण इसमें मिथाइल अल्कोहल का पाया जाना होता है। डीएम ने कहा कि स्प्रिट कहां से आया है, इसकी जानकारी हमलोग प्राप्त कर रहे हैं। मौका-ए-वारदात से हमने एक पॉलिथीन और एक बोतल बरामद किया था। बोतल के ड्राप लेट्स को लेकर हमने एक्साइज विभाग भेजा था। उसका प्रतिवेदन हमें मिला है।

जांच में पाया गया कि उसमें 80 प्रतिशत मिथाइल अल्कोहल है। एक और हानिकारक तत्व पाया गया है। सारण एसप कुमार आशीष ने बताया कि पिछले 24 घंटे में हमने 250 छापेमारी की है। करीब साढ़े सोलह सौ लीटर शराब पूरे जिले से बरामद हुई है। इसके अलावा साढ़े तेरह हजार से ऊपर एक तरह का घोल बरामद करके विनष्ट किया गया है। साथ ही 37 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हमारा अभियान लगातार जारी है।

### क्या होता है मिथाइल अल्कोहल

रसायन मामले के जानकारों के अनुसार, शराब इथाइल अल्कोहल से बनती है। यह जहरीली नहीं होता है। इसे इथनॉल भी कहा जाता है जबकि मिथाइल बहुत ही घातक होता है। ये इथाइल जैसा होता है लेकिन गुण बिल्कुल उलटा होता है। मिथनॉल जहरीला होता है और जब शरीर में जाता है तो कोशिकाओं को मार डालता है। ये शरीर में जहां से गुजरता है, वहां की कोशिशाओं को मार देता है। इससे शरीर सुन पड़ जाता है और आंखों की रोशनी भी चली जाती है।

# फोर्टिस हॉस्पिटल में सर्वाधिक आयु में हुई मरीज के घुटने की सफल रिप्लेसमेंट सर्जरी

समृद्धि न्यूज



▸ गंभीर ऑस्टियोआर्थराइटिस से पीड़ित 97 वर्षीया महिला की घुटने की जटिल रिप्लेसमेंट सर्जरी की गई

**नई दिल्ली।** फोर्टिस हॉस्पिटल वसंत कुंज के चिकित्सकों ने 97 वर्षीया महिला के घुटने की सफलतापूर्वक टोटल रिप्लेसमेंट सर्जरी की, जिससे गंभीर ऑस्टियोआर्थराइटिस से पीड़ित होने के बावजूद वह बिना किसी सहारे के चलने-फिरने में सक्षम हुई हैं। फोर्टिस अस्पताल वसंत कुंज के ऑर्थोपेडिक, रिप्लेसमेंट और रिकंस्ट्रक्शन के डायरेक्टर डॉ. धनंजय गुप्ता के नेतृत्व में यह सर्जरी की गई, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की टीम ने सहयोग किया।

सफल सर्जरी के बाद रोगी की स्थिति में सुधार होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। यह वृद्ध आर्थोपेडिक देखभाल में एक कीर्तिमान है। वह अस्पताल में घुटनों की रिप्लेसमेंट सर्जरी कराने वाली सबसे अधिक उम्र की भारतीय हैं। मरीज रेशम देवी, जो पिछले 30 वर्षों से वृंदावन के एक आश्रम में स्वतंत्र रूप से रह रही थीं, पिछले साल गिर गईं थीं, जिसकी वजह से उनके बाएं कूल्हे में फ्रैक्चर और हड्डी खिसकने की समस्या हो गई थी। शुरू में उनकी कमजोर सेहत को देखते हुए उनका सामान्य उपचार किया गया, लेकिन कूल्हे में लचीलेपन की विकृति तथा दोनों घुटनों में एडवांस्ड ऑस्टियोआर्थराइटिस के कारण उन्हें चलने-फिरने में गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था। अस्पताल में भर्ती होने के समय श्रीमती देवी का चलना-फिरना काफी दुष्कर था और दोनों घुटनों तथा बाएं कूल्हे में गंभीर दर्द की शिकायत थी। छह महीने से ज्यादा समय तक उन्होंने व्यापक फिजियोथेरेपी कराई व सर्जरी से पहले की तैयारी की।

## राष्ट्रपति मुर्मु ने लिलोंग्वे में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को लिलोंग्वे में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का दौरा किया और प्रथम एवं द्वितीय विश्व युद्ध तथा अन्य सैन्य अभियानों के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों और नागरिकों को पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति ने उन भारतीय सैनिकों को भी श्रद्धांजलि दी, जिनके बलिदान को इस स्मारक में सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति ने मलावी के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. हेस्टिंग्स कामुजू बांडा के विश्राम स्थल – कामुजू समाधि पर भी पुष्पांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय की राष्ट्रपति मुर्मु 13 से 19 अक्टूबर तक तीन अफ्रीकी देशों अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की आधिकारिक यात्रा पर हैं। गुरुवार को वह अपनी राजकीय यात्रा के अंतिम चरण में लिलोंग्वे, मलावी पहुंची थीं। इससे पहले उन्होंने अल्जीरिया और मॉरिटानिया की यात्रा की। यह भारत की ओर से मलावी की पहली राजकीय यात्रा है।

## खबरें एक नजर में

### कंबोडिया के सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर करेंगे बौद्ध सर्किट की मार्केटिंग

**कुशीनगर, समृद्धि न्यूज।** कंबोडिया के सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर अपने देश की टूर ट्रैवल इंडस्ट्री में भारतीय बौद्ध सर्किट की मार्केटिंग करेंगे। ताकि कंबोडिया से अधिकाधिक संख्या में पर्यटक बौद्ध सर्किट की यात्रा पर आएं। इंफ्लुएंसर कंबोडियाई भाषा में अपने देश के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर बौद्ध स्थलों की वीडियो फुटेज, इमेज, रिकार्डिंग आदि अपलोड करेंगे। इस सिलसिले में कंबोडिया से आए 21 सदस्यीय इंफ्लुएंसर और टूर ट्रैवल ऑपरेटर शुक्रवार को कुशीनगर के बौद्ध स्थलों का दौरा किया। दल ने बुद्ध की 5वीं सदी की शयन मुद्रा वाली प्रतिमा स्थित महापरिनिर्वाण मंदिर , माथा कुंवर मंदिर, मुकुटबंधन चैत्य समेत बौद्ध पुरावशेष को देखा और शूटिंग की। दल ने प्रातः महापरिनिर्वाण बुद्ध मंदिर में तथागत की लेटी प्रतिमा पर चीवर चढ़ाकर पूजा किया। भंते अशोक ने पूजा संपन्न कराई और दल को बुद्ध प्रतिमा के विषय में सभी जानकारी मुहैया कराई।

### मंत्रिमंडल ने पहले प्रस्ताव में राज्य का दर्जा बहाल करने का किया आग्रह

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक के पहले प्रस्ताव में राज्य का दर्जा बहाल करने का आह्वान किया गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गुरुवार को पहली बैठक के दौरान जम्मू-कश्मीर कैबिनेट ने एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर के लिए राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया गया। जानकारी मिली है कि कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करने वाले मुख्यमंत्री दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री को प्रस्ताव का मसौदा सौपेंगे और उनसे चार अगस्त, 2019 से पहले की तरह राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह करेंगे। कैबिनेट की ओर से पारित प्रस्ताव पर सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। जम्मू-कश्मीर सरकार ने कल की कैबिनेट बैठक में किसी भी फैसले के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ भी खुलासा नहीं किया।

### भारत ने पापुआ न्यू गिनी को 12 हेमो-डायलिसिस मशीनें दीं

**नयी दिल्ली।** भारत ने प्रशांत महासागर के द्वीप समूह में स्थित पापुआ न्यू गिनी को पोर्टेबल आरओ इकाइयों के साथ 12 हेमो-डायलिसिस मशीनें प्रदान की हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर अपनी एक पोस्ट में लिखा है कि भारत प्रशांत द्वीपीय परिवार के साथ खड़ा है। तृतीय फिपिक शिखर सम्मेलन में की गई भारत की प्रतिबद्धता को पूरा करते हुए, पोर्टेबल आरओ इकाइयों के साथ 12 हेमो-डायलिसिस मशीनों की पहली खेप गुजरात के पिपावाव बंदरगाह से पापुआ न्यू गिनी की राजधानी पोर्ट मोरेस्बी के लिए रवाना हुई। श्री जायसवाल ने कहा कि भारत की यह सहायता पापुआ न्यू गिनी की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने में मदद करेगी।

### अरबों के सहकारी घोटाले में नेपाल के गृहमंत्री लामिछाने गिरफ्तार

**काठमांडू।** अरबों रुपये के सहकारी घोटाले में नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री रवि लामिछाने को गिरफ्तार कर लिया गया है। रवि की गिरफ्तारी की खबर के साथ ही पार्टी मुख्यालय पहुंचे सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं ने विरोध में जमकर नारेबाजी की है। पार्टी मुख्यालय से गिरफ्तार करके उन्हें पोखरा ले जाया जा रहा है, जहां रविवार को जिला अदालत में पेश किया जाएगा। सहकारी घोटाले में दोषी पाए जाने के बाद राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष तथा पूर्व गृहमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया गया था। केंद्रीय अनुसंधान विभाग (सीआईबी) ने शुक्रवार की शाम को काठमांडू स्थित पार्टी मुख्यालय से रवि लामिछाने को गिरफ्तार किया है। रवि की गिरफ्तारी की खबर पाकर पार्टी मुख्यालय पहुंचे समर्थकों ने विरोध में जमकर नारेबाजी की है। इसी के चलते पुलिस को लामिछाने को पार्टी मुख्यालय से बाहर ले जाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। रवि को गिरफ्तार करने के लिए सीआईबी के एसपी खुद पहुंचे थे। इसके बाद उन्हें सड़क मार्ग से ही पोखरा ले जाया जा रहा है।

### हिमाचल प्रदेश में रेसलिंग एकेडमी खोलेंगे द ग्रेट खली

**शिमला।** पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई रेसलर द ग्रेट खली ने कहा कि पैराग्लाइडिंग फेस्टिवल जैसी गतिविधियों से प्रदेश में पर्यटन की बढ़ावा मिलेगा। पर्यटक हिमाचल प्रदेश की और आकर्षित होंगे। खली ने राज्य में रेसलिंग एकेडमी खोलने का ऐलान किया। इससे स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिलेगा और सरकार को भी रेवेन्यू आएगा। शुक्रवार को पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई रेसलर द ग्रेट खली यहां शिमला के साथ इलाके जुन्गा में चल रहे फलाइंग फेस्टिवल में शामिल होने आए थे। फलाइंग फेस्टिवल पर ग्रेट खली ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों से प्रदेश में पर्यटन की बढ़ावा मिलेगा। पर्यटक हिमाचल प्रदेश की और आकर्षित होंगे।

# काठमांडू में संसद का विशेष अधिवेशन बुलाने को लेकर विपक्ष की सियासत

एजेंसी



**काठमांडू।** दशहरा के 15 दिनों के लंबे अवकाश के बाद काठमांडू में एक बार फिर से राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। प्रमुख प्रतिपक्षी दल के नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहाल ने शुक्रवार को प्रतिपक्षी गठबंधन की बैठक बुलाकर सरकार को घेरने की रणनीति बनाई। विपक्षी दलों के गठबंधन ने सरकार को ज्ञापन पत्र सौंपने और संसद का विशेष अधिवेशन बुलाने की मांग करने का फैसला किया है।

संसद भवन में विपक्षी दलों की संयुक्त बैठक में विपक्षी दलों की ओर से सरकार को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया और सुनवाई नहीं होने पर विशेष सत्र बुलाने का निर्णय लिए जाने की जानकारी बैठक में सहभागी एकीकृत समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष माधव कुमार नेपाल ने दी है। उन्होंने कहा है कि यदि सरकार बाढ़ पीड़ितों के राहत-पुनर्वास और लोगों की आजीविका के प्रति गंभीर नहीं हुई तो संसद का विशेष सत्र बुलाने का निर्णय लिया गया है।

इस बैठक में प्रचंड की तरफ से ताजा राजनीतिक स्थिति, सरकार की तीन महीने की कार्रवाई, प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान आदि के बारे में जानकारी दी गई। माओवादी के उप महासचिव शक्ति बस्नेत ने कहा कि बैठक में ओली सरकार के तीन महीने में ही विफल रहने का निष्कर्ष निकाला गया है। बैठक में प्रचण्ड ने आपदा के दौरान सरकार की तरफ से किए गए बचाव और राहत का काम भी पूरी तरह से असफल होने की बात कही है।

### रॉ अधिकारी ने रची थी खालिस्तानी अलगाववादी पन्नू की हत्या की साजिश

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश रचने के मामले में संघीय अभियोजकों ने न्यूयॉर्क की अदालत में एक भारतीय रॉ अधिकारी विकास यादव पर हत्या की साजिश रचने और मनी लांड्रिंग के आरोप लगाए हैं। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने कहा कि विकास यादव फरार है। उसके सह-षड्यंत्रकारी निखिल गुप्ता को पिछले साल प्राग में गिरफ्तार किया गया था और प्रत्यर्पण के बाद वह अमेरिकी जेल में बंद है। विकास यादव पहले रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) से जुड़े हुए थे। अमेरिका ने उन पर खालिस्तानी अलगाववादी पन्नू की हत्या की कोशिश का आरोप लगाया है। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने उन पर पैसे देकर हत्या की कोशिश और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया है। विकास यादव पर पन्नू की हत्या के लिए भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को हायर करने का आरोप है।

# सभी के लिए अवसर पैदा करने की चुनौती

एजेंसी



**मैक्सिको सिटी।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के लिए, चुनौतियाँ केवल विकास के आसपास ही नहीं हैं, बल्कि अंतर को पाटना और सभी के लिए अवसर पैदा करना भी है, और इसके लिए जिम्मेदार पूंजीवाद की जरूरत है।

श्रीमती सीतारमण ने आज ग्वाडलजारा के चैंबर ऑफ कॉमर्स में टेक लीडर्स राउंडटेबल की अध्यक्षता की, जिसमें भारत और मैक्सिको के बीच तकनीकी सहयोग को मजबूत करना पर चर्चा की गई। उन्होंने समान स्थिति वाली अर्थव्यवस्थाओं के लिए अवसर और जिम्मेदारियों के बारे में बात की और बताया कि कैसे भारत मैक्सिको एक दूसरे के साथ लाभ उठा सकते हैं और सहयोग कर सकते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि मैक्सिको निकटवर्ती क्षेत्र के माध्यम से फल-फूल रहा है, जिसके परिणामस्वरूप बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बीच सहयोग हुआ है और प्रतिभाओं के आदान-प्रदान के साथ-साथ जोखिम न्यूनीकरण के लिए संयुक्त प्रयास संभव हुए हैं। वित्त मंत्री ने 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में काम करते हुए भारत में हो रहे तेजी से बदलाव पर प्रकाश डाला।

भारत मैक्सिको के बीच विकास और सहयोग के नए क्षेत्रों का हवाला देते हुए श्रीमती सीतारमण ने उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के संबंध में की गई प्रमुख बजट घोषणा का उल्लेख किया और स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सेवा, कृषि और टिकाऊ शहरों में ए आई के क्षेत्रों में काम करने के लिए भारत में हाल ही में पहचाने गए और घोषित उत्कृष्टता केंद्र के बारे में जानकारी साझा की। वित्त मंत्री ने उल्लेख किया कि ये सभी ऐसे क्षेत्र हैं जो मैक्सिको के लिए भी प्रासंगिक हैं।

वित्त मंत्री ने कहा कि भारत मैक्सिको भी स्टार्टअप के साथ-साथ शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग के माध्यम से इन क्षेत्रों में एक साथ काम करने का पता लगा सकता है। इस गोलमेज सम्मेलन का आयोजन मैक्सिकन एसोसिएशन ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री और टीसीएस द्वारा मैक्सिको में भारतीय दूतावास और आर्थिक मामलों के विभाग के सहयोग से किया गया था। इस बीच श्रीमती सीतारमण ने यहां स्थित टीसीएस के कार्यालय का भ्रमण किया और टाटा संस के मानद अध्यक्ष रतन टाटा को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित किया।

### आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामला : सीबीआई की नजर में छह और डॉक्टर

**कोलकाता।** कोलकाता के राज्य संचालित आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितताओं के मामले में अब छह और डॉक्टर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच के दायरे में आ गए हैं। सूत्रों के अनुसार, इन छह डॉक्टरों के नाम सीबीआई की जांच में सामने आए हैं, जो पहले से गिरफ्तार किए गए आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और उनके करीबी हाउस स्टाफ आशीष डे के साथ जुड़े हुए हैं। संदीप घोष और आशिष पांडे को पहले ही सीबीआई द्वारा इस वित्तीय अनियमितता मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है और दोनों न्यायिक हिरासत में हैं। सूत्रों का कहना है कि सीबीआई अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल सरकार को इन छह डॉक्टरों के खिलाफ प्राप्त सबूतों की जानकारी देने की योजना बनाई है, ताकि राज्य सरकार निष्पक्ष जांच के लिए उन्हें उनके पदों से हटा सके। इससे पहले, सीबीआई ने इन छह डॉक्टरों में से कुछ को संदिग्ध के रूप में पूछताछ के लिए बुलाया था।

# डेटॉल ने तीन करोड़ बच्चों को हाथ धोने के महत्व के बारे में किया जागरूक

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** रेकिट के फ्लैगशिप अभियान, डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया ने ग्लोबल हैंडवाशिंग डे 2024 का जश्न मनाया और भारत में 3 करोड़ बच्चों को स्वस्थ भविष्य के लिए हाथ धोने के महत्व के बारे में जागरूक किया गया क्लीन हैंड्स फॉर ऑल सफाई के माध्यम से स्वास्थ्य समानता को बढ़ावा देना विषय पर आधारित, इस कार्यक्रम ने डेटॉल बीएसआई की उस प्रतिबद्धता को उजागर किया जो सभी पृष्ठभूमि के बच्चों को आवश्यक स्वच्छता जानकारी तक पहुंच सुनिश्चित करता है, ताकि कोई भी पीछे न छूटे।

इस अवसर पर बोलते हुए, रवि भटनागर, डायरेक्टर, एक्सटर्नल अफेयर्स और पार्टनशिप, रेकिट साउथ एशिया ने कहा रेकिट में, हम स्वच्छता शिक्षा की बाधाओं को तोड़ने और हर बच्चे के लिए एक स्वस्थ भविष्य तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी दीर्घकालिक स्वच्छता समानता के प्रति प्रतिबद्धता भारत सरकार की ओर से पिछले 10 साल से चल रहे स्वच्छ भारत अभियान के अनुरूप है, जो हर बच्चे को-चाहे वह कहीं भी हों-हाथ धोने की जीवन रक्षक आदत सीखने को सुनिश्चित करती है। हाल ही में हमने अपने अभियान के 11वें साल में प्रवेश किया है, हमारे अधिक व्यापक मिशन 'कोई भी पीछे न छूटे' का समर्थन करते हुए, हमारा स्वच्छता समानता पर ध्यान देना पहले से ज्यादा मजबूत हुआ है। अकेले 2023 में, इस अभियान ने 34 अरब से ज्यादा हैंड वाशिंग सत्र को सुलभ बनाया है, जो देशभर में अच्छी स्वच्छ आदतों को बढ़ावा देने के लिए हमारे समर्पण को और मजबूत बनाता है। इस अभियान ने अपने चल रही थीम 'वन वर्ल्ड हाईजीन' के तहत बच्चों को छह महत्वपूर्ण अवसरों पर हाथ धोने के बारे में शिक्षित किया है, जिसमें शौचालय का इस्तेमाल करने के बाद, खाना बनाने से पहले, और खासंने या छींकने के बाद शामिल हैं।

### महाराष्ट्र में सरकार ने लोगों के दस हजार करोड़ रुपए डकार लिए : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि महाराष्ट्र सरकार ने नियम बदल कर करदाताओं की जेब पर डाका डाला है और उनके 10 हजार करोड़ रुपए निकालकर उन कंपनियों को दे दिये, जिन्होंने चुनावी बांड के जरिए भाजपा को चंदा दिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इन कंपनियों ने चुनावी बांड्स के जरिए चंदे लेकर महाराष्ट्र सरकार को दिया और सरकार ने दूसरे हाथ से उन कंपनियों को मालामाल कर दिया। उनके लिए नियम बदले गये और नियमों में परिवर्तन कर उनको लाभ पहुंचाने का काम किया गया है। उन्होंने इसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लूट करार दिया और कहा कि यह ठीक वैसी ही कहानी जैसी हम बचपन से सुनते आए हैं कि जब भी कोई चोर बैंक में चोरी करने जाता है, तो वह सुरंग बनाता है और अक्सर ऐसी चोरी में चौकीदार की चोर से मिलीभगत होती है। महाराष्ट्र में ऐसा ही एक कांड हुआ है, जिसमें 10 हजार करोड़ की डकैती खुद महायुति सरकार ने कराई है।

# द. अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए शाकिब की जगह युवा स्पिनर हसन मुराद बांग्लादेश टीम में शामिल

एजेंसी



**ढाका।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए अनकैप्ड लेफ्ट आर्म स्पिनर हसन मुराद को 21 अक्टूबर से ढाका में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की जगह बांग्लादेश टीम में शामिल किया गया है। 23 वर्षीय मुराद ने 2021 में अपने डेब्यू के बाद से 30 प्रथम श्रेणी मैचों में 136 विकेट लिए हैं।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष गाजी अशरफ हुसैन ने कहा कि हमें बताया गया है कि शाकिब पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं हैं। वह अपने टेस्ट करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं लेकिन हमारे पास अभी भी उनकी जगह लेने वाला कोई ऐसा खिलाड़ी नहीं है, जो बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन कर सके।÷ उन्होंने आगे कहा कि हसन मुराद ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है।

वह हमारी गेंदबाजी को संतुलन प्रदान करेंगे, खासकर घरेलू परिस्थितियों में। हमारा मानना है कि उनमें इस स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता है। बांग्लादेश को घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के साथ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलनी है, जिसका पहला टेस्ट मैच 21 अक्टूबर से ढाका के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में खेला जाएगा।

पहले टेस्ट के लिए बांग्लादेश टीम~ नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), शादमान इस्लाम, महमुदुल हसन जॉय, जाकिर हसन, मोमिनुल हक शोराब, मुशफिकुर रहीम, लिटन दास (विकेटकीपर), जकर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, ताइजुल इस्लाम, नईम हसन, तस्कीन अहमद, हसन महमूद, नाहिद राणा, हसन मुराद।

### रचिन रविंद्र 2012 के बाद से भारत में टेस्ट शतक बनाने वाले न्यूजीलैंड के पहले बल्लेबाज बने



**बेंगलुरु।** रचिन रविंद्र भारतीय धरती पर टेस्ट शतक बनाने वाले 2012 के बाद से न्यूजीलैंड के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि शुक्रवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दौरान हासिल की।

हालांकि न्यूजीलैंड ने सुबह के सत्र में चार विकेट खो दिए, लेकिन रविंद्र, जिनका परिवार बेंगलुरु से है, ने 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से शानदार शतक बनाकर लय हासिल की। वह 13 चौके और चार छक्के की बदौलत 134 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने टिम साउथी (65) का अच्छा साथ मिला, जिसकी बदौलत न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 402 रन बनाए और पहली पारी के आधार पर 356 रनों की बढ़त हासिल की। रवींद्र, जिन्होंने 2021 में कानपुर में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था, ने टिम साउथी के साथ आठवें विकेट के लिए 137 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। 21 वर्षीय रविंद्र का यह शतक टेस्ट क्रिकेट में उनका दूसरा शतक था, उन्होंने इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला शतक बनाया था। उनका यह शतक 2012 में इसी मैदान पर रॉस टेलर के टेस्ट शतक के बाद भारत में किसी कीवी बल्लेबाज द्वारा बनाया गया पहला शतक था। इस पारी के साथ, रविंद्र भारत में टेस्ट शतक बनाने वाले 21वें न्यूजीलैंड खिलाड़ी बन गए।